चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 2 अप्रैल 2024
वर्ष -2, अंक -221, पृष्ठ -14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



इमरान और पत्नी बुशरा की सजा निलंबित 14

अफवाहों से तंग परिणीति ने पहने टाइट कपड़े 2

## मुख्तार की मौत के 3 घंटे बाद बांदा जेल अधीक्षक को जान से मारने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, बांदा।

- फोन करने वाले ने कहा- अब तुझे ठोंकना है, बच सके तो बच
- धमकी देने वाले ने इस्तेमाल किया लैंडलाइन फोन, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के तीन घंटे बाद बांदा जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक को उनके सीयूजी नंबर पर जान से मारने की धमकी दी गई।

धमकी देने वाले ने लैंडलाइन फोन से कॉल की थी। करीब 14 सेकेंड की बातचीत में धमकाने वाले शख्स ने कहा कि अब तुझे ठोंकना है, बच सके तो बच। जेल अधीक्षक की तहरीर पर शहर कोतवाली में फोन नंबर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

28 मार्च की रात 10.30 बजे मुख्तार अंसारी की बांदा मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसके कुछ घंटों बाद रात 1.37 बजे बांदा जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा के सीयूजी नंबर पर लैंडलाइन फोन से किसी अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने अभद्र शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा ने तुरंत पुलिस प्रशासन के आलाधिकारियों को इससे अवगत कराया। इसके बाद शहर कोतवाली में अधीक्षक की ओर से तहरीर दी गई।

इस संबंध में अपर एसपी लक्ष्मी निवास मिश्र ने बताया कि धमकी दिए जाने वाले फोन नंबर की जांच कराई जा रही है। अभी नंबर ट्रेस नहीं हो सका है। वहीं कोतवाली प्रभारी अनूप दुबे का कहना है कि जेल अधीक्षक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सर्विलांस और साइबर सेल की मदद से जांच हो रही है।

## सेंसेक्स ने लगाई छलांग पहुंचा 74000 के पार



**मुंबई।** अमेरिकी फेड रिजर्व के जून में ब्याज दरों में कटौती शुरू करने की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर रियल्टी, धातु, दूरसंचार, कमोडिटीज और यूटिलिटीज समेत अठारह समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत आज सेंसेक्स लगातार तीसरे दिन चढ़ता हुआ 74 हजार अंक के पार पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 363 .20 अंक की छलांग लगाकर तीन सप्ताह बाद 74 हजार के पार 74,014 .55 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ़्टी 135 .10 अंक की तेज़ी के साथ 22,462 .00 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली की रफ़्तार अधिक तेज रही, जिससे मिडकैप 1 .64 प्रतिशत उछलकर 39,968 .43 और स्मॉलकैप 2 .98 प्रतिशत मजबूत होकर 44,454 .63 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4058 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3235 में लिवाली जबकि 665 में बिकवाली हुई वहीं 158 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ़्टी की 31 कंपनियों में तेजी जबकि 18 में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

## मार्च में जीएसटी संग्रह 1.78 लाख करोड़ रुपये




**नयी दिल्ली।** वित्त वर्ष 2023-24 के मार्च महीने में जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 11 .5 प्रतिशत बढ़कर 1 .78 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि घरेलू लेनदेन बढ़ने से मार्च में जीएसटी संग्रह बढ़ा है। यह अबतक का दूसरा उच्चतम मासिक जीएसटी संग्रह है। अबतक का सर्वाधिक जीएसटी संग्रह अप्रैल, 2023 में 1 .87 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया था। मार्च में संग्रह बढ़ने के साथ समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कुल जीएसटी संग्रह 20 .14 लाख करोड़ रुपये हो गया जो वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 11 .7 प्रतिशत अधिक है। इस वित्त वर्ष में औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1 .68 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले 1 .5 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा, ''मार्च, 2024 के लिए सकल जीएसटी राजस्व में सालाना आधार पर 11 .5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1 .78 लाख करोड़ रुपये का दूसरा सबसे बड़ा संग्रह देखा गया। घरेलू लेनदेन में 17 .6 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने से कर संग्रह में यह उछाल दर्ज किया गया।'' मार्च महीने में रिफंड के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व 1 .65 लाख करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 18 .4 प्रतिशत अधिक है।

## 1,070 रुपये चढ़कर सोना 68,420 के रिकॉर्ड स्तर पर




**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने की कीमतों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 1,070 रुपये के उछाल के साथ 68,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 67,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,120 रुपये की तेजी के साथ 78,570 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार के अनुसार अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती के करीब पहुंच रहा है जिससे सर्राफा कीमतों में बढ़ोतरी को रफ्तार मिल रही है। इसके अतिरिक्त चीन की मजबूत मांग भी सोने की कीमतों में वृद्धि का कारण बन रही है। इस बीच, एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोने के जून अनुबंध का भाव 978 रुपये चढ़कर 68,679 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। चांदी के मई अनुबंध का भाव 763 रुपये की तेजी के साथ 75,811 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। विदेशी बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोने की कीमतें 2,265 .73 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस तक चढ़ गईं और अंतिम बार इसका भाव 2,257 .10 डॉलर प्रति औंस बोला गया।

### एक नजर

### नई टोल दरें लोकसभा चुनाव के बाद होंगी प्रभावी

**नई दिल्ली।** भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने एनएचएआई ने कहा है कि वह राजमार्गों पर नई टोल दरों को लोकसभा चुनाव के बाद लागू करे। आमतौर पर देश के ज्यादातर टोल राजमार्गों पर दरों को एक अप्रैल से बढ़ाया जाता है, लेकिन चुनाव आयोग ने कहा कि नई दरें लोकसभा चुनाव के बाद ही लागू होनी चाहिए। दस्तावेजों के मुताबिक, ईसीआई ने एनएचएआई से टोल शुल्क वृद्धि को टालने के लिए कहा है। ईसीआई ने इस संबंध में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री के पत्र के जवाब में यह बात कही।

### आयकर व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं : वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में लोगों के लिए नई आयकर व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं है। करदाता आईटीआर दाखिल करते समय इस व्यवस्था से बाहर निकलने का विकल्प चुन सकते हैं। मंत्रालय ने स्पष्टीकरण सोशल मीडिया पर जारी उन सूचनाओं के बाद दिया, जिसमें एक अप्रैल से प्रभावी नई कर व्यवस्था में बदलावों का दावा किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि एक अप्रैल 2024 से कोई नया बदलाव नहीं किया गया है। एक अप्रैल 2023 से शुरू हुए वित्त वर्ष में लोगों के लिए संशोधित नई आयकर व्यवस्था लागू की गई थी, जिसके तहत कर दरें काफी कम हैं।

### बंबई हाईकोर्ट ने नोटा विकल्प संबंधी जनहित याचिका खारिज की

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट की औरंगाबाद पीठ ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग और महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग ने ईवीएम पर 'उपरोक्त में से कोई नहीं' (नोटा) विकल्प के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए पर्याप्त कदम उठाए हैं। न्यायमूर्ति रवींद्र घुगे और न्यायमूर्ति आरएम जोशी की खंडपीठ ने 22 मार्च को एक जनहित याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। याचिका में नोटा विकल्प के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का आग्रह किया गया था। फैसले की प्रति सोमवार को उपलब्ध कराई गई। छात्र सुहास वानखेड़े की याचिका में कहा गया कि आयोग को नोटा के लिए 'ब्रांड एंबेसडर' नियुक्त करना चाहिए।

# केजरीवाल को तिहाड़ भेजा

## आबकारी नीति से जुड़ा मामला, कोर्ट ने 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत के आदेश दिए

नई दिल्ली, एजेंसी

- तिहाड़ में जेल नंबर दो में रहेंगे दिल्ली के मुख्यमंत्री



आबकारी नीति से जुड़े मामले में विशेष अदालत में पहुंचे अरविंद केजरीवाल।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में अदालत ने सोमवार को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। ईडी की हिरासत अवधि पूरी होने के बाद केजरीवाल को विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की कोर्ट में पेश किया गया था। ईडी ने अदालत से केजरीवाल को 15 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेजने की मांग करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने पूछताछ के दौरान सहयोग नहीं किया। न्यायाधीश ने उन्हें 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया, जिसके बाद केजरीवाल को तिहाड़ जेल लाया गया। जेल अधिकारियों के अनुसार उन्हें जेल नंबर 2 में रखा जाएगा।

अदालत में जाने से पहले केजरीवाल ने पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री जो भी कर रहे हैं, वह देश के लिए अच्छा नहीं है। अदालत में केजरीवाल की पत्नी सुनीता के अलावा दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज मौजूद थे। एजेंसी ने मामले में 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था।

ईडी ने अदालत में दावा किया कि केजरीवाल ने मामलों से संबंधित मुद्दों पर बयान को लेकर अपनी पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष को भ्रमित बताया। ईडी ने आरोप लगाया कि पूछताछ के दौरान केजरीवाल ने कहा कि आप के संचार प्रभारी विजय नायर उन्हें नहीं, बल्कि उनके कैबिनेट सहयोगियों आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करते थे। नायर के साथ उनकी बातचीत सीमित थी। इस मामले में नायर को ईडी ने गिरफ्तार किया था।

### हिरासत में आदेश का मामला: अदालत ने ब्योरा मांगा

दिल्ली हाईकोर्ट ने ईडी से कहा है कि वह धनशोधन मामले में हिरासत में रहने के दौरान मुख्यमंत्री केजरीवाल द्वारा आदेश पारित करने के मुद्दे पर विशेष न्यायाधीश को ब्योरा सौंपे। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनप्रीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि धनशोधन मामले को देख रहे विशेष न्यायाधीश को निर्देश दिया जाता है कि अगर जरूरी है तो मामले पर कानून के तहत आदेश जारी करें। अदालत ने हालांकि स्पष्ट किया कि उसने याचिकाकर्ता के अधिकार क्षेत्र पर कोई टिप्पणी नहीं की है। अदालत ने उस जनहित याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें केजरीवाल को ईडी की हिरासत में रहते हुए मुख्यमंत्री के तौर पर आदेश जारी करने से रोकने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में कहा गया था कि यह (हिरासत में रहते हुए आदेश जारी करना) कानूनी कार्यढांचे के खिलाफ है।

ईडी ने न्यायिक हिरासत के अनुरोध वाली याचिका में कहा कि 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद हिरासत में पूछताछ के दौरान केजरीवाल सवालों के गोलमोल जवाब देते रहे और जानकारी छिपाई। आप के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एनडी गुप्ता ने बयान में खुलासा किया है कि अरविंद केजरीवाल ही राज्य चुनाव प्रभारी की नियुक्ति करते हैं। ईडी ने कहा कि केजरीवाल से पूछा कि विजय नायर कैबिनेट मंत्री (कैलाश गहलोत) के बंगले में क्यों रह रहा था और मुख्यमंत्री के शिविर कार्यालय में काम क्यों करता था, तो उन्होंने कार्यालय में काम करने वाले व्यक्तियों के बारे में अनभिज्ञता का दावा किया। केजरीवाल को शराब कारोबारियों के साथ नायर की 10 से अधिक बैठकों के सबूत दिखाए। ईडी ने कहा कि केजरीवाल को गोवा के लिए 45 करोड़ रुपये के हवाला हस्तांतरण के सबूत दिखाए गए। एजेंसी का आरोप है कि यह राशि गोवा में प्रचार अभियान के लिए थी। केजरीवाल को रिहा न किया जाए क्योंकि वह प्रभावशाली हैं, गवाहों को प्रभावित और सबूतों से छेड़छाड़ करेंगे।

### एएसआई के सर्वेक्षण नतीजे पर अनुमति के बिना कार्रवाई न हो : कोर्ट

## भोजशाला परिसर के वैज्ञानिक सर्वे पर कोर्ट का रोक से इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी



- हिंदू और मुस्लिम 11वीं सदी के परिसर पर जता रहे हैं अपना-अपना दावा
- 2003 में समझौते पर हिंदू मंगलवार को पूजा तो मुस्लिम शुक्रवार को पढ़ते हैं नमाज

उच्चतम न्यायालय ने मध्य प्रदेश के धार जिले में मध्ययुगीन संरचना भोजशाला परिसर के 'वैज्ञानिक सर्वेक्षण' पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया लेकिन कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के सर्वेक्षण के नतीजे के आधार पर उसकी अनुमति के बिना कोई कार्रवाई न की जाए।

हिंदू और मुस्लिम दोनों एएसआई की ओर से संरक्षित 11वीं सदी के भोजशाला परिसर पर अपना-अपना दावा जता रहे हैं। हिंदू भोजशाला को वाग्देवी को समर्पित एक मंदिर मानते हैं जबकि मुस्लिम उसे कमाल मौला मस्जिद बताते हैं। एएसआई की ओर से सात अप्रैल 2003 को किए एक समझौते के तहत हिंदू मंगलवार को भोजशाला परिसर में पूजा-अर्चना करते हैं जबकि मुस्लिम शुक्रवार को इसमें नमाज पढ़ते हैं। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी के मिश्रा की पीठ ने वैज्ञानिक सर्वेक्षण पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के 11 मार्च के आदेश को चुनौती देने वाली 'मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसायटी' की याचिका पर केंद्र, मध्य प्रदेश सरकार, एएसआई और अन्य को नोटिस जारी किए। पीठ ने कहा कि चार सप्ताह में नोटिस का जवाब दें। तब तक सर्वेक्षण के नतीजे पर इस अदालत की अनुमति के बगैर कोई कार्रवाई न की जाए। साथ ही पीट ने कहा कि यह स्पष्ट किया जाता है कि ऐसी कोई खुदाई न की जाए, जिससे कि परिसर का चरित्र ही बदल जाए।

### ज्ञानवापी मामला : हिंदू पक्ष के पूजा करने पर रोक नहीं



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदू पक्ष के पूजा करने पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और मसाजिद इंतजामिया कमेटी की याचिका पर काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। शीर्ष अदालत ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी परिसर में नमाज अदा करने को लेकर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। न्यायालय ज्ञानवापी पर इंतजामिया कमेटी की नई याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा की अनुमति देने संबंधी अधीनस्थ अदालत के फैसले को बरकरार रखा था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने पुजारी शैलेंद्र पाठक व्यास से भी कमेटी की याचिका पर 30 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है।

## शताब्दी एक्सप्रेस में महिला अधिकारी से लूटपाट

नई दिल्ली, एजेंसी

- नई दिल्ली के शिवाजी ब्रिज रेलवे स्टेशन से 100 मीटर दूर महिला सहायक अभियोजन अधिकारी के साथ हुई घटना

राष्ट्रीय राजधानी की यात्रा के दौरान उत्तर प्रदेश की एक सहायक अभियोजन अधिकारी पर शताब्दी एक्सप्रेस में कथित तौर पर हमला किया गया और उनसे लूटपाट की गई। मामले में प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है। अधिकारियों ने सोमवार को घटना की जानकारी दी।

प्राथमिकी के मुताबिक, यह घटना 28 मार्च को रात करीब 10 बजे हुई, जब लखनऊ जंक्शन स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस नई दिल्ली के शिवाजी ब्रिज रेलवे स्टेशन से महज 50 से 100 मीटर की दूरी पर थी। स्वाति मौर्य ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में बताया कि मैं ट्रेन के सी-4 डिब्बे में दो नंबर सीट बैठी हुई थी, तभी एक व्यक्ति वहां आया और उसने मेरा बैग छीनने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि जब मैंने उसे ऐसा करने से रोका तो उसने मुझपर हमला कर दिया, जिससे मेरे बांय हाथ पर चोट आई। उसने मेरा बैग छीन लिया और वह चलती ट्रेन से कूद गया। मैं उस व्यक्ति को पहचान सकती हूं। प्राथमिकी के अनुसार, मौर्य ने 15,000 रुपये, विभिन्न आईडी कार्ड - पैन, आधार, ड्राइविंग लाइसेंस और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी अभियोजक पहचान पत्र और दो एटीएम कार्ड, एक मोबाइल फोन, हीरे की चार अंगूठी, सोने के दो कंगन और कलाई घड़ी भी गवां दी।

## नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने की आत्महत्या

संवाददाता, एटा



- छुट्टियों में कोटा से आई थी घर, पढ़ाई को लेकर थी चिंतित

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने पढ़ाई के दबाव में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वह कोटा में तैयारी कर रही थी और होली की छुट्टियों में वह घर आई थी।

शहर क्षेत्र के सिविल लाइंस कालोनी की रहने वाले अनिल यादव की कंप्यूटर की दुकान है। उनकी पुत्री खुशी (19) राजस्थान के कोटा में पिछले साल से नीट की तैयारी कर रही थी। होली की छुट्टियों में वह घर आई थी और ऑनलाइन ही पढ़ाई कर रही थी। पिता ने बताया कि पढ़ाई को लेकर वह बहुत चिंता में थी और 14-15 घंटे पढ़ाई करती रहती थी। उसे घर वाले किसी भी तरह तनाव न लेने की सलाह देते थे। सोमवार सुबह छह बजे खुशी का शव चौथी मंजिल पर कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजनों ने दरवाजा तोड़ने के बाद जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके का निरीक्षण करने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## राज्य कर्मियों को नहीं करना पड़ेगा मार्च के वेतन का इंतजार

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- वित्तीय वर्ष 2024 –25 के आहरण वितरण का आदेश पारित, अप्रैल में ही मिलेगा वेतन

**अमृत विचार :** राज्य कर्मियों को मार्च माह के वेतन के लिए इस बार इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसके लिए राज्य सरकार ने सभी विभागाध्यक्षों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि शासन की वेबसाइट पर उपलब्ध वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय अनुदान की स्वीकृति पर वेतन जारी किया जाए।

विशेष सचिव आलोक दीक्षित द्वारा शनिवार को जारी पत्र में अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय अनुदान की मांगों को विधान मंडल द्वारा पारित किया जा चुका है और 4 मार्च 2024 को ही शासनादेश की वेबसाइट पर उपलब्ध भी है। वेबसाइट पर आगामी वित्तीय वर्ष की स्वीकृतियां जारी करने के निर्देश भी हैं। उक्त आधार पर सभी विभाग, कर्मचारियों का वेतन निर्गत करना सुनिश्चित करें। राज्य सरकार के उक्त पत्र के बाद, राज्य कर्मचारियों के साथ बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूल, सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालयों, चिकित्सा आयुर्विज्ञान संस्थानों व चिकित्सा विश्वविद्यालयों में सेवारत कर्मचारियों के मार्च का वेतन समय पर मिलने का रास्ता साफ हो गया है। मार्च का वेतन अप्रैल में नए वित्तीय वर्ष के बजट से दिया जाता है, सरकार से स्वीकृति में देर से कर्मचारियों को वेतन के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था।

## तालाब में नहा रहे तीन बच्चों की डूबने से मौत

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ली घटना की जानकारी

**अमृत विचार :** थाना बिवांर के कुनेहटा गांव में सोमवार दोपहर तालाब में नहा रहे तीन बच्चे तैरते हुए गहरे पानी में चले गए जहां डूबने से उनकी मौत हो गई। बच्चों को ग्रामीण सीएचसी ले गए जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।

बिवांर थानाक्षेत्र के कुनेहटा गांव निवासी मोहित (12) पुत्र नन्हू वर्मा, विक्की श्रीवास(12) पुत्र भगवानदीन और दीपांशु वर्मा (10) पुत्र मुन्ना वर्मा सोमवार दोपहर गांव के बाहर तालाब में नहाने गए थे। वे गहरे पानी में चले गए। तीनों कीचड़ में धंस गए। इससे उनकी मौत हो गई। मोहित का शव पानी में उतराने लगा, जिसे लोग तालाब से निकाल कर सरकारी अस्पताल पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। काफी समय बाद जब परिजनों ने दो अन्य बच्चों की तलाश की तो उनका कहीं सुराग नहीं लगा। ग्रामीणों ने तालाब में बच्चों की तलाश की तो दोनों के शव मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोहित के परिजन पोस्टमार्टम को नहीं हुए जो एसडीएम राजेश चंद्र के समझाने पर मान गए।

## 'एक वाहन, एक फास्टैग' मानदंड देशभर में लागू

**नई दिल्ली।** एनएचएआई का 'एक वाहन, एक फास्टैग' मानदंड सोमवार से लागू हो गया है। इसका उद्देश्य वाहनों के लिए एक फास्टैग के इस्तेमाल या एक वाहन से कई फास्टैग संबद्ध करने को हतोत्साहित करना है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अब एक वाहन पर एक से अधिक फास्टैग नहीं लगाए जा सकेंगे। जिनके पास एक वाहन के लिए कई फास्टैग हैं, वे एक अप्रैल से उनका उपयोग नहीं कर पाएंगे। एनएचएआई ने पेटीएम फास्टैग का इस्तेमाल करने वाले वाहन मालिकों की समस्याओं को देखते हुए 'एक वाहन, एक फास्टैग' पहल के अनुपालन की समयसीमा 31 मार्च तक बढ़ाई थी।

### सतर्कता | मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए व्यवस्था में बदलाव की तैयारी

# बिना गवाह अब नहीं मिल सकेगा विवाह योजना का लाभ

राजीव शुक्ला, लखनऊ



- आस-पड़ोस वालों से पुष्टि होगी कि आवेदनकर्ता का विवाह हुआ है या नहीं

> मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आवेदनकर्ताओं की जांच कराई जाएगी। आस-पड़ोस की गवाही के बाद अगर पुष्टि हो जाती है कि आवेदनकर्ता का विवाह नहीं हुआ है तभी योजना का लाभ दिया जाएगा। गृहस्थी के 10 हजार रुपये खाते में भेजने के प्रस्ताव को शासन से स्वीकृति मिलने के बाद लागू किया जाएगा। –**कुमार प्रशांत**, निदेशक समाज कल्याण

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अब गोलमाल नहीं हो सकेगा। पड़ोसियों की गवाही के बाद ही आवेदन स्वीकार होगा। गवाही इस बात की होगी कि आवेदनकर्ता का कोई विवाह तो नहीं हुआ है। योजना के तहत गृहस्थी के लिए दिए जाने वाले 10 हजार रुपये भी अब सीधे खाते में भेजने की योजना है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कई जिलों में गड़बड़ी सामने आई थी। शिकायतें के बाद तय हुआ है कि वर और वधू पक्ष के पास पड़ोस के पांच-पांच लोगों से गवाही कराई जाएगी। जो ये प्रमाणित करेंगे कि वर या वधू का विवाह हुआ है या नहीं। गवाहों का नाम, पता और मोबाइल नंबर भी दर्ज होगा। गवाही के बाद ही आवेदन पर आगे की प्रक्रिया होगी।

बता दें कि एक जोड़े के विवाह पर 51 हजार खर्च होते हैं। इसमें 35 हजार रुपये वधू के खाते में जमा होते हैं जबकि 10 हजार रुपये में गृहस्थी का सामान दिया जाता है। 6 हजार रुपये आयोजन मद में खर्च होते हैं। अब गृहस्थी के सामान की जगह 10 हजार रुपये वधू के खाते में भेजने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। आचार संहिता लागू होने से इस पर अभी निर्णय नहीं हो सका है।

प्रदेशभर में 2023-24 में एक लाख चौदह हजार जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य था। साथ ही 500 करोड़ से अधिक के बजट का प्रावधान था। पिछले वर्ष एक लाख पांच हजार से अधिक जोड़ों का विवाह हुआ। साथ ही सभी का भुगतान भी कर दिया गया।

### झांसी, बलिया, महाराजगंज में मिली थीं गड़बड़ियां

पिछले वित्तीय वर्ष में झांसी, बलिया और महाराजगंज में गड़बड़ियां मिली थीं। बुंदेलखंड महाविद्यालय में समारोह में 96 जोड़े शामिल हुए थे। इसमें एक दुल्हन ने खुद मांग भर ली। कई जोड़ों ने सात फेरे नहीं लिए। झांसी के पॉलीटेक्निक कॉलेज में दूल्हे के न आने पर दुल्हन की शादी जीजा से कराई गई थी। बलिया के मनियर ब्लॉक के सुल्तानपुर, ककरघट्टा खास व मानिकपुर में आठ अपात्रों को योजना का लाभ लेने के मामले में पकड़ा गया। इसमें एक अधिकारी निलंबित हुआ था। नौ पर प्राथमिकी दर्ज हुई थी। महाराजगंज के लक्ष्मीपुर ब्लॉक में दूल्हे के स्थान पर भाई ने बहन से शादी कर ली। इस पर प्रशासन ने सारा सामान वापस कराया।

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.047 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.976 |
| राजस्थान रॉयल्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +0.800 |
| गुजरात टाइटंस | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | -0.738 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | +0.204 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.016 |
| पंजाब किंग्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.337 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.711 |
| मुंबई इंडियंस | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.925 |



विकेट लेने के बाद बातचीत करते राजस्थान रॉयल्स के खिलाड़ी।




विकेट लेने के बाद कुछ इस तरह जश्न मनाते ट्रेंट बोल्ट।

# चहल-बोल्ट ने मुंबई को 125 के स्कोर पर रोका

## दोनों गेंदबाजों ने तीन-तीन विकेट चटकाए, मुंबई इंडियंस की ओर से केवल तिलक और हार्दिक का चला बल्ला

मुंबई, एजेंसी

- राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने भी 32 रन देकर दो विकेट हासिल किए

लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की उम्दा गेंदबाजी से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स को नौ विकेट पर 125 रन के स्कोर पर रोक दिया। चहल ने 11 जबकि बोल्ट ने 22 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए। तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर ने भी 32 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

कप्तान हार्दिक पंड्या (34) और तिलक वर्मा (32) को छोड़कर मुंबई का कोई बल्लेबाज क्रीज पर पर्याप्त समय नहीं बिता पाया। इन दोनों के अलावा टिम डेविड (17) और सलामी बल्लेबाज इशान किशन (16) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। रॉयल्स के गेंदबाजों के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगता है कि मुंबई के आउट होने वाले शुरुआती तीन बल्लेबाज पहली गेंद पर पवेलियन लौटे जबकि अंतिम चार ओवर में टीम 14 रन ही बना सकी। रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर मुंबई को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया और उनके गेंदबाजों विशेषकर तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने इस फैसले को सही साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बोल्ट ने पहले ओवर की अंतिम दो गेंद पर रोहित शर्मा (00) और नमन धीर (00) को पवेलियन भेजा। रोहित ने विकेटकीपर सैमसन को कैच थमाया जबकि नमन अंदर आती गेंद पर पगबाधा हुए। सलामी बल्लेबाज इशान किशन (16) ने नांद्रे बर्गर का स्वागत छक्के और चौके के साथ किया। मुंबई को पहले ओवर के बाद ही नमन की जगह डेवाल्ड ब्रेविस (00) को इंपेक्ट प्लेयर के रूप में उतारना पड़ा लेकिन वह बोल्ट की पहली ही गेंद पर बर्गर को कैच दे बैठे। इशान ने बर्गर पर चौका जड़ा लेकिन इस तेज गेंदबाज की अगली गेंद पर विकेटकीपर को कैच दे बैठे जिससे स्कोर चार विकेट पर 20 रन हो गया। तिलक वर्मा ने आते ही बोल्ट पर छक्का जड़ा लेकिन एक बार फिर दर्शकों की हूटिंग का सामना करने वाले कप्तान हार्दिक पंड्या ने बर्गर पर तीन चौके मारे। पंड्या को वार्म और टॉस के दौरान भी हूटिंग का सामना करना पड़ा था। मुंबई ने पावर प्ले में चार विकेट पर 46 रन बनाए।

वर्मा ने आवेश खान पर अपना दूसरा छक्का मारा जबकि पंड्या ने इस तेज गेंदबाज के अलावा ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन पर चौके मारे। हार्दिक हालांकि चहल पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लांग ऑन पर कैच थमा बैठे। उन्होंने 21 गेंद में छह चौकों की मदद से 34 रन बनाए। आवेश ने पीयूष चावला (03) को आउट किया जबकि वर्मा भी चहल की गेंद पर अश्विन को कैच दे बैठे जिससे मुंबई का स्कोर सात विकेट पर 95 रन हो गया। मुंबई के रनों का शतक 15वें ओवर में पूरा हुआ। गेराल्ड कोएट्जी (04) भी चहल की गेंद पर शिमरोन हेटमायर को कैच दे बैठे जबकि टिम डेविड बर्गर पर दूसरा शिकार बने।

**मुंबई इंडियन्स :**

| | |
|---|---|
| इशान किशन का सैमसन बो बर्गर | 16 |
| रोहित शर्मा का सैमसन बो बोल्ट | 00 |
| नमन धीर पगबधा बो बोल्ट | 00 |
| डेवाल्ड ब्रेविस का बर्गर बो बोल्ट | 00 |
| तिलक वर्मा का अश्विन बो चहल | 32 |
| हार्दिक पंड्या का स्थानापन्न बो चहल | 34 |
| पीयूष चावला का हेटमायर बो आवेश | 03 |
| टिम डेविड का बोल्ट बो बर्गर | 17 |
| कोएट्जी को हेटमायर बो चहल | 04 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 08 |
| आकाश मधवाल | 04 |

**अतिरिक्त :** 07

**कुल :** 20 ओवर में नौ विकेट पर 125 रन

**विकेट पतन :** 1-1, 2-1, 3-14, 4-20, 5-76, 6-83, 7-95, 8-111, 9-114

**गेंदबाजी:**

| | |
|---|---|
| बोल्ट | 4-0-22-3 |
| बर्गर | 4-0-32-2 |
| आवेश | 4-0-30-1 |
| चहल | 4-0-11-3 |
| अश्विन | 4-0-27-0 |

## वानखेड़े में 'रोहित...रोहित' के नारे, पंड्या की फिर से हूटिंग हुई

**मुंबई, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में सोमवार को यहां जब हार्दिक पंड्या टॉस के लिए उतरे तो प्रशंसकों ने मुंबई इंडियंस के कप्तान की जमकर हूटिंग की और वानखेड़े स्टेडियम पर 'रोहित...रोहित' के नारे गूंजते रहे। पंड्या ने हालांकि 21 गेंद में जब छह चौकों की मदद से 34 रन की पारी खेली तो दर्शकों ने उनकी हौसलाअफजाई की। उन्होंने टीम का स्कोर चार विकेट पर 20 रन से पांच विकेट पर 76 रन तक पहुंचाया। शाम को हूटिंग का सामना करने वाले पंड्या ने जब अपना पहला चौका जड़ा तो दर्शकों ने उनका हौसला बढ़ाया। टूर्नामेंट से पहले 29 वर्षीय पंड्या को रोहित की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाया गया। हैदराबाद और अहमदाबाद में टीम के पिछले दो मैचों में भी पंड्या की हूटिंग हुई थी। टॉस से पहले जब पंड्या वार्म अप के लिए मैदान का चक्कर लगा रहे थे तो दर्शकों के एक वर्ग ने उनकी हूटिंग की। जब टॉस के समय उनके नाम की घोषणा की गई तो भी इस तेजतर्रार ऑलराउंडर की फिर से हूटिंग की गई जिसके जवाब में पंड्या केवल मुस्कुराए क्योंकि मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित के समर्थन में जोर-जोर नारे लग रहे थे। टॉस हारने के बाद जब पंड्या ने बोलना शुरू किया तो भी हूटिंग जारी रही जिसके बाद प्रस्तोता संजय मांजरेकर को दर्शकों सही बर्ताव करने के लिए कहना पड़ा। उसी समय रोहित अपनी ट्रेनिंग किट में अपने पूर्व साथी हरभजन सिंह से मिल रहे थे जो मैच से पहले शो करने वाले कमेंटेटरों में से एक के रूप में मैदान पर थे। इसके बाद जब पंड्या चौथे ओवर में टीम के 20 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद मैदान पर उतरे तो उन्हें फिर हूटिंग शिकार होना पड़ा, खासकर सचिन तेंदुलकर स्टैंड से।

## खेल डायरी

### मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल का मैच ड्रॉ

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल का मैच गोल रहित ड्रा छूटने से लिवरपूल इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में खिताब की दौड़ में सबसे आगे हो गया है। लिवरपूल ने एक अन्य मैच में शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके ब्राइटन को 2-1 से हराया। इससे उसके 29 मैच में 67 अंक हो गए हैं तथा वह दूसरे नंबर पर काबिज आर्सेनल से दो अंक और तीसरे नंबर की टीम मैनचेस्टर सिटी से तीन अंक आगे है। अभी इन तीनों टीम के बीच चैंपियन बनने के लिए मुकाबला जारी रहेगा लेकिन मोहम्मद सलाह के दूसरे हाफ में किए गए गोल की बदौलत लिवरपूल बेहतर स्थिति में पहुंच गया है।

### ऋषभ पंत पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली ने रविवार को खेले गए इस मैच में मौजूदा चैंपियन चेन्नई को 20 रन से हराया था। आईपीएल ने बयान में कहा, ''दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। बयान के अनुसार, आईपीएल आचार संहिता के तहत टीम का यह धीमी ओवर गति से जुड़ा सत्र का पहला अपराध है इसलिए पंत पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

### चानू ने पेरिस ओलंपिक में जगह सुनिश्चित की

**फुकेट (थाईलैंड)।** तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में महिलाओं के 49 किग्रा भार वर्ग के ग्रुप बी में तीसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह सुनिश्चित की। चोटिल होने के कारण छह महीने बाद वापसी करने वाली मीराबाई ने कुल 184 किग्रा (81 किग्रा और 103 किग्रा) भार उठाया। यह पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम और अनिवार्य क्वालीफायर टूर्नामेंट है। अपनी स्पर्धा पूरी होने के साथ ही मीराबाई ने पेरिस ओलंपिक के लिए तय मानदंड पूरे किए हैं जिनमें दो अनिवार्य टूर्नामेंट और तीन अन्य क्वालीफायर में भाग लेना शामिल हैं।

### आडवाणी ने सीसीसी बिलियर्ड खिताब को बरकरार रखा

**मुंबई।** विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को यहां एकतरफा फाइनल में इंग्लैंड के डेविड कौजियर को 1836-743 से हराकर अखिल भारतीय सीसीआई बिलियड्र्स क्लासिक खिताब का बचाव किया। सीसीआई के विल्सन जोन्स बिलियड्र्स हॉल में खेले गए चार घंटे के फाइनल मुकाबले में शानदार लय में चल रहे आडवाणी ने 10 बार के पूर्व विश्व चैंपियन कौजियर के खिलाफ 801 और 460 के दो बड़े ब्रेक बनाये। मुकाबले के शुरुआती दो घंटे के सत्र के बाद आडवाणी के पास 593-570 की मामूली बढ़त थी। वह इस समय 204 के ब्रेक पर थे जिसे उन्होंने 460 में बदल कर अपनी बढ़त मजबूत की और फिर प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया।

### राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप 18 अप्रैल से

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप 18 अप्रैल से शुरू होगी। भारतीय ईस्पोर्ट्स महासंघ (ईएसएफआई) ने सोमवार को यहां इसकी घोषणा की। एनईएससी भारत के खिलाड़ियों को डीओटीए 2 (ओपन), ई फुटबॉल (ओपन) और काउंटर-स्ट्राइक 2 में ओपन और महिला श्रेणियों में अपना कौशल प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। ऑनलाइन क्वालीफायर 18 अप्रैल से शुरू होंगे जो डबल-एलिमिनेशन प्रारूप में खेले जाएंगे। विजेता क्षेत्रीय क्वालीफायर में आगे बढ़ेंगे जहां वे 11 नवंबर से सऊदी अरब के रियाद में होने वाली 16वीं विश्व ईस्पोर्ट्स चैंपियनशिप (डब्ल्यूईसी) के वैश्विक फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए अन्य एशियाई देशों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### सुमित ने करियर की सर्वोच्च एटीपी रैंकिंग हासिल की

**लंदन।** शीर्ष भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने हाल के दिनों में प्रभावशाली प्रदर्शन के बूते सोमवार को जारी एटीपी एकल रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 95वीं रैंकिंग हासिल की। उन्होंने यह रैंकिंग फरवरी में एटीपी चैलेंजर स्तर की प्रतियोगिता चेन्नई ओपन जीतने के बाद हासिल की थी। वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी (कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक) को हराने वाले पहले भारतीय भी बने, लेकिन दूसरे दौर में चीन के शांग जुनचेंग से हारकर बाहर हो गए थे। चेन्नई ओपन जीत के बाद उन्होंने एटीपी 500 प्रतियोगिता (दुबई चैम्पियनशिप) और एटीपी 1000 मास्टर्स (इंडियन वेल्स और मियामी) के अलावा दो अन्य चैलेंजर टूर्नामेंट भी खेले।

# अपने अभियान को पटरी पर लाने की कोशिश करेगा आरसीबी

बेंगलुरु, एजेंसी

अभी तक अपने प्रदर्शन में निरंतरता रखने में नाकाम रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम लखनऊ सुपर जॉइंट्स के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में बेहतर खेल दिखाकर अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम अभी तीन मैच में दो अंक लेकर अंक तालिका में आठवें स्थान पर है। पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों करारी हार के कारण उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया है। फाफ डु प्लेसी की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम को कम करके नहीं आंका जा सकता है। उसके पास कई स्टार बल्लेबाज हैं लेकिन विराट कोहली को छोड़कर कोई भी अन्य नहीं चल पा रहा है। आरसीबी को अगर अपना अभियान पटरी पर लाना है तो कोहली के अलावा डु प्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। शीर्ष और मध्यक्रम के इन बल्लेबाजों की असफलता के कारण आरसीबी को अभी तक निचले मध्यक्रम के बल्लेबाजों दिनेश कार्तिक, अनुज रावत और महिपाल लोमरोर पर निर्भर रहना पड़ा है।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान। **लखनऊ सुपर जाइंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़। यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान। मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

## बीसीसीआई का आईपीएल फ्रेंचाइजी मालिकों को न्योता

**नयी दिल्ली।** बीसीसीआई ने 16 अप्रैल को अहमदाबाद में अनौपचारिक बैठक के लिए 10 आईपीएल टीमों के मालिकों को आमंत्रित किया है। यह बैठक नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के बीच मैच से इतर होगी।

बीसीसीआई के अधिकारी ने कहा, ''आईपीएल (टीम) मालिकों को अनौपचारिक बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है। इस बैठक का कोई निर्धारित एजेंडा नहीं है। आईपीएल अपने दूसरे महीने में होगा, इसलिए यह सभी हितधारकों के लिए एक साथ आने का अच्छा समय होगा।'' इस दौरान इस साल के अंत में होने वाली बड़ी नीलामी को लेकर संभावित चर्चा हो सकती है।

# जरूरत पर ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करेंगे धोनी

नयी दिल्ली, एजेंसी


दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आक्रामक पारी के बाद महेंद्र सिंह धोनी को बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेजने की मांग उठ रही है लेकिन माइकल क्लार्क का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स का यह पूर्व कप्तान जरूरत पड़ने पर ही ऐसा करेगा।

धोनी ने दिल्ली के खिलाफ आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंद पर नाबाद 37 रन बनाए। इसके बाद धोनी के प्रशंसक उनसे ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी के लिए आने की अपील कर रहे हैं। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान क्लार्क का मानना है कि यह दिग्गज भारतीय खिलाड़ी पहले की तरह फिनिशर की भूमिका निभाता रहेगा। उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि वह ऐसा करेंगे। मेरा मानना है कि वह मौजूदा क्रम में बल्लेबाजी करने के लिए आएंगे। मैं जानता हूं कि महेंद्र सिंह धोनी का प्रत्येक प्रशंसक उन्हें जितना संभव हो उतने ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करते हुए देखना चाहता है। उनके पूरे करियर के दौरान हम सभी कहते रहे हैं कि उन्हें पारी का आगाज करना चाहिए।''

क्लार्क ने कहा, ''वह अभी अपने करियर के जिस दौर में हैं जहां उन्होंने कप्तानी छोड़ दी है, मुझे नहीं लगता कि वह ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी के लिए आएंगे। मेरा मानना है कि अगर टीम की जरूरत हो तभी वह ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे।''




## बाहुबली के डायरेक्टर राजामौली ने स्टेज पर पत्नी के साथ किया डांस



**मुंबई, एजेंसी।** साउथ के फेमस डायरेक्टर एसएस राजामौली का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में डायरेक्टर अपनी वाइफ रमा राजामौली के साथ एक फैमिली फंक्शन में स्टेज पर डांस करते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो साउथ की प्रोडक्शन कंपनी माइथ्री मूवी मेकर्स के सीईओ चैरी की बेटी की संगीत सेरेमनी का है। जहां राजामौली ने वाइफ के साथ रहमान के गाने 'अंदामैना प्रेमारानी' पर परफॉर्म किया। इस वीडियो के वायरल होने के बाद आमतौर पर सीरियस नजर आने वाले राजामौली का फनी साइड देखकर फैंस भी हैरान हैं। इससे पहले राजामौली ने बेटे एसएस कार्तिकेय की शादी पर भी वाइफ के साथ डांस किया था। फिल्म 'आरआरआर' के ऑस्कर अवॉर्ड जीतने के बाद भी डायरेक्टर का एक वीडियो सामने आया था जिसमें वो डायरेक्टर अनिल रविपुदी के साथ 'नाटू-नाटू' स्टेप रीक्रिएट करते नजर आए थे। वर्क फ्रंट पर राजामौली इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म के प्री-प्रोडक्शन पर जुटे हुए हैं। इस फिल्म का टेंटिटिव टाइटल 'एसएसबीएम 29' रखा गया है। हाल ही में जापान में हुई फिल्म 'आरआरआर' की स्क्रीनिंग पर उन्होंने कहा था कि वो अपनी अगली फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार कर चुके हैं। हालांकि, अभी तक इसकी कास्टिंग नहीं हुई है। सिर्फ लीड हीरो महेश बाबू और मेन विलेन को फाइनल किया गया है। उम्मीद है कि यह फिल्म इस साल मई-जून में फ्लोर पर जाएगी। डायरेक्टर जल्द ही एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए फिल्म से जुड़ी डिटेल्स शेयर करेंगे।



## प्रेग्नेंसी की अफवाहों से तंग परिणीति ने पहने टाइट कपड़े

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म अमर सिंह चमकीला को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस लगातार अपनी इस फिल्म का प्रमोशन कर रही हैं। हाल ही में उन्हें को-एक्टर दिलजीत दोसांझ और निर्देशक इम्तियाज अली के साथ लॉन्च इवेंट में देखा गया। जहां वह ढीले-ढाले कपड़े पहन कर पहुंची थीं। इसके अलावा भी वह जहां जा रही हैं। लूज फिटिंग के कपड़े की पहन रही हैं। जिसके बाद फैंस उनकी प्रेग्नेंसी के कयास लगाने लगे। लोगों का कहना था कि एक्ट्रेस अपने बेबी बंब को छुपाने के लिए ढीले कपड़े पहन रही हैं। इसके तुरंत बाद उन्होंने एक पोस्ट शेयर कहा था कि जब भी ढीले-ढाले कपड़े पहनों इस तरह की बातें होने लगती हैं। वहीं अब इस पूरे मामले पर एक्ट्रेस ने दूसरी बार रिएक्ट किया और वीडियो शेयर कर प्रेग्नेंसी की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है। परिणीति चोपड़ा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह सफेद रंग के पैंटसूट में नजर आ रही हैं। जिसमें एक ब्लेज़र, पैंट और एक मैचिंग टैंक टॉप है। और वीडियो पर लिखा है कि अब से मैं फिटेड कपड़े पहनूंगी, क्योंकि जब काफ्तान पहनी थी तो लोगों ने...।

## रणदीप हुड्डा बोले- सलमान ने दी थी ज्यादा फिल्में करने की सलाह

**मुंबई, एजेंसी।** रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी फिल्म 'स्वातंत्र्यवीर सावरकर' की सक्सेस का जश्न मना रहे हैं। इसी बीच उन्होंने एक इंटरव्यू में सलमान खान के साथ अपनी दोस्ती के बारे में बात की। उन्होंने कहा- सलमान ने मुझे एक बार बहुत कीमती एडवाइस दी थी। वो हमेशा मुझे ज्यादा पैसा कमाने और ज्यादा काम करने की सलाह देते रहे हैं। सलमान मुझसे कहते थे कि अगर मैंने अभी काम करके पैसे नहीं कमाए, तो मुझे फ्यूचर में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। रणदीप बताते हैं कि उन्होंने सभी सलाह में से बहुत कम का ही पालन किया है। रणदीप ने कहा कि सलमान उनसे बहुत दिलचस्पी के साथ दिल की बातें किया करते हैं। रणदीप हुड्डा ने कहा कि स्वात्रंत्य वीर सावरकर की शूटिंग के वक्त उन्हें ऐसा फील होता था कि सावरकर उनके आस-पास हैं। रणदीप ने कहा कि जब वे खुद को शीशे के सामने देखते थे तो लगता था कि सावरकर खुद सामने आ गए हैं। रणदीप ने कहा कि उन्होंने खुद को अंडमान के उस जेल में बंद कराया था, जहां सावरकर बंद थे। रणदीप ने आगे कहा कि उन्हें कुछ देर तो कोई फर्क नहीं पड़ा, लेकिन फिर उनका दम घुटने लगा। वो थोड़े समय बाद ही उस कालकोठरी से बाहर निकल गए। रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी फिल्म स्वात्रंत्य वीर सावरकर की वजह से सुर्खियों में हैं। रणदीप हुड्डा ने रणवीर अल्हाबादिया के साथ इंटरव्यू में कहा- रात में वहां अलग ही टाइप का सन्नाटा होता था। ऐसा लगता था कि वहां कोई है। इस फिल्म के डायरेक्टर, प्रोड्यूसर और राइटर रणदीप हुड्डा ही हैं। यह कहने में कोई गुरेज नहीं है कि अपनी पहली डायरेक्टोरियल फिल्म में उन्होंने कमाल का काम किया है। हालिया इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया है कि इस फिल्म के लिए उन्हें बहुत सारी फिजिकल और फाइनेंशियल चुनौतियों को पार करना पड़ा था। पैसे की कमी की वजह से फिल्म को बंद करने की नौबत आ गई थी। तब उन्होंने वीर सावरकर की बायोपिक के फंडिंग लिए मुंबई स्थित अपने पिता की प्रॉपर्टीज को दिया था। वहीं, इस फिल्म के लिए उन्होंने बहुत ज्यादा वजन भी कम किया था।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# किशोरी का अपहरण, तीन सगे भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज

## कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला, धमकाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



● पीड़िता का आरोप सामूहिक दुष्कर्म हुआ पर रिपोर्ट अपहरण की दर्ज की गई

**अमृत विचार।** कोतवाली थानाक्षेत्र के एक गांव में रहने वाले एक पीड़ित ने अपनी 17 वर्षीय किशोरी पुत्री का अपहरण कर बहला फुसलाकर साथ ले जाने और सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। हालांकि पुलिस ने मामले में अपहरण और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज की है। मामले में गांव के तीन सगे भाइयों संजय, रामरतन और रतनवा पर अपहरण और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज की गई। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने मामले में मनमाने तरीके से रिपोर्ट दर्ज की है जबकि उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ था। इस मामले में उसने जिले से बाहर जा चुके एक पुलिस अधिकारी व तीन पुलिसकर्मियों पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

पीड़िता के पिता के अनुसार 23 फरवरी को सुबह चार बजे आरोपी बहला फुसलाकर उसे अपने घर ले गया। आरोप है, कि सुबह जब खोजबीन करने पर बेटी घर पर नहीं मिली तब उसके घर जाकर पूछने पर उसकी ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। आरोप है, कि तीनों भाइयों से जानकारी करने पर डांट फटकार कर धमकी देते हुए भगा दिया। उनकी बेटी घर में रखे जेवर और 22 हजार रुपये नकद लेकर गई थी।

पीड़िता ने बताया कि आरोपी संजय और उसके दोनों भाइयों ने सीतापुर के एक होटल में ले जाकर एक हफ्ते तक रखा और गैंगरेप किया। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया था और आरोपियों पर अपहरण और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज की है। जबकि पीड़िता का कहना है कि पुलिस ने जानबूझकर सामूहिक दुष्कर्म की धारा नहीं लगाई है। उसने जिले से बाहर जा चुके एक पुलिस अधिकारी और तीन पुलिसकर्मियों पर बयान बदलने का दबाव डालने का आरोप लगाया है। साथ ही पुलिस अधीक्षक को भेजे पत्र में कई और गंभीर आरोप पुलिस अधिकारी और पुलिसकर्मियों पर लगाए हैं। हालांकि जिन पुलिसकर्मियों पर पीड़िता ने आरोप लगाया है उनका कहना है कि आरोप पूरी तरह से गलत हैं।

### होटल का सीसीटीवी फुटेज बनेगा अहम सबूत

किशोरी को जिस होटल में रखा गया था उसमें लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज इस मामले में अहम सबूत बनेगा। साथ ही विवेचना में ही यह बात सामने आएगी कि रजिस्टर में उसका नाम, पता, उम्र क्या दर्ज की गई है। कौन सा पहचान पत्र वहां जमा किया गया है।

## महिला से दुराचार में पांच साल की कैद

**चित्रकूट।** मानसिक रूप से बीमार महिला से दुराचार में दोषी व्यक्ति को विशेष न्यायाधीश ने पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि 14 अक्टूबर 2018 को एक व्यक्ति ने पहाड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पत्नी की मानसिक स्थिति इतनी खराब है कि स्वयं अपने कपड़े भी सही तरीके से नहीं पहन पाती है। वह शौच के लिए 11 अक्टूबर 2018 को घर से निकली थी। रास्ते में गांव निवासी पुग्गी उर्फ श्याम मूरत रैदास ने उसे दबोच लिया और गलत काम करने लगा।

शिकायतकर्ता की बेटी ने शोर मचाया तो आरोपी भाग निकला। पुलिस ने पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण कराया और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। साथ ही न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश अपर जिला जज विनीत नारायण पांडेय ने निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध आरोपी पुग्गी उर्फ श्याम मूरत रैदास को पांच वर्ष कारावास और दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।


# रामनवमी पर जनपद में होंगे सवा सौ धार्मिक कार्यक्रम

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** रामनवमी पर नौ से 25 अप्रैल तक जिले में सवा सौ धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। विश्व हिंदू परिषद की जिला इकाई की गत दिवस हुई बैठक में इसकी रूपरेखा बनाई गई।

बैठक में तय किया गया कि रामनवमी चैत्र प्रतिपदा के अवसर पर जिले के सभी प्रमुख शहर-कस्बों व गांवों में ये आयोजन किए जाएं। कर्वी, मानिकपुर, भरतकूप, राजापुर, पहाड़ी, मऊ, रामनगर और शिवरामपुर के साथ ग्राम पंचायत स्तर तक 25-25 रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित कराए जाने की योजना बनाई गई। विहिप के गोरक्षा विभाग के प्रांतीय मंत्री डीके शुक्ला ने कहा कि चुनाव के मद्देनजर इस वर्ष रामोत्सव कार्यक्रम में ज्यादा भीड़ नहीं इकट्ठा होगी। बैठक में मातृशक्ति के तत्वावधान में सीतानवमी के कार्यक्रम की भी रूपरेखा बनी।

इस मौके पर प्रांतीय कार्यालय प्रमुख विनोद, विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद त्रिवेदी, संगठन मंत्री ऋषभ शुक्ला, जिला मंत्री नीरज केळरवानी, जिला सहमंत्री सिद्धार्थ, जिला संयोजक बजरंग दल अंकित पटेल, सह संयोजक प्रणव भारद्वाज, जिला मठ मंदिर प्रमुख अजय मिश्रा, धर्माचार्य प्रमुख मृदुल, सत्संग प्रमुख गणेश, मातृशक्ति संयोजिका संजुला पांडेय, कोषाध्यक्ष जमुना प्रसाद, गोरक्षा प्रमुख विमल त्रिपाठी, भरतकूप प्रखंड अध्यक्ष अशोक गुप्ता, पहाड़ी प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण सोनी, कर्वी नगर उपाध्यक्ष जितेंद्र, नगर मंत्री विनीत कुमार, राजापुर प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण सोनी के साथ मनीष, शानू, शशांक, सौरभ साहू, एमडी कुशवाहा, सुनील मिश्रा आदि विहिप कार्यकर्ता मौजूद रहे।



देवताओं के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

● विश्व हिंदू परिषद की बैठक में बनी रूपरेखा

### चुनाव की गाइडलाइन का रखेंगे ध्यान

लोकसभा चुनाव की वजह से अहतियात बरतते हुए कार्यक्रम होंगे। विहिप के सह मंत्री अर्चन ने बताया कि रामोत्सव कार्यक्रम लोकसभा सामान्य निर्वाचन की आचार संहिता के मद्देनजर आयोग की गाइडलाइन का ध्यान रखते हुए किए जाएंगे।

## एक नजर

### छह पर गुंडा एक्ट और नौ पर मिनी गुंडा एक्ट लगा

**चित्रकूट।** पुलिस ने छह आरोपियों पर गुंडा एक्ट और नौ पर मिनी गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार ने मोंटू उर्फ धीरू पुत्र पंचा निवासी राजापुर, शिवबाबू उर्फ रामबालक पुत्र अशोक निवासी कनकोटा के विरुद्ध धारा 03 यूपी गुंडा एक्ट लगाया है। प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पांडेय ने रंजीत यादव पुत्र लवलेश निवासी मवई कला, रामू उर्फ शशि कुमार पुत्र राजकुमार निवासी खप्टिहा पर गुंडा एक्ट लगाया है। प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल ने दीपक तिवारी उर्फ दीपू पुत्र राजकुमार निवासी पहाड़ी पर और थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेंद्र चंद्र पांडेय ने अवनीश पटेल उर्फ शंकर दादा पुत्र केशव प्रसाद पटेल निवासी गौहोरा खास पर गुंडा एक्ट लगाया है। चुन्नू उर्फ योगेंद्र, नरेंद्र, विद्यासागर, वीरेंद्र, रामसंपत, बिहारीलाल, दयाशंकर, मनिशंकर और सत्येंद्र निवासीगण रामपुर थाना रैपुरा धारा 110जी सीआरपीसी की कार्रवाई की गई।

# तुलसीतीर्थ में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तुलसीतीर्थ के संकटमोचन मंदिर में सोमवार को श्री अखंड सीताराम नाम संकीर्तन का प्रथम वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें भगवान के स्वरूपों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

आयोजन में स्वामी रघुनाथ बाबा का प्रयास महत्वपूर्ण रहा। प्रभु श्रीराम की झांकी की शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से सिद्ध आश्रम नांदी तौरा के संकट मोचन मंदिर तक पहुंची। मान्यता है कि गोस्वामी तुलसीदास कुटी की पश्चिम दिशा में यमुना तट के किनारे एक शिला में चंदन से संकटमोचन हनुमान जी की प्रतिमा बनाकर पूजा-अर्चना किया करते थे। तुलसीदास जी की भक्ति से संकटमोचन की आकृति उस शिला में बन गई थी। तभी से यह स्थान सिद्धाश्रम माना जाता है।



राजापुर में शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

श्रद्धालु बताते हैं कि एक अप्रैल 2023 से संत रघुनाथ बाबा ने श्री अखंड श्री सीताराम नाम संकीर्तन का शुभारंभ कराया था। एक वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। वृंदावन धाम ओम नमः शिवाय गौशाला के स्वामी रामदास ने नगरवासियों के सहयोग से शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा श्री तुलसी संकट मोचन मंदिर से मुख्य मार्गों से होते हुए नांदी तौरा के सिद्ध संकट मोचन मंदिर पहुंची। वहां पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा का समापन तुलसी संकट मोचन मंदिर में भंडारे के साथ किया गया।

● श्रीसीताराम नाम संकीर्तन के एक वर्ष पूरा होने पर आयोजन झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं

संत रामदास ने बताया कि सतयुग, त्रेता, द्वापर युगों में हजारों वर्ष तपस्या करने के बाद प्रभु के दर्शन मिलते थे लेकिन कलियुग में राम नाम एक ऐसा आधार अवलंब मिला है कि लोग श्री रामनाम संकीर्तन कर के बैकुंठ धाम को प्राप्त कर सकते हैं। राजेंद्र पांडेय, शिवपूजन गुप्ता, भारत जायसवाल, सतीश चंद्र मिश्रा, सुनील मिश्रा, बच्चा अग्रवाल, सूर्यप्रकाश त्रिपाठी, अभिषेक त्रिपाठी, अयोध्या प्रसाद पांडेय, वीरेंद्र जयसवाल, अशोक सोनी, अजय तिवारी, छोटेलाल सोनी आदि मौजूद रहे।

## दरवाजे पर बैठी महिलाओं को कार ने रौंदा, एक की गई जान

**सीतापुर (चित्रकूट)।** कामकाज निपटाने के बाद घर के बाहर दरवाजे के पास बैठकर बतिया रहीं महिलाओं को बेकाबू कार ने रौंद दिया। इसमें एक की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गईं। इनको प्रयागराज रेफर किया गया है। घटना तीर्थक्षेत्र में परिक्रमा मार्ग चौकी अंतर्गत खोही की है। रविवार रात घर का कामकाज निपटाने के बाद तीन महिलाएं, जो आपस में जेठानी, देवरानी हैं, दरवाजे पर बैठकर बातें कर रही थीं। इसी दौरान चौराहे की ओर से आई कार के चालक ने नियंत्रण खो दिया और बेकाबू वाहन ने तीनों को रौंद दिया। इससे पार्वती केशरवानी पत्नी कैलाश की मौके पर मौत हो गई। खुश्बू और निर्मल गंभीर रूप से घायल हो गईं। इनको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से प्रयागराज रेफर कर दिया गया। चौकी प्रभारी ने बताया कि वाहन बरामद कर लिया गया ।

## सड़क दुर्घटना में दंपति घायल

**पहाड़ी।** थानांतर्गत नांदी तौरा गांव निवासी बच्चा कोटार्य पत्नी के साथ सोमवार को बाइक से कर्वी जा रहे थे। दोपहर में कर्वी-पहाड़ी रोड पर लोढ़वारा मोड़ के पास सामने से तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो ने टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। बच्चा सतना में भर्ती हैं। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

लापरवाही...



कचरे के उपयुक्त निपटान की बातें हवा हवाई हैं। यह दृश्य जिला अस्पताल के पीछे स्टाफ क्वार्टर के पास का है, जहां सोमवार को कचरा इकट्ठा करके जलाया जा रहा था। पास में ही लोग रहते हैं और बगल में ही अस्पतालों के वार्ड हैं। अगर अस्पताल में ही इस तरह की लापरवाही और प्रदूषण किया जाएगा तो फिर अन्य जगहों पर तो क्या होगा, सहज कल्पना की जा सकती है।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने सोमवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की शुरुआत की। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों और सफाईकर्मियों आदि को संचारी रोग से रोकथाम व बचाव की शपथ ग्रहण कराई। इनकी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सीएमओ डा. भूपेश द्विवेदी ने बताया कि विशेष संचारी रोग व दस्तक अभियान का प्रथम चरण एक अप्रैल 2024 से 30 अप्रैल तक चलेगा। इसमें विभिन्न विभाग आपसी समन्वय से जागरूकता और सफाई अभियान चलाएंगे।

आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं घर-घर जाकर बुखार, क्षय रोग के लक्षण वाले रोगियों और कुपोषित बच्चों आदि की जानकारियां इकट्ठा करेंगी। घर के प्रत्येक सदस्य की आभा आईडी बनाने का भी काम किया जाएगा। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, सहायक मलेरिया अधिकारी, निरीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, यूनीसेफ एवं डब्लूएचओ के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।



रैली को हरी झंडी दिखातीं मुख्य विकास अधिकारी और मुख्य चिकित्साधिकारी। अमृत विचार

चुनाव की तैयारी | जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारियों के साथ बैठक में दिए निर्देश

# वोटिंग बढ़ाने को चलाएं जागरुकता अभियान

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद ने लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गंभीरता से मतदाता जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। नोडल अधिकारियों के साथ बैठक में डीएम ने निर्देशित किया कि जिन स्थानों पर मतदान पचास प्रतिशत से कम हुआ है, वहां पर ज्यादा ध्यान दें।

उन्होंने महामति प्राणनाथ महाविद्यालय के नोडल प्रभारी को निर्देशित किया कि प्रतिदिन महाविद्यालय में इसका प्रचार प्रसार कराएं। जो बच्चे अच्छा कार्य करेंगे, उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांग अधिकारी को निर्देशित किया कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम कराएं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को भी प्रेरित करें कि वोट जरूर दें। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी को युवाओं की जागरूकता के लिए मैराथन दौड़ कराने और जिला कृषि अधिकारी को किसानों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीआईओएस संतोष कुमार मिश्रा और बीएसए लव प्रकाश यादव को निर्देशित किया कि हर विद्यालय में 20 मई को रंगोली कार्यक्रम का आयोजन कराएं। साइकिल रैली के माध्यम से भी मतदाताओं को प्रेरित करें। उन्होंने यातायात नोडल प्रभारी को निर्देशित किया कि बस के पीछे व ऑटो पर चुनावी जागरूकता संबंधी स्टीकर भी लगवाएं। किसी भी स्थिति में जनपद का मतदान प्रतिशत कम न हो। इस अवसर पर सीडीओ अमृतपाल कौर, एएसडीएम आलोक सिंह, डीपीओ पीडी विश्वकर्मा सहित स्वीप के नोडल प्रभारी आदि मौजूद रहे।



मतदाता जागरुकता बैठक में निर्देश देते जिला निर्वाचन अधिकारी। अमृत विचार

## छात्र-छात्राओं को दिया ताइक्वांडो का प्रशिक्षण

**चित्रकूट।** सेल्फ डिफेंस मार्शल आर्ट सोसाइटी के मुख्य प्रशिक्षक और ब्लैक बेल्ट रमेश चंद्र ने बताया कि कचेहरी स्थित पार्क में बच्चों को ताइक्वांडो/जूडो कराटे का प्रशिक्षण दिया गया।

इसके बाद फिजिकल टेस्ट, लिखित व दक्षता परीक्षा कराई गई, जिसमें दीपशिखा, श्रेयांश, रेयांश सिंह, मारुति नंदन पटेल, अभिनव, लक्ष्य सिंह चंदेल, एएस आनंद सिंह, लवकुश प्रसाद, गौरव मिश्रा आदि ने उत्कृष्ट स्थान पाया। सभी बच्चों को प्रमाणपत्र वितरित दिए गए। बताया कि ताइक्वांडो से बच्चों में आत्मरक्षा की भावना आती है और एवं शरीर का सर्वांगीण विकास होता है।



ताइक्वांडो का प्रशिक्षण लेते बच्चे।

## तीन लोग गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस ने दो वारंटी और एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पांडेय ने वांछित उमाकांत पुत्र रामलाल निवासी अहिरी को गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के एसआई शैलेंद्र कुमार सिंह ने आबकारी अधिनियम के वारंटी उदय सोनकर पुत्र स्व. सुखदेव निवासी ग्राम कुसैली और मऊ के एसआई इंद्रजीत गौतम ने वारंटी रज्जन मिश्रा पुत्र उमेश चंद्र निवासी शिवपुर को गिरफ्तार किया।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

## मरीजों का बाहर से सीटी स्कैन करा रहे डॉक्टर, टांका लगाने के लिए मंगवा रहे सामान

# ट्रामा सेंटर से मरीजों को रेफर करवाते एंबुलेंस के संचालक

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर में अव्यवस्थाओं का बोलाबाला है। यहां डाक्टरों की जगह प्राइवेट एंबुलेस संचालकों की हुकूमत चलती है। एंबुलेस संचालक कमीशन का झांसा देकर मरीजों को जबरन रेफर करवा कर ले जाते है। टांका लगाने के नाम पर मरीजों के तीमारदारों से बाहर से सारा सामान मंगवाया जाता है। जिम्मेदार सब कुछ देखने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं करते हैं। इससे इन लोगों के हौसले और बुलंद है।

ट्रामा सेंटर में प्राइवेट एंबुलेस संचालकों का जबरदस्त बोलबाला है। इतना ही नहीं ये डाक्टरों के बगल में बैठ जाते हैं। दुर्घटना या अन्य मामले में घायल होकर आने वाले मरीजो को देख डॉक्टरों के ईद गिर्द घूमने लगते हैं साथ ही स्वास्थ कर्मियों के काम में भी दखल देते है। मरीज को भर्ती करने के बाद डॉक्टर मरीजों को बाहर के इंजेक्शन लिखते है। एंबुलेस संचालक डॉक्टरों से कह कर मरीजों का जबरन सीटी स्कैन लिखवा देते हैं और वही लोग अपनी एंबुलेस में लाद कर मरीजों को ले जाते हैं। प्राइवेट सीटी स्कैन संचालक डॉक्टर और एंबुलेस चालकों को कमीशन देते हैं। डॉक्टरों से बात करना हो तो पहले एंबुलेस संचालक फोन उठाते हैं। रात में ट्रामा सेंटर में प्राइवेट युवकों का जमावड़ा रहता है और ये लोग मरीजों व उनके तीमारदारों के साथ अभद्रता भी करते है।



जिला अस्पताल में इलाज कराने आए मरीज। अमृत विचार

### सर्जन नहीं वार्ड ब्वॉय लगाते हैं टांका

- दुर्घटना या अन्य हादसे में घायल होकर मरीज ट्रामा सेंटर आते है तो यहां पर टांका लगाने के लिए कोई सर्जन डॉक्टर मौजूद नहीं रहते है। जब तक डॉक्टर को कॉल भेजी जाती है। तब तक मरीज की जान पर बन आती है। यहां पर मौजूद वार्ड ब्वाय टांके लगाते है। टांके लगाने के नाम पर वसूली भी की जाती है।

### तीमारदारों को लूट रहे मेडिकल स्टोर संचालक

- जिला अस्पताल के इई गिर्द खुले मेडिकल स्टोर मरीजों को खुले आम लूट रहे हैं। ट्रामा सेंटर से वार्ड ब्वाय मरीजों को टांका लगाने के लिए बाहर से सारा सामान मंगवाता है। रात को मेडिकल स्टोर संचालक दो सौ का मिलने वाला धागा तीन सौ और चार सौ में देता है। इस तरह से डॉक्टर तो तीमारदारों लूट रहे है। मेडिकल स्टोर संचालक भी तीमारदारों को अपना शिकार बना रहे है।

### डेढ़ माह से बंद पड़ी सीटी स्कैन मशीन

- जिला अस्पताल में लगी सीटी स्कैन मशीन डेढ़ माह से बंद पड़ी है। मरीजों की सीटी स्कैन न होने से तीमारदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जरा सी खरोंच आने पर डॉक्टर सीटी स्कैन करवाने की पर्ची थमा देते हैं। सीटी स्कैन के रेडियोग्राफर ने बताया कि उच्चाधिकारियो को सूचना दे दी गई है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

- सीएसमएस डॉ.आरके गुप्ता का कहना है कि मामला संज्ञान में नही है। वह रात को राउंड करेंगे। अगर कोई प्राइवेट युवक मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

## प्राचार्य से अभद्रता करने के आरोप में लिपिक निलंबित

**बांदा ।** लिपिक द्वारा शराब के नशे में धुत होकर प्राचार्य के साथ अभद्रता करते हुए अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने का मामला तूल पकड़ गया। अपर जिलाधिकारी (प्रशासक) की स्वीकृति के बाद प्राचार्य ने लिपिक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

मामला शहर के पंडित जेएन डिग्री कालेज का है। कुछ दिनों पहले शराब के नशे में धुत होकर लिपिक भेला प्रसाद ने शराब के नशे में धुत होकर प्राचार्य डॉ. केएस कुशवाहा के साथ कार्यालय में अभद्रता करते हुए अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पूरा घटनाक्रम कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। प्राचार्य ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी महाविद्यालय प्रशासक अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार को दी। प्रशासक ने दुराचरण का संज्ञान लेते हुए लिपिक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किए जाने की स्वीकृतिदी । प्रशासक की संस्तुति के बाद प्राचार्य ने लिपिक को निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में लिपिक को जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। महाविद्यालय में प्रतिदिन सुबह साढ़े नौ से 10 बजे के मध्य बायोमेट्रिक एवं उपस्थिति पंजिका में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना होगा।

## जयंती पर याद किये गये जनकवि बाबू केदारनाथ

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** कचहरी के केदार सम्मान आयोजन समिति ने जनकवि बाबू केदारनाथ अग्रवाल को जयंती पर याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा करते हुए उनकी प्रिय कविताएं सुनाईं गईं। इस अवसर पर समिति द्वारा दिया जाने वाला केदार सम्मान वरिष्ठ व्यंग्यकार केडी सिंह को प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया गया।

जिला अधिवक्ता संघ भवन परिसर स्थित केदानाथ अग्रवाल स्मृति भवन में सोमवार को जनकवि बाबू केदारनाथ अग्रवाल को जयंती पर याद करते हुए समिति अध्यक्ष अशोक त्रिपाठी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। अधिवक्ता रोहन सिन्हा ने कहा कि केदार बाबू का हर शब्द और प्रत्येक पंक्ति पूंजीवाद पर कठोर प्रहार है। उनका जीवन केन को समर्पित रहा। जनवादी लेखक मंच मंत्री प्रद्युम्न सिंह ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपनी अति प्रसिद्ध कविता 'मैं जानता हूं प्रिये....' का पाठ किया। संचालन कर रहे कवि दीनदयाल सोनी ने 'रोज होता खनन फैला भ्रष्टाचार...' कविता के माध्यम से केन नदी में लगातार हो रहे खनन व माफिया तंत्र प्रहार किया।

इस अवसर पर समिति द्वारा दिया जाने वाला केदार सम्मान वरिष्ठ व्यंग्यकार केडी सिंह को प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया गया। इस मौके पर जिला अधिवक्ता संघ पूर्व अध्यक्ष आनंद सिंह, एजाज अहमद के साथ कालका गुप्ता, अंबिका व्यास, दिनेश त्रिवेदी, रामदेव समेत तमाम अधिवक्ता व साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।



बाबू केदारनाथ की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते समिति के अध्यक्ष। अमृत विचार

- केदार सम्मान से सम्मानित होंगे व्यंग्यकार केडी सिंह

## बंटवारे के विवाद में घायल, बड़े भाई ने दम तोड़ा

**नरैनी।** कोतवाली क्षेत्र के पनगरा गांव निवासी प्रमोद उर्फ राजा (34) पुत्र नत्थूराम वर्मा का 4 फरवरी को छोटे भाई से विवाद हो गया। छोटे भाई ने प्रमोद को लाठी से पीट कर घायल कर दिया। परिजनों ने गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे कानपुर रेफर कर दिया। घरवालों ने उसे कानपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

यहां डॉक्टरो ने उसके पेट का आपरेशन किया। छुट्टी होने के बाद वह गांव आ गया। उसकी दोबारा हालत बिगड़ गई। परिजन फिर से उसे कानपुर ले गए। यहां इलाज के दौरान रविवार की रात मौत हो गई। परिजन शव लेकर जिला अस्पताल आ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के साले जितेंद्र ने बताया कि प्रमोद सब्जी और कपड़ा बेचने की फेरी लगाता था।

वह दो साल से किराए के मकान में रहता था। छोटा भाई बंटवारा नहीं करना चाहता था। पूरा मकान हड़पना चाहता था। छोटे भाई की पिटाई से उसकी मौत हो गई।



संचारी रोग जागरुकता रैली में भागीदारी करते चिकित्सक व अन्य। अमृत विचार

## संचारी रोगों से बचाव में स्वच्छता महत्वपूर्ण

कार्यालय संवाददाता,बांदा

- अपर निदेशक ने स्वास्थ्य कर्मियों को दिलाई शपथ

**अमृत विचार।** संचारी रोग मच्छरों के काटने से होनी वाली बीमारी है, इसलिए सभी लोग अपने-अपने घर व घर के आसपास पानी एकत्र न होने दें। नियमित रूप से सफाई करते रहें। यही बचाव का प्रमुख उपाय है।

अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ.रेखा रानी द्वारा कलक्ट्रेट परिसर में सोमवार को सभी स्टाफ एवं आशाओं को संचारी रोगों से बचाव की शपथ दिलाते हुए व जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए यह बात कहीं। संचारी रोग नियंत्रण अभियान सोमवार से शुरू हो गया है। यह 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। जिसमें साफ-सफाई, मलेरिया, फाइलेरिया, डेगू, चिकनगुनिया, कालाजार, मस्तिष्क ज्वर आदि रोगों के बारे में आम जनमानस को जागरुक किया जाएगा। अपर स्वास्थ्य निदेशक ने लोगों का आहवान किया कि वह अपने घर व घर के आसपास पानी एकत्र न होने दे और स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखे। मुख्य चिकित्साधिकारी डा.अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस संदर्भ में दस्तक अभियान 10 अप्रैल से शुरू किया जाएगा, यह भी 30 अप्रैल तक चलेगा। इसमें आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा घर-घर भ्रमण करेंगी और घरों में स्टीकर लगाए जाएंगे। क्षय रोग के रोगियों का चिन्हीकरण कर उनकी सूची बनाई जाएगी। घरों में जाकर मच्छरों के पैदा होने वाली परिस्थितियों का निरीक्षण किया जाएगा और बुखार के मरीजों को चिन्हित किया जाएगा। साथ ही उपचार के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए स्वच्छता व स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में समुचित प्रबंध के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी तथा नगरीय क्षेत्रों में नगर निकाय के अधिशाषी अधिकारियों द्वारा स्वच्छता के व्यापक प्रबंध किए जाए। इस मौकेपर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.आरएन प्रसाद, डा.डीसी दोहरे, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.मुकेश पहाडी, वर्षा नायर, जिला मलेरिया अधिकारी पूजा अहिरवार, विजय बहादुर आदि लोग मौजूद रहे।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**कमासिन, बांदा ।** बाइक से बुआ के घर जा रहा युवक रास्ते में टूटे पड़े बिजली के तार में आ रहे करंट की चपेट में आकर झुलस गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालों में कोहराम मच गया।

बबेरू कोतवाली क्षेत्र के तराया गांव निवासी 30 वर्षीय बुद्दराज पुत्र रामराज यादव सोमवार की दोपहर बाइक से कमासिन होते हुए अपनी बुआ के घर खेड़ा गांव जा रहा था कि तभी रास्ते में टूटे पड़े निजी नलकूप के बिजली के तार के करंट की चपेट में आ कर झुलस गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे को देख खेत की कटाई कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे गए। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में भी बिजली के तार झूल रहे है। कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई। लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई। आए दिन तार टूट कर खेतों में पड़े रहते है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# विद्या मंदिर के बच्चों का शत प्रतिशत रहा परीक्षाफल

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** वार्षिक गृह परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद कक्षा के मेधावी विद्यार्थियों को शील्ड और अंक पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य समेत कालेज स्टाफ ने मेधावियों की पीठ थपथपाते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में सोमवार को कक्षा 6, 7, 8, 9 और 11 का वार्षिक गृह परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय निदेशक डा.एनके वाजपेयी, जगन्नाथ पाठक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला संघ चालक सुरेंद्र पाठक, आरएसएस जिला प्रचारक अनुराग, संभाग निरीक्षक शिवकरण तथा विद्यालय प्रबंधक संतोष कुमार सिंह ने सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए समारोह का शुभारंभ किया। विद्यालय के निवर्तमान प्रधानाचार्य अतुल कुमार बाजपेई ने बताया कि शिक्षा सत्र 2023-24 में कक्षा 6, 7, 8, 9 का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। जबकि कक्षा 11 का परीक्षा फल 99.45 प्रतिशत रहा। सभी विद्यार्थियों को बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय के आगंतुक प्रधानाचार्य रमेशचंद्र गुप्त ने विद्यालय के प्रयास को सराहनीय बताया। डीआईआईओस विजय पाल सिंह ने मेधावियों को बधाई देते हुए शिक्षा क्षेत्र में आगे बढ़ने को प्रेरित किया।



प्रतीक चिह्न के साथ खड़े सरस्वती विद्या मंदिर के मेधावी छात्र। अमृत विचार

### मेधावी छात्र-छात्राएं किये गये सम्मानित

कमासिन : कमासिन ब्लाक ममसी खुर्द कंपोजिट विद्यालय में परीक्षाफल वितरित किया गया। ग्राम प्रधान देवशरण यादव ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रदीप बाथम, सहायक अध्यापक अवधेश कुमार, ओमप्रकाश, बृजेश, सौरभ सिंह और एसएमसी अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद यादव समेत तमाम अभिभावक उपस्थित रहे।



मेधावी छात्रों को सम्मानित करते डीआईओएस व अन्य। अमृत विचार

## मेधावी छात्र-छात्राओं को दी गई शील्ड

**बांदा।** शहर के इंदिरा नगर स्थित संत तुलसी पब्लिक स्कूल में कक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को ताज पहनाकर सम्मानित किया गया।

जिला विद्यालय निरीक्षक विजयपाल सिंह ने सभी को पुरस्कार दिया। कक्षा 7 से सुभाष ने 98.81, कक्षा 8 से निहारिका सिंह ने 99.63 प्रतिशत, कक्षा 9 में शुभांसू साहू ने 93.40 तथा कक्षा 11 से शुभांसी खरे ने 81.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस मौके पर विद्यालय कार्यकारी प्रबंधक डा.मनीष कुमार गुप्ता, डायरेक्टर जगनायक यादव समेत डा.जगदीश नारायण चंसौरिया, प्रबंध समिति सदस्य दीपिका गुप्ता रहे। अंत में इंचार्ज प्रधानाचार्य सरोज गुप्ता एवं पंकज गुप्ता सभी का आभार जताया। संचालन सुलोचना त्रिपाठी व रमेश सिंह गौतम ने किया।

## महिला जज को जान से मारने की धमकी की जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- रजिस्टर्ड डाक से जज को भेजा गया था धमकी भरा पत्र

**अमृत विचार।** यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली जनपद में तैनात एक महिला जज को रजिस्टर्ड डाक से धमकी भरा पत्र भेजकर जान से मारने की धमकी दी गई है।

उन्होंने तीन लोगों के नाम खोलते हुए षड्यंत्र की आशंका जताई है। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

महिला जज ने शहर कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उच्च न्यायालय की ओर से उनके साथ हुए यौन उत्पीड़न संबंधी जांच लंबित है। गुरुवार को उन्हें एक धमकी भरा पत्र प्राप्त हुआ है। पत्र किसी आरएन उपाध्याय नामक व्यक्ति की ओर से भेजा गया है। लिफाफे पर मोबाइल नंबर अंकित है। कहा यदि पोस्ट ऑफिस का सीसीटीवी निकाला जाये तो कुछ जानकारी मिल सकती है।

# घर वापसी पर सपाइयों ने किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में आयोजित समारोह में नरैनी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी भरतलाल दिवाकर के पुनः पार्टी में वापसी पर उनका पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। कहा कि श्री दिवाकर के पुनः पार्टी में आने से पार्टी और अधिक मजबूत होगी।

जिलाध्यक्ष डॉ.मधुसूदन कुशवाहा ने कहा कि श्री दिवाकर की पार्टी में पुनः वापसी एक अच्छा संकेत है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया जिन्होंने एक जमीनी नेता को पुनः पार्टी में काम करने का मौका दिया है। मुख्य अतिथि विशंभर सिंह यादव बबेरू विधायक ने श्री दिवाकर को पार्टी का निष्ठावान सिपाही बताया। अंत में श्री दिवाकर ने अपने स्वागत के प्रति सभी पार्टी पदाधिकारियों व सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में विदित त्रिपाठी ने सभी से आने वाले लोकसभा चुनाव में एकजुटता के साथ काम करने का आहवान किया। संचालन एजाज खान ने किया। इस दौरान नीरज द्विवेदी, इमरान अली राजू, विवेक बिंदु तिवारी, मुन्ना पटेल, प्रमोद निषाद, अर्चना पटेल, अमोल यादव, वृंदावन वैश्य, आमिर खान, रवि दिवाकर, नीलेश श्रीवास, अशोक श्रीवास, मोहित यादव, संजय यादव, रामधनी रैकवार, राकेश पटेल, प्रियांशु गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में सपाई रहे।





पार्टी में वापस लौटे सदस्य का स्वागत करते सपाई। अमृत विचार

मतदान अवश्य करें | मतदान का प्रतिशत बढ़ाए जाने का हो रहा प्रयास, मेडिकल कालेज प्रेक्षागृह में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# एक-एक वोट बहुत ही महत्वपूर्ण है, इसे बर्बाद न करें : मंडलायुक्त

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाए जाने के लिए प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। सोमवार को नरैनी रोड स्थित रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के प्रेक्षागृह में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मतदाताओं को एक-एक वोट का महत्व समझाया गया। चित्रकूटधाम मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि एक-एक वोट बहुत ही महत्वपूर्ण है।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। चित्रकूटधाम मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत को बढ़ाकर जनपद को प्रदेश में स्थान दिलाना है। क्योंकि सभी के एक-एक वोट का बहुत ही महत्व है। इसलिए सभी का मतदान करना जरूरी है। प्रत्येक नगर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर प्रयास करें कि 18 वर्ष से अधिक का कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित न रह जाये। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने तथा मतदाताओं को जागरूक करने सम्बन्धी किये जा रहे प्रयास बहुत ही सराहनीय हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए चलाये जा रहे प्रयास बहुत ही सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि जनपद के अधिकारियों तथा विभिन्न विभागों द्वारा आशा, आंगनबाडी, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा ग्राम पंचायतों के सचिवों द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के लिए किये जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि आज के आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं की उपस्थित देखकर अपार खुशी हो रही है, क्योंकि महिलाओं का मतदान प्रतिशत बढ़ाने में बहुत बड़ा योगदान रहता है। उन्होंने कहा कि हर बूथ पर यह प्रयोजन किया है कि प्रत्येक मतदाता का मतदाता सूची में नाम जुड सके तथा कोई भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में जुडने से न रह जाए। उन्होंने कहा कि हर बूथ पर मतदाता सूची पढ़ी जा रही है, यदि किसी का नाम मतदाता सूची में नही है तो अभी भी अपना नाम फार्म-6 भरकर जुड़वा सकते है। पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय ने जनपद के सभी मतदाताओं से कहा कि पहले मतदान फिर जलपान, नारे को सच साबित करें। उन्होंने कहा कि मतदान बहुत बडा राष्ट्र धर्म है, सभी प्रयास करें कि हम लोग शत-प्रतिशत मतदान कर 85 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन करें। कार्यक्रम को सीडीओ वेदप्रकाश मौर्य ने कहा कि आइकान जलपुरुष उमाशंकर पाण्डेय, शूटर प्रकाश पाण्डेय, किशोरी गुरु, आशा कार्यकत्री, आंगनबाडी, एनआरएलएम की दीदियों द्वारा जनपद में महिला एवं पुरूषों का मतदान प्रतिशत बढाने में बहुत बडा योगदान रहेगा। जनपद के 120 सचिव सभी ग्राम पंचायतों में मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करेंगे।



मतदान की शपथ दिलाते आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी। अमृत विचार



मतदान करने की शपथ लेते उपस्थित लोग। अमृत विचार

### अच्छा कार्य करने पर बीएलओ सम्मानित

- मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ को आयुक्त, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और जलपुरुष ने राधा देवी, कल्पना सिंह, ललिता देवी, वन्दना देवी, बिष्णु सिंह, नीता सिंह, अमीना खातून, संतोष कुमारी, सुधा देवी, वंदना देवी, मीनू त्रिपाठी, किरन, डा. सबीहा रहमानी, डा. द्वारिका प्रसाद यादव, डा. शकुन्तला गुप्ता, डा. गरिमा द्विवेदी आदि को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### मनमोहक कार्यक्रमों का हुआ प्रस्तुतीकरण

- कार्यक्रम के दौरान जनपद के आर्यकन्या विद्यालय की बालिकाओं तथा रानी दुर्गावती समिति की बालिकाओं द्वारा मनमोहक कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया गया। रानी दुर्गावती की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत चंगेलिया लोकनृत्य राजा दशरथ जी के घरवा, आज जन्मे ललनवा गीत को दर्शकों द्वारा सराहा गया। दयाराम एण्ड पार्टी द्वारा भी निर्वाचन से संबंधित गीत प्रस्तुत किये गये।

## चौकी में घुसकर मारपीट के मामले में आया नया मोड़

**बांदा।** चौकी में घुसकर व्यापारी को पीटने के मामले में बसपा नेता ने पीड़ित पर ही आरोप लगाए हैं।

गौरतलब हो कि अतर्रा के रहने वाले एक व्यापारी के साथ शनिवार की रात को बसपा नेता धीरज राजपूत और गुर्गों के द्वारा पुलिस चौकी में घुसकर मारपीट का मामला सामने आया था। पीड़ित ने नगर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। इधर, सोमवार को सोशल मीडिया पर बसपा नेता का बयान वायरल हुआ। उसमें उन्होंने कहा कि शनिवार की रात को वह अपने घर के बाहर खड़े थे। तभी एक कार में पांच-छह लोग आए और पुराना रुपया देने की बात करने लगे। इसी दौरान धक्का-मुक्की होने लगी। उसने बताया कि उसकी पत्नी सुजाता राजपूत बचाने आईं तो हमलावरों ने उनका मंगलसूत्र छीन लिया और भाग गये।




सुन्नी

इफ्तार (मंगलवार) 06 :34 बजे | सहरी (बुधवार) 04 :33 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# राहत: सीडीओ के आदेश के बाद अब पकड़े जा रहे अन्ना मवेशी

## आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए लगाई गईं टीमें, दुर्घटनाओं में भी आएगी कमी

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में घूम रहे अन्ना मवेशियों को संरक्षित करने के लिए चित्रकूट धाम मंडल बांदा के कमिश्नर ने आदेश जारी कर दिए हैं। जिसके तहत मुख्य विकास अधिकारी ने अन्ना मवेशियों को गौशालाओं में भेजे जाने के लिए खंड विकास अधिकारियों और अधिशासी अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए है।

मुख्य विकास अधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों और खंड विकास अधिकारियों को भेजे गए पत्र में बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 का कार्यक्रम चुनाव आयोग द्वारा जारी किया जा चुका है, जिसके तहत उच्चाधिकारी और प्रेषकों द्वारा जनपद में भ्रमण किया जाएगा, जिसके फलस्वरूप शहरी क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्गो, सड़कों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी निराश्रित गोवंश घूम रहे हैं, ऐसी स्थिति में इन मवेशियों को तत्काल पकड़कर नजदीक की गौशालाओं और आश्रय स्थल में संरक्षित कर उनके खानपान का समुचित इंतजाम किए जाने के निर्देश दिए गए है।



अन्ना मवेशियों को गौशाला ले जाते कर्मचारी। अमृत विचार


सीडीओ द्वारा जारी किए गए आदेश के बाद शहरी क्षेत्रों में नगर पालिका और नगर पंचायतों द्वारा टीमें लगाकर अन्ना मवेशियों को सोमवार को भी पकड़ा गया। जबकि ग्रामीण अंचलों में बीडीओ के निर्देश पर आज से अन्ना मवेशियों को गौशाला में भेजे जाने के लिए टीमों को लगाया गया है।

गोवंश आश्रय स्थलों से संरक्षित गोवंशों का शतप्रतिशत ईयर टेगिंग, बधियाकरण और घायल जानवरों का चिकित्सा उपचार करना सुनिश्चित किया जाए, इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीडीओ के इस आदेश से खंड विकास अधिकारियों और अधिशासी अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## एक नजर

### बैंक तो खुले पर नहीं हुआ ग्राहकों का कोई काम

**महोबा।** सोमवार को बैंक तो खुले लेकिन ग्राहकों के लेनदेन का काम ठप रहा। तमाम ग्राहक पैसा निकालने और जमा करने के लिए बैंक पहुंचे लेकिन मायूस होकर वापस लौट आये। बैंक कर्मचारी क्लोजिंग के कार्य में डटे रहे, जिससे बैंकों में किसी भी तरह का जमा और निकासी का कार्य नहीं हो सका। वहीं एटीएम के सर्वर डाउन होने से लोग खासे परेशान रहे। वित्तीय वर्ष के पहले दिन जहां एक तरफ बैंकों में कामकाज का बोझ बढ़ गया, वहीं दूसरी तरफ काम का अधिक लोड होने के कारण सर्वर भी धीमा चलता रहा, जिसके चलते ज्यादातर एटीएम के भी सर्वर डाउन रहे।



बैंक के बाहर खड़े पुलिस कर्मी। अमृत विचार

# एसपी के निर्देश पर जांची बैंकों की सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता महोबा

- बैंकों में तैनात सुरक्षा गार्डों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के दिए गए दिशा-निर्देश

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर सोमवार को अलग अलग थाना कोतवाली पुलिस ने विभिन्न बैंकों में जाकर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अभियान चलाया, जिसके मद्देनजर जिले के सभी कोतवाली प्रभारी निरीक्षकों और थानाध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्र के बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और सुरक्षा उपकरणों की स्थिति को देखा।

पुलिस बल ने संचालित बैंकों, पेट्रोल पंपों सहित अन्य वित्तीय संस्थानों में भ्रमण किया। इस दौरान बैंक के अंदर और बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग भी की गई। बैंकों के आसपास खड़े लोगों से पूछताछ कर उनको वहां से हटाया गया। इस दौरान बैंक के अंदर लगे सीसी टीवी कैमरों, आलर्म और सुरक्षा संबन्धी उपकरणों को परखा गया।

पुलिस टीम ने बैंक प्रबंधकों से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की साथ ही बैंक में ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ साथ अलर्ट रहकर ड्यूटी करने के दिशा निर्देश दिए। इसके बाद बैंकों के बाहर घूम रहे लोगों को वहां से हटाया गया और बैंक के आसपास दोबारा न आने की चेतावनी भी दी गई। बैंकों के बाहर खड़े आओ तिरछे वाहनों को तरतीब से खड़ा कराया और सड़क पर खड़े वाहनों को हटवाया गया और बेवजह यहां न आने के निर्देश दिये गये।

# अब ईद पर नहीं दिखाई देता अलीगढ़ का कुर्ता-पाजामा

कार्यालय संवाददाता महोबा

- रेडीमेड के बढ़ते चलन से पैंट शर्ट पहनकर नमाज पढ़ने जाते हैं तमाम लोग

**अमृत विचार।** दो दशक पहले ईद त्योहार पर अलीगढ़ पाजामा और कुर्ता का खासा चलन हुआ करता था। ईद आने से पहले ही टेलरों की दुकान पर अलीगढ़ पाजामा और कुर्ता सिलवाने वालों की अच्छी खासी भीड़ जुटती थी। स्थिति यह थी कि कुर्ता पाजामा के कारीगरों की दुकानों पर इतनी सिलाई आ जाती थी कि 25वें रोजे से दुकानों के बाहर फुलहाउस के बोर्ड टांग दिए जाते थे, लेकिन आज कुर्ता पाजामा के कारीगर हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं। अब इन दुकानों पर न तो पहले जैसी सिलाई आती है और न ही फुलहाउस के बोर्ड दिखाई देते हैं। अलीगढ़ कुर्ता पाजामा की जगह अब जींस शर्ट ने ले ली है। युवा पीढ़ी ट्राउजर, जींस, पैंट शर्ट ईद त्योहार पर रेडिमेड खरीदने लगे हैं।

बदलते जमाने के साथ अब बहुत कुछ बदल गया है। रेडिमेड के बढ़ते चलन के चलते कुर्ता पाजामा के दर्जी और कारीगर ईद जैसे त्योहार के मौके पर भी सिलाई आने का इंतजार करते हैं, जबकि रेडिमेड दुकानों पर खरीददारों की भारी भीड़ जुटती है। इतना ही नहीं कुर्ता पाजामा सिलवाने वालों की संख्या तेजी से घटी है। यही वजह है कि इनके कारीगरों को ईद पर्व पर भी उम्मीद के अनुरूप काम नहीं मिलता है।

कुर्ता पाजामा के साथ साथ शेरवानी भी अब गायब हो गई है। कारण, पैंट शर्ट का चलन बढ़ने से कुर्ता पाजामा का क्रेज कम हो गया है, जिस कारण अलीगढ़ पाजामा के साथ पहनी जाने वाली शेरवानी का चलन भी खत्म हो गया है। एक समय था जब युवा शादी में पाजामा और शेरवानी पहनकर बारात मे जाते थे, लेकिन अब कोट पैंट के आगे शेरवानी को लोग भूल गये।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज महोबा में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्रों को प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। पुरस्कृत किए जाने से छात्रों के चेहरे खुशी से खिले नजर आये। वक्ताओं ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपने विचार व्यक्त कर मार्ग दर्शन किया।

वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह की शुरुआत प्रधानाचार्य कमलेश सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित और पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद विद्यालय के छात्रों द्वारा मां सरस्वती की वंदना सुनाकर वातावरण भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें छह के छात्र सक्षम विश्वकर्मा ने प्रथम, अक्षय गौतम ने द्वितीय तथा अमन रिछारिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। कथा सात के छात्र ऋषि ने पहला, कृष्ण कुमार सोनी ने दूसरा व अंश कुशवाहा ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार कक्षा आठ के सेक्शन ए और बी के छात्र यश कुशवाहा, आर्यन शुक्ला ने पहला, संस्कार गंगेले, सत्यम सोनी ने दूसरा व आदित्य और सूर्यांश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौ के ऋषभ द्विवेदी, रुपेश कुमार ने प्रथम, प्रिंस कुमार, सिद्धार्थ ने द्वितीय और यश कुशवाहा, प्रेम चंद्रयाल ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार सभी कक्षाओं के मेधावियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते आचार्य। अमृत विचार

- सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज महोबा में आयोजित हुआ वार्षिक कार्यक्रम

इस मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यार्थी को सदैव प्रत्यनशील रहकर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रीत करना चाहिए। संगीताचार्य पंडित जगप्रसाद तिवारी ने कहा कि हमारे विद्यालय के छात्र जहां भी जाते हैं, वहां अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो जाते हैं। इस मौके पर आचार्य जयनारायण तिवारी, गिरीश कुमार सक्सेना ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में सभी छात्रों के क्लास टीचरों द्वारा रिजल्ट का वितरण किया गया।

# दस विभागों का 19.11 करोड़ का बजट वापस

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- बजट खर्च करने में मौदहा बांध सबसे आगे, सबसे फिसड्डी रहा स्वास्थ्य विभाग

**अमृत विचार।** वित्तीय वर्ष के आखिरी दिन रविवार को देर रात तक कई विभाग बजट ठिकाने लगाने में जुटे रहे। हर दिन की तरह कार्यालय गुलजार रहे। दस विभागों का 19.11 करोड़ का बजट वापस हो गया।

ट्रेजरी से 10 विभागों के मिले डाटा के अनुसार 19.11 करोड़ का बजट वापस किया गया है। जिसमें सबसे अधिक बजट खपाने में मौदहा बांध आगे रहा है। वित्तीय वर्ष 23-24 में मिले कुल 35 करोड़ 43 लाख 56 हजार के सापेक्ष विभाग ने 35 करोड़ 43 लाख 50 हजार 990 रुपये खर्च किए हैं। फिसड्डी रहे स्वास्थ्य विभाग को पिछले वित्तीय वर्ष कुल 59 करोड़ 56 लाख 45 हजार 964 रुपये के सापेक्ष 52 करोड़ 21 लाख 8208 रुपये ही खर्च कर सका। जबकि सात करोड़ 35 लाख 37 हजार 656 रुपये की धनराशि वापस की है। इसी प्रकार

> दस विभागों ने करीब 19.11 करोड़ का बजट वापस किया है। अभी लेखा जोखा का कार्य चल रहा है। कई विभागों में पद रिक्त होने से वेतन मान का बजट डंप रहा है। जिसे वापस किया गया है।
>
> **रविंद्र सिंह आर्य, वरिष्ठ कोषाधिकारी**

लोनिवि प्रांतीय खंड ने दो करोड़ 63 लाख 55 हजार 407 रुपये, प्रांतीय खंड सीडी-2 का चार लाख 74 हजार 963 रुपये, लघु सिंचाई विभाग का चार लाख 93 हजार 579 रुपये, नलकूप विभाग का एक करोड़ 83 लाख 81 हजार 78 रुपये, बेसिक शिक्षा का तीन करोड़ 56 लाख 31 हजार 891 रुपये, माध्यमिक शिक्षा का दो करोड़ 10 लाख 44 हजार 363 रुपये, लघु डाल का 21 हजार 180 रुपये व कृषि विभाग का 1.52 करोड़ का बजट वापस हुआ है।

# रंगपंचमी पर लोगों ने खेली फूलों की होली

संवाददाता खन्ना महोबा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम मनोरा धाम में रंगपंचमी का आयोजन किया गया, जहां पर लोगों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर फूलों की होली खेली, जिससे पूरा परिसर फूलों से पट गया। इस दौरान ग्रामीणों में रंगपंचमी के प्रति विशेष उत्साह दिखाई दिए। कार्यक्रम में शामिल होने आए लोग अपने साथ अबीर गुलाल और फूल लेकर पहुंचे, इसके बाद शुरू हुई रंगपंचमी देर रात तक चलती रही, जिसका ग्रामीणों ने जमकर लुत्फ उठाया।

ग्राम मनोरा धाम में आयोजित किए गए रंगपंचमी कार्यक्रम में एक दर्जन से ज्यादा ग्राम के ग्रामीण रंगपंचमी का आनंद लेने के लिए चद्रावल नदी के तट पर प्राचीन सिद्ध पीठ बाल हनुमान मंदिर मनोरा धाम परिसर पर पहुंचे, जहां पर मिलजुल कर रंगपंचमी मनाई गई। संत योगी बाबा की देखरेख में क्षेत्र के भारी संख्या में आए ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।



रंगपंचमी कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

- ग्रामीणों ने देर रात तक रंगपंचमी और फाग गायन का लिया आनंद

मंदिर प्रांगण में ढोलक और हारमोनियम की धुन पर अध्यात्मिक फागों का भी गायन हुआ। फाग गायन के लिए तमाम बुजुर्गों के अलावा चरवाहे भी पहुंच गए, इसके बाद शुरू हुआ फाग कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। फाग सुनने के लिए दूर दराज से आए ग्रामीण अचंलों के लोगों ने फाग का खूब आनंद लिया।

# प्रभु की नजर में कोई छोटा कोई बड़ा नहीं

**जैतपुर महोबा।** अमृत विचार। कथावाचक पंडित परमानंद शास्त्री ने कहा कि प्रभु की नजर में न कोई छोटा है ना बड़ा है उसके यहां किसी भी तरह का भेदभाव नहीं है वह सभी को बराबर से देखता है। जो भगवान की सच्चे मन से भक्ति करता है उसी से भगवान प्रसन्न होते हैं।

कथा वाचक कस्बा बेलाताल में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन भक्तों को रसपान कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान के यहां सभी को न्याय मिलता है, जरूरत है सिर्फ सच्चे मन से उसकी भक्ति करने की। उन्होंने कहा कि यदि भगवान धनवानों को मिलते तो फिर सुदामा को भगवान क्यों मिले। शास्त्री जी ने कहा कि यही वजह है कि सुदामा को भगवान की भक्ति से दर्शन हुए।

# टोटियां न लगाने से हजारों लीटर पानी हो रहा बर्बाद

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** कस्बा जैतपुर में नमामि गंगे योजना के तहत लोगों को घर तक पानी पहुंचाने के लिए पाइप लाइन तो बिछा दी गई, लेकिन इन पाइन लाइनों में टोटियां न लगाए जाने से हजारों लीटर पानी बेवजह सड़कों पर बहकर बर्बाद हो रहा है। इतना ही नहीं कई स्थानों पर ठेकेदार की लापरवाही और उदासीनता के चलते पाइन लाइन क्षतिग्रस्त भी हो गई है, जिससे सड़कों पर पानी भरने से लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कस्बा वासियों ने इसकी शिकायत विभाग से कई बार की, लेकिन विभागीय अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंगी।

नामामि गंगे योजना के तहत हर घर पानी पहुंचाने के लिए सड़कों को काटकर पाइप लाइन बिछाई गई और पाइप लाइन बिछाने के बाद ठेकेदार द्वारा खोदी गई सड़क पर मिट्टी डालकर पूर दिया गया और सड़क को पूरी तरह से समतल न करके उबड़ खाबड़ ही छोड़ दिया गया, जिससे कस्बा वासियों को परेशानी हो रही है। बिछाई गई पाइप लाइन से लोगों को कनेक्शन देने के बाद उन पाइपों पर टोटी न लगाए जाने से पेयजल आपूर्ति चालू होते ही बेवजह हजारों लीटर पानी सड़क पर बहकर बर्बाद होता रहता है। कस्बा वासी अर्जुन सिंह, मोहम्मद नवी, बृजगोपाल कुशवाहा, रामबाबू अहिरवार, अनिल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, हसमत, सुनील कुमार, इकबाल कुरैशी आदि का कहना है कि पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क पर मिट्टी डालकर खानापूरी कर सड़क के गड्ढों को पूरी तरह नहीं भरा गया।



पाइप लाइन लीकेज होने के कारण सड़क पर बह रहा पानी। अमृत विचार

- नमामि गंगे योजना के तहत बिछाई गई पाइप से सड़कें हो गईं ऊबड़-खाबड़

जिससे लोगों को निकलने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। बताया कि स्कूल आने जाने वाले विद्यार्थियों को आए दिन सड़क पर भरे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे छात्र छात्राएं आए दिन फिसल कर घायल हो जाते हैं। कस्बा वासियों ने क्षति ग्रस्त पाइप लाइन और पाइप में टोटियां लगवाए जाने की जिम्मेदार अधिकारियों से मांग की है।

सियासत | संसदीय सीट हमीरपुर- महोबा पर तीन बार से लगातार जीत रहा क्षत्रिय उम्मीदवार

# 25 साल से नहीं जीत सका लोधी प्रत्याशी

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** हमीरपुर-महोबा संसदीय सीट पर पिछले 25 साल से कोई भी लोधी प्रत्याशी नहीं जीता है। जबकि इस संसदीय सीट पर सबसे ज्यादा लोधी प्रत्याशियों का कब्जा रहा है। इस संसदीय सीट पर लोधी मतदाताओं की अच्छी खासी संख्या होने के बाद भी समाज के वोट को लोधी प्रत्याशी अब एकजुट नहीं कर पा रहे हैं, जिसका खामियाजा लोधी प्रत्याशियों को भुगतना पड़ रहा है। इतना सब होने के बाद भी समाजवादी पार्टी ने लोधी प्रत्याशी पर दांव लगाया है, जबकि भाजपा ने लगातार दो बार जीत दर्ज करने वाले ठाकुर प्रत्याशी पर भरोसा जताया है।

गौरतलब है कि हमीरपुर, महोबा, तिंदवारी संसदीय सीट पर 1967 और 1971 में स्वामी ब्रम्हानंद लोधी ने जीत दर्ज की थी। 1980 में लोधी प्रत्याशी डूंगर सिंह और 1984 में स्वामी प्रसाद ने, 1989 में गंगाचरण राजपूत और 1996 और 1998 में यह सीट लोधी प्रत्याशी गंगाचरण राजपूत ने जीती थी, जिसके चलते इस सीट पर सात बार लोधी प्रत्याशी ने अपना दबदबा कायम रखा। इसी तरह इस सीट पर ठाकुर प्रत्याशी तेज प्रताप सिंह ने 1977 में कब्जा किया। इसके बाद 1999 में अशोक सिंह चंदेल ने जीत दर्ज की। 2009 में विजय बहादुर, 2014 और 2019 में कुं. पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने लोकसभा चुनाव में जीत का सेहरा अपने सिर बांधकर दिल्ली का रास्ता तय किया।



### कभी इस सीट पर लोधी प्रत्याशियों का रहा दबदबा

1952 से हुए अब तक 17 बार हुए लोकसभा चुनाव में सात बार लोधी प्रत्याशी, पांच बार ठाकुर प्रत्याशी, पांच बार ब्राह्मण प्रत्याशी का दबदबा रहा। इसके अलावा किसी अन्य वर्ग का प्रत्याशी आज तक इस संसदीय सीट से नहीं जीता है। यही वजह है कि राजनैतिक दलों ने सबसे ज्यादा ठाकुर, ब्राह्मण और लोधी प्रत्याशी पर भरोसा जताया है। इस दफा के लोकसभा चुनाव में भी प्रमुख तीन दलों ने लोधी और ठाकुर प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारा है, जिससे एक बार फिर चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। चुनाव को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है।

सबसे ज्यादा सात बार संसदीय सीट पर जीत का परचम लहराने वाले लोधी प्रत्याशियों को 1998 के बाद से आज तक जीत नहीं मिली। इतना ही नहीं हर दल की पहली प्राथमिकता लोधी प्रत्याशी को दी जाती थी, लेकिन बदलते वक्त के साथ अब बहुत कुछ बदल गया है। यही वजह है कि राजनैतिक दल 1999 से अब तक समय समय पर लोधी प्रत्याशियों पर दांव लगा रहे हैं, लेकिन लोधी वोट बैंक के बिखराव के चलते लोधी प्रत्याशी 1998 के बाद से अब तक संसद नहीं पहुंच सका। हालांकि इस दफा समाजवादी पार्टी ने लोधी प्रत्याशी अजेंद्र सिंह राजपूत पर भरोसा जताया है, जबकि 2019 के चुनाव में कांग्रेस ने प्रीतम सिह लोधी को प्रत्याशी बनाया था। इससे पहले के चुनाव में भी अन्य दल लोधी प्रत्याशी पर दांव लगाते आ रहे हैं, लेकिन जीत का सेहरा 2007 के लोकसभा चुनाव से लगातार ठाकुर प्रत्याशी के सिर जनता बांध रही है। इसलिए 2024 के लोकसभा चुनाव

# पुलिस ने छह अभियुक्तों को पकड़ा

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिला पुलिस की टीमों का गठन कर अपने अपने क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत शहर कोतवाली, थाना खन्ना और थाना कबरई पुलिस टीम ने दो दो वांछित अभियुक्तों को पकड़ने में सफलता हासिल की है।

शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित की गई टीम के उपनिरीक्षक बुद्धिसागर और उपनिरीक्षक सत्यवेंद्र सिंह भदौरिया द्वारा अलग-अलग स्थान से वांछित अभियुक्त गोविंद कुमार गुप्ता (48) पुत्र रामेश्वर दयाल गुप्ता और हुसन (47) पुत्र बफाती को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। वहीं थानाध्यक्ष कबरई वीरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई टीम के उपनिरीक्षक रामकिशन यादव ने अपनी टीम के साथियों सहित न्यायालयसीजेएम बांदा का वांछित अभियुक्त इफ्तिखार (45) व जर्रार अहमद (42) को थाना क्षेत्र से पकड़ा है। इसी प्रकार थाना खन्ना के प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार नागर द्वारा उपनिरीक्षक राधेश्याम सिंह, उपनिरीक्षक मौजीलाल वर्मा, उपनिरीक्षक नंद कुमार मिश्रा, कांस्टेबल ब्रजेंद्र सिंह भदौरिया, हरनाम की गठित की गई टीम ने वारंटी अभियुक्त बुन्नी प्रजापति (29) पुत्र मंगी व अतुल सिंह (40) पुत्र रामकुमार सिह निवासी ग्राम पुरा खन्ना को पकड़ा है। दोनो वांछितों के खिलाफ न्यायालय सिविल जज जूनियर डिविजन महोबा से वांरट जारी किया गया था। सभी वांछितों के खिलाफ पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेजा है।

### पुलिस ने अवैध शराब सहित तीन लोगों को किया गिरफ्तार

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर अवैध शराब करोबारियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला पुलिस ने तीन लोगों को अवैध शराब सहित गिफ्तार करने के बाद अभियोग दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की गई है। थाना कबरई पुलिस टीम के उपनिरीक्षक कमलाकांत द्विवेदी द्वारा क्षेत्र का भ्रमण करते समय मंगल सिंह (35) पुत्र प्रेम सिंह, अजय कुमार द्विवेदी (55) पुत्र गंगाराम पर शक होने पर रोशन सिंह बदन सिंह महाविद्यालय के पास से पकड़ा। तलाशी लेने पर उनके पास से दोनों के थैलों से 22-22 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद की गई। इसी प्रकार थाना खरेला प्रभारी निरीक्षक द्वारा गठित की गई टीम के उपनिरीक्षक रामअभिलाष यादव ने टीम के साथ भानुप्रताप कुशवाहा (37) पुत्र नाथूराम निवासी ग्राम जरौली थाना खरेला को ग्राम चंदौली रोड से हिरासत में लिया है। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उसके पास से प्लास्टिक की केन से दस लीटर अवैध शराब बरामद की गई है।

### नीलगाय के हमले से किसान हुआ गंभीर रूप से घायल

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के सदर गांव में खेत में काम कर रहे किसान पर अचानक नील गाय ने हमला कर दिया। नीलगाय के हमले से खेत में काम कर रहा किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे मौके पर मौजूद परिजनों ने आनन फानन में इलाज के लिए कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया।

**स्वामी विवेकानन्द महाविद्यालय**
मामना- छतरपुर रोड, महोबा (उ0प्र0)
(सम्बद्ध- बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी)
**आवश्यकता है**
01- प्राचार्य, 02- कला संकाय- (शिक्षाशास्त्र, इतिहास, अंग्रेजी, अंग्रेजी साहित्य, गृहविज्ञान, हिन्दी साहित्य, समाजशास्त्र, राजनीतिक विज्ञान), 03- वाणिज्य संकाय- (संकाय के समस्त विषय)
योग्यता- आरक्षण एवं वेतन मान उ0प्र0 सरकार, NCTE एवं बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी के अनुसार
आवेदक अपने समस्त योग्यता प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ फोटोग्राफ सहित महाविद्यालय की ई मेल आई.डी. अथवा कार्यालय में 8 दिवस के अन्दर जमा करें, साक्षात्कार की सूचना दूरभाष पर दी जायेगी।
Email: svnmahoba2017@gmail.com
सम्पर्क सूत्र: 9179311000, 9450269095
प्राचार्य

# 15 दिन बाद सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों पर हुई बोहनी

## जिले में इस बार गेहूं खरीद के लिए सर्वाधिक 65 केंद्र खोले गए

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत गेहूं खरीद के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी को लेकर पिछले 15 मार्च से 65 केंद्र संचालित कर दिए गए। दो खरीद केंद्रों में 55.50 क्विंटल गेहूं खरीद कर बोहनी भी कर ली गई। देखा जाए तो इन दिनों गेहूं फसल की हर कहीं थ्रेसरिंग हो रही है। खुले बाजार में गेहूं के भाव को देखते इस बार संभावना जताई जा रही है कि सरकारी केंद्र लक्ष्य को पाने में सफल रहेंगे।

गेहूं खरीद हर साल की तरह आगामी 15 जून तक निर्धारित की गई है। वहीं गेहूं का समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। जबकि वर्तमान में बाजार में गेहूं का मूल्य 2200 रुपये चल रहा है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी घनश्याम वर्मा ने बताया कि जिले में 15 मार्च से गेहूं केंद्र संचालित कर सभी तैयारियां पूरी कर ली थी। बताया गेहूं खरीद के लिए 65 केंद्र खोले गए हैं। इनमें खाद्य विभाग के नौ केंद्र हैं।



कुराराके गेहूं खरीद केंद्र में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

**● समर्थन मूल्य में 150 रुपये की बढ़ोतरी के साथ 2275 रुपये प्रति क्विंटल हो रही खरीद**

पीसीएफ के 46, भारतीय खाद्य निगम के पांच, मंडी समिति के दो, नैफेड के तीन खरीद केंद्र हैं। उन्होंने बताया कि अभी किसान खेतों में गेहूं फसल की थ्रेसरिंग कराने में जुटे हैं। पड़ रही गर्मी को देखते गेहूं फसल पूरी तरह पक चुकी है। कहा अगले हफ्ते तक नया गेहूं मंडी में आने लगेगा।

बताया अभी तक राठ क्षेत्र के दो केंद्रों में एक में 21.50 क्विंटल व दूसरे में 35 क्विंटल की खरीद हो चुकी है। बताया कि इस बार शासन से 82 हजार 700 एमटी गेहूं की खरीद का लक्ष्य आया है।

# होमगार्डों ने ई-रिक्शा चालक को पीटा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल के पास एक ई रिक्शा चालक के साथ होमगार्डों ने मारपीट कर दी। इस मामले का लोगों ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। उधर कुछ देर बाद सामान लादकर आनूपुर मोड़ गए चालक की तबीयत बिगड़ गई। जिसे उसके साथियों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

जिला अस्पताल के सामने दो होमगार्ड अशोक कुमार व आसाराम की ड्यूटी शांति एवं यातायात व्यवस्था के लिए लगाई गई है। शहर के केसरिया डेरा निवासी चालक बाबूलाल निषाद पुत्र रामसेवक ने ई रिक्शा गेट के सामने खड़ा कर दिया। इसके कारण अस्पताल के अंदर आने जाने वाले मरीज एवं

**● ई-रिक्शा चालक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया**

उनके सहायता करने वाले व्यक्तियों को परेशानी होने लगी। जिसके चलते ड्यूटी में तैनात होमगार्ड ने मारपीट कर दी। कोतवाली सदर पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने पर बुलाकर समझाया। ड्यूटी में तैनात होमगार्ड को भविष्य में इस प्रकार के आचरण नहीं करने की हिदायत दी गई। कोतवाली पुलिस द्वारा अन्य आरोपों की जांच की जा रही है। जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उधर सामान लादकर आनूपुर मोड़ गए ई रिक्शा चालक की हालत बिगड़ने पर उसके साथियों ओमबाबू प्रजापति व रणबहादुर यादव ने वहां के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

# रैली में मतदान के लिए किया जागरूक

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम पचखुरा बुजुर्ग व सुरौली बुजुर्ग में स्वीप के अंतर्गत रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। एडीओ आइएसबी ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान के लिए शपथ दिलाई।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को ग्राम पचखुरा बुजुर्ग व सुरौली बुजुर्ग में प्रभारी बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार के निर्देशन में मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ एडीओ आईएसबी जगदंबा प्रसाद ने किया। गांवों में ई-रिक्शा में माइक लगाकर प्रचार प्रसार किया गया।

उन्होंने रैली के साथ गांव भ्रमणकर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक




सुरौली बुजुर्ग में मतदाता जागरूकता रैली निकालते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

**● स्लोगन के जरिए मतदाताओं को किया जागरूक**

किया। रैली में शामिल छात्र छात्राओं व महिलायें मतदान बढ़ाने के लिए नारे लिखी तख्तियां लेकर घूमी और गलियों में माइक से नारे लगाए। जिसमें सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। अपना कर्तव्य निभाएंगे, पहले मतदान कराएंगे। आओ मिलकर अलख जगाएं, शत प्रतिशत मतदान कराएं शामिल रहे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने लिए मतदान जरूरी है। इसके बाद रैली में शामिल लोगों को शपथ दिलाई। इस मौके पर एडीओ पंचायत मनीष कौशिक, सचिव रामसेवक, शिक्षक, शिक्षिकाएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं समूह की महिलाएं शामिल रहीं।

# शराबी पति से तंग आकर महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मुस्करा (हमीरपुर)।** कस्बे के छह थोक मोहल्ले में शराबी पति से तंग आकर महिला ने रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कस्बे के छह थोक मोहल्ला निवासी उपासना(35) पत्नी कैलाश ने रविवार शाम 7 बजे अपने घर में रस्सी से फांसी का फंदा बनाकर उसमें झूल गई। परिजनों को जानकारी होने पर आनन फानन उसे फंदे से उतारकर कस्बे की सीएचसी ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पड़ोसियों व अन्य लोगों ने बताया कि मृतका का पति कैलाश शराब पीने का आदी है। इसी के चलते पति-पत्नी में आए दिन झगड़े होते रहते थे। शादी 16 वर्ष पहले हुई थी। मृतका अपने पीछे दो पुत्र 13 वर्ष और 10 वर्ष का छोड़ गई है। मृतका का मायका कंधौली गांव है। अभी तक मायके वालों ने किसी तरह की कोई तहरीर थाने में नहीं दी है। सोमवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। ससुरालियों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। थाना प्रभारी शशि पांडेय ने बताया कि अभी तक किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# लाइन लीकेज से बर्बाद हो रहा हजारों लीटर पानी

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के वार्ड संख्या चार में पेयजल पाइपलाइन में लीकेज होने से जहां लोगों के घरों में गंदा पानी पहुंच रहा है। वहीं हजारों लीटर पानी रोजाना बर्बाद हो रहा है।

कस्बे के वार्ड चार में पेयजल आपूर्ति के लिए दंगल मैदान के पास नलकूप लगा हुआ है। इस नलकूप से इस वार्ड के लगभग 5000 की आबादी को पानी मुहैया कराया जाता है। लेकिन पाइपलाइन में कहीं न कहीं लीकेज बना रहता है। दंगल मैदान के गेट के पास बांदा मार्ग के किनारे पाइप लाइन में लीकेज होने से जहां लोगों के घरों में गंदा पानी

**● लाइन से लगभग 5000 की आबादी को पानी दिया जाता**

पहुंच रहा है। वहीं हजारों लीटर पानी रोजाना बर्बाद हो रहा है। पूर्व सभासद राजेश सहारा का कहना है कि नलकूप चालू होते ही इस लीकेज से हजारों लीटर पानी बहकर नाली में जा रहा है। उन्होंने बताया कि कई महीने से लगातार लीकेज से पानी बह रहा है।

वहीं मोहल्ले वासियों का कहना है कि शिकायत के बाद भी इसे दुरुस्त नहीं कराया जा रहा है।अवर अभियंता विश्वलेंद्र नाथ ने बताया कि जानकारी मिली है। लीकेज को जल्द ठीक कराया जाएगा।

# हादसे को दावत दे रहा है टूटा पोल

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के पारा रैपुरा पावर हाउस के पास अज्ञात वाहन के टक्कर से टूटा हाईटेंशन लाइन का पोल हादसे को दावत दे रहा है। दस दिन पूर्व हुई घटना के बाद अभी तक इसे दुरुस्त नहीं कराया गया। अवर अभियंता का कहना है कि उन्हें जानकारी नहीं है।

गांव निवासी विजय, रामप्रकाश, विश्वनाथ, राकेश शर्मा, अनिरुद्ध आदि ने बताया कि पारा रैपुरा पावर हाउस के पास कैथी मार्ग के किनारे एक हाईटेंशन लाइन के खंभे को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिससे वह टूट गया और लाइन के तारों के सहारे टिका हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि तार लटक गए हैं। इससे कभी भी



सड़क किनारे टूटा पोल। अमृत विचार

बड़ा हादसा हो सकता है। बताया कि खेतों में तैयार फसलें खड़ी हैं। अगर इस झुके पोल से हवा के झोंके पर चिंगारी निकलती है तो किसानों को बड़ा खमियाजा भुगतना पड़ सकता है। कस्बे के सब स्टेशन के साथ यहां का चार्ज संभालने वाले अवर अभियंता अनिल कुमार से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि उन्हें पता ही नहीं है कि कोई हाईटेंशन लाइन का पोल टूट कर झुका हुआ है। बताया कि अब जानकारी मिली है। उसे शीघ्र ठीक कराया जाएगा।

# गैंगस्टर एक्ट के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** गैंगस्टर एक्ट के आरोपी की अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय मनोज कुमार शासन की अदालत ने जमानत अर्जी खारिज कर दी।

विशेष लोक अभियोजक सुशील कुमार त्रिपाठी ने बताया कि राठ थाना प्रभारी तारा सिंह पटेल ने मामला दर्ज कर बताया था कि वह अपने हमराही शिवेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार, डेगराज सिंह व चालक मनीष पाल के साथ एक जनवरी 2023 को रात साढ़े 12 बजे रवाना होकर क्षेत्र में वांछित अपराधी व अपराध रोकथाम एवं रात्रि गश्त के दौरान चरखारी रोड पर तैनात थे। तभी लोगों ने दबी जुबान बताया कि आलोक राजपूत, जितेंद्र सिंह उर्फ जीतू, प्रवेंद्र, भान सिंह उर्फ किल्टा, चंद्रपाल सिंह उर्फ चंदू, पीलू उर्फ प्रेमनारायण, लोकेंद्र यादव उर्फ कारतूस व प्रीतम का एक सुसंगठित गिरोह है। जो अपने निजी लाभ व सदस्यों के लाभ के लिए अपराध करते हैं। बताया कि गिरोह थानाक्षेत्र व अन्य जनपदों में भी अपराध कर दहशत बना रखी है। जिसका गैंग लीडर आलोक राजपूत है। जिनके खिलाफ कोई भी व्यक्ति रिपोर्ट लिखाने व गवाही देने की हिम्मत नहीं जुटा पाता है। गिरोह के आपराधिक कार्यों को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट ने गैंग चार्ट अनुमोदित किया था।

# लेनदेन के विवाद पर युवक को पीटा

**राठ।** जलालपुर थाना क्षेत्र के भेड़ी डांडा गांव में 80 रुपये के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के चलते एक दबंग व्यक्ति ने युवक के साथ गाली गलौज करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। घटना के बाद पीड़ित युवक ने थाने में लिखित तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। भेड़ी डांडा गांव के निवासी ओमबाबू निषाद ने बताया कि वह बालू खदान से वापस अपने घर जा रहा था। तभी रास्ते में उसे गांव का ही मलखान पुत्र बल्दी निषाद मिल गया। जो कि रुपयों के लेनदेन को लेकर उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। बताया कि जब उसने गाली गलौज करने का विरोध किया तो मलखान ने उसके साथ जमकर मारपीट कर दी।

# पुरानी पेंशन के लिए ब्लैक डे मनाया

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** अटेवा के प्रांतीय आह्वान पर जनपद के जिला महासचिव कमल किशोर और जिला संयोजक मानसिंह राजपूत की अगुवाई में पुरानी पेंशन बहाली के लिए पूरे जिले में शिक्षक अधिकारी व कर्मचारियों ने अपने कार्यस्थल में रहकर ब्लैक डे मनाया।

इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के अटेवा जिला प्रभारी अतुल कुमार ने कहा कि हम सब मिलकर पुरानी पेंशन बहाल करके रहेंगे। अटेवा जिला संयोजक ने कहा कि हमें पुरानी पेंशन को जन आंदोलन बनाना है। स्वास्थ्य विभाग के प्रदेश मंत्री संजीव त्रिपाठी ने कहा कि हम अटेवा की न्यायिक लड़ाई में हमेशा साथ रहेंगे। जिला प्रवक्ता रणविजय चक्रवर्ती ने कहा कि व्यवस्थापिका और न्याय पालिका को सरकार पुरानी पेंशन दे रही



काली पट्टी बांधकर विरोध जताते कर्मचारी। अमृत विचार

**● कार्य स्थलों में काली पट्टी बांधकर जताया विरोध**

है, तो कार्यपालिका को क्यों नहीं। जिला महासचिव कमल किशोर ने कहा कि आज ही के दिन 01 अप्रैल 2005 को सरकार ने कर्मचारियों, शिक्षकों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू की थी और शेयर आधारित नई पेंशन जबरन थोप दी थी। जिससे कर्मचारी सेवानिवृत्ति के समय लाचार और बेबस हो जाता है। ब्लॉक संयोजक जैनेंद्र अनुरागी, नीतिराज सिंह यादव, राजेंद्र कुमार, रमेश यादव, संतोष राजपूत, शालू सिंह, अनीता वर्मा, ऊषा गुप्ता, मालती झां, नीलम गुप्ता, कुलदीप वाल्मीकि, विनोद कुमार, मुख्तार अहमद खां सहित जिले भर के विभिन्न विभागों के समस्त कर्मियों ने हाथ में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह राजपूत ने सभी साथियों का आभार व्यक्त किया।

# पांच किमी सड़क के निर्माण की मांग

**हमीरपुर।** आजादी के 75 वर्ष बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्रामीणों ने लगभग 5 किमी की सड़क का निर्माण कराए जाने की मांग को लेकर सोमवार को उपजिलाधिकारी को पत्र सौंपा है।

कुरारा विकासखंड के बिन्दपुरी गांव निवासी रामदयाल, गेंदालाल, मनोहर लाल, जब्बार, भागीरथ, देवी प्रसाद, शकील, बाबूराम निषाद, राम अवतार, बाबूराम, सिद्धा सहित अन्य ग्रामीणों ने दिए पत्र में कहा कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी ग्राम बिन्दपुरी से बेरी लगभग पांच किमी की सड़क का निर्माण न होने से ग्रामीणों को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। यह सड़क पूर्णतया कच्ची होने के कारण बरसात के मौसम में वृद्ध, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को समय से स्वास्थ्य सुविधा न मिल पाने के कारण उनकी मृत्यु हो जाती है।

# जान जोखिम में डाल कर पार कर रहे नाला

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बदनपुर गांव के पास बने चेकडैम की मरम्मत किए जाने के बाद करोड़न नाले में पानी भर जाने से बिरखेरा के ग्रामीणों को खेत जाने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। नाले में पानी व जलकुंभी होने के बावजूद मजबूरी में ग्रामीण अपने जानवरों को लेकर निकल रहे हैं। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

क्षेत्र के बदनपुर व बिरखेरा मौजे में करीब 20 वर्ष पूर्व चेकडैम बनवाया गया था। जिससे इस नाले में हमेशा पानी भरा रहता था। नाले में पानी भरा रहने से बिरखेरा गांव निवासी राजाराम की पत्नी की निकलते समय डूब कर मौत हो गई थी। इस पर ग्रामीणों ने चेकडैम को तोड़ दिया था। जिससे नाले में एकत्र होने वाला पानी निकलने लगा था। ग्राम प्रधान अशोक यादव ने बताया



नाले से होकर गुजरता ट्रैक्टर। अमृत विचार

**● पानी भरने व जलकुंभी होने से कभी भी हो सकता है हादसा**

कि कैथी मार्ग से होकर मुंडेरा मार्ग को जोड़ने वाला रास्ता पहाडौली हार खेत को जाता है। जिसमें इस नाले पर उन्होंने पाइप डलवाकर मिट्टी से भरवाई थी। जिससे यह निकालने चलने लायक हो गया था। एक साल पूर्व बदनपुर वाले चेकडैम को मरम्मत करके ठीक कर दिया गया है। जिससे इस नाले में फिर से पानी रुकने लगा है।

करोडन नाले में नहर आदि का पानी आने से पहाडौली हार को जाने वाले रास्ते में पानी भरने के साथ जलकुंभी हो गई है। इससे रोजाना गांव के लोग निकलते हैं। गांव निवासी भगवती कुशवाहा, शिवकरन यादव, राममिलन कुशवाहा, रामफल यादव,दद्दी प्रजापति, प्रभु कुशवाहा आदि ने बताया कि नाले में पानी भरने व जलकुंभी होने से खेतों में जाने में बड़ी समस्या हो रही है। बकरी जानवर आदि ले जाने में भी दिक्कत हो रही हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि अगर रास्ते में पानी भरा रहा तो मजबूरी में उन्हें हार खेत जाने के लिए कई किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ेगा। ग्रामीणों ने इस जगह पर रपटा बनवाए जाने की मांग की है। ग्राम प्रधान अशोक यादव ने बताया कि वह नाले पर रपटा बनवाए जाने के लिए कार्य योजना में डाल रखा है। लेकिन कुछ लोगों की भूमिधरी नंबर होने के चलते रपटा बनाने में समस्याएं आ जाती हैं। इस वजह से कार्य नहीं हो पा रहा।

**मतदान जरूर करें** नैतिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र प्रेम एवं देश प्रेम में मतदान के महत्व और उसके विशेष अधिकार के बाबत भी शिविर में बताया गया

# स्काउट- गाइड शिविर में लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान का संदेश




मतदाता जागरुकता रैली निकालते छात्राएं व अध्यापक। अमृत विचार

संवाददाता, मौदहा- हमीरपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के सिसोलर स्थित किशनू बाबू शिवहरे महाविद्यालय में डीएलएड शिक्षक प्रशिक्षकों के पांच दिवसीय स्काउट गाइड शिविर समापन पर मतदाता चौपाल का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव ने लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान के लिए ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया।

शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.भवानीदीन प्रजापति ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर बीडीओ विपिन कुमार ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करने की अपील की।

स्काउट कैंप के समापन पर प्रातः ध्वजारोहण, शिष्टाचार सर्वधर्म प्रार्थना और बिना टेंट व बर्तन के भोजन बनाना इत्यादि कार्यक्रम हुए। इसके साथ ही सिसोलर में मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान के महत्व को लेकर एक वृहद जागरुकता रैली निकाली। साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्राम वासियों को जिलाधिकारी का शत-प्रतिशत मतदान का गर्व और सम्मान का संदेश दिया।

इस अवसर पर लीडर ट्रेनर स्काउट अकबर अली ने स्काउट के नैतिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र प्रेम एवं देश प्रेम में मतदान के महत्व और उसके विशेष अधिकार के बारे में जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर मीना गुप्ता, डॉ.श्याम नारायण, डॉ.रमाकांत पाल, गणेश सीहोर, अखिलेश कुमार सोनी, राजकुमार गुप्ता, आरती गुप्ता, प्रत्यूष त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

## अधिकारियों ने जारी किया मतदाता जागरुकता बैनर

**हमीरपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में स्वीप कार्यक्रम एवं जिला निर्वाचन से जुड़े समस्त नोडल अधिकारियों की बैठक लेते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडे ने 20 मई को लोकसभा निर्वाचन हमीरपुर के समस्त पहलुओं पर विधिवत चर्चा की। साथ ही उत्तरदाई विभाग एवं अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी तकनीकी जानकारी प्रदान कर समीक्षा की। इस अवसर पर जनपद में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं में जागरुकता के लिए मतदान जागरुकता बैनर एवं चार पहिया वाहनों के लिए स्टीकर का अनावरण किया। इसके साथ ही जनपद के समस्त विभागों में बैनर दिए गए, जो कार्यालय के मुख्य गेट पर लगा रहेगा तथा जनपद के समस्त चार पहिया वाहनों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्टीकर चस्पा कर जागरुकता लाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला तथा जनपद के समस्त विभागों से जनपदीय अधिकारी व स्वीप कोऑर्डिनेटर अकबर अली उपस्थित रहे।




मतदाता स्टीकर जारी करते डीएम व एसपी सहित अन्य अधिकारी। अमृत विचार




बरुआ गांव में मतदाता जागरुकता रैली निकालतीं महिलाएं। अमृत विचार

# पहले मतदान बाद में जलपान नारे के साथ निकाली रैली

**कुरारा (हमीरपुर)।** विकासखंड क्षेत्र के मिश्रीपुर और बरुआ गांव में खंड विकास अधिकारी के नेतृत्व में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मतदाता जागरुकता रैली निकालकर लोगों को मतदान करने की अपील की। क्षेत्र के मिश्रीपुर और बरुआ गांव में खंड विकास अधिकारी विपिन गुप्ता की अध्यक्षता में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने गांव में मतदाता जागरुकता रैली निकाली। रैली में महिलाएं पहले मतदान बाद में जलपान सहित विभिन्न नारा लगाते हुए ग्रामीणों को जागरूक करते हुए जागरूक किया। कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा अपने मतों का प्रयोग कर मतदान करें। कार्यक्रम में ब्लॉक मिशन प्रबंधक मयंक सिंह, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि मौजूद रहे।

# सरकारी केंद्रों से तौबा, आढ़तों में बेचा 9000 क्विंटल गेहूं

## व्यापारी बोले, वह किसानों से नकद और सरकारी दर पर ही खरीदते हैं गेहूं

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** गेहूं खरीद के लिए कस्बे में मंडी परिसर सहित नौ स्थानों पर केंद्र खोले गए हैं। 2275 प्रति क्विंटल गेहूं निर्धारित होने के बावजूद मंडी की आढ़तों में गेहूं आने का सिलसिला इस कदर तेज हुआ कि आठ दिनों में लगभग 9000 क्विंटल गेहूं व्यापारियों ने खरीदा है। जबकि सरकारी खरीद केंद्रों को किसान पूरी तरह से नजरअंदाज किए हैं।

सोमवार को गेहूं खरीद की पड़ताल की गई तो व्यापारियों ने कहा कि वह नकद व सरकारी दर से खरीदते हैं। किसान अपने आप खुले बाजार में बिना समय बर्बाद किए बेच रहे हैं। मौदहा स्थित मंडी परिसर में तीन गेहूं खरीद केंद्र विपणन, पीसीएफ, पीसीएफ क्रय विक्रय में बारदाना है। पैसा है लेकिन खरीद अधिकारी व पल्लेदार सन्नाटे में बैठे हैं। कस्बे में किसान सेवा सहकारी समिति के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में सिसोलर, सायर, इचौली, रीवन, बिगहना खरीद केंद्र में सन्नाटा पसरा रहा। मौसम के सुधरते ही गेहूं की मड़ाई व हार्वेस्टिंग तेज है। पिछले आठ दिन के अंदर मंडी के खुले बाजार में गला व्यापारियों ने तकरीबन 9000 क्विंटल गेहूं की खरीदारी कर डाली। वैसे सोमवार को गेहूं में खुले बाजार में भाव में मंदी दिखी। वहीं सरकारी केंद्रों में भी मंगलवार से किसानों का आना शुरू हो गया है।



मौदहा में खुले बाजार में गेहूं खरीदते व्यापारी। अमृत विचार

### 10-20 रुपये कम मिलने से कोई फर्क नहीं पड़ता



रमजान अली।

कम्हरिया गांव निवासी रमजान अली का कहना है कि अगर 10-20 रुपये प्रति क्विंटल की दर से सरकारी दरों से खुले बाजार में उन्हें कम भी मिलता है तो खुला बाजार पसंद करते हैं। पल्लेदारी व तौल के नाम पर मनमानी नहीं होती है। वहीं सरकारी खरीद में पंजीकरण कराने में पैसा खर्च कीजिए और बैंक में सीधे पैसा जाता है। अगर हमने किसान क्रेडिट कार्ड से पैसा ले भी रखा है तो हमें जरूरत के समय पैसा नहीं मिलता और पैसा हमारा बैंक में ही कट जाता है। इतना ही नहीं बल्कि बिक्री के लिए लंबी लाइन लगती है। वहां बिक्री के लिए एक दो दिन पड़ा रहना पड़ता है। ऐसी स्थिति में बेहतर है की माल बेचो और पैसा लेकर घर जाओ न समय की बर्बादी और न पैसे की बर्बादी।

### तमाम झंझटों से छुटकारा मिला



नसीब अली।

मांचा गांव निवासी नसीब अली का कहना है कि सरकारी खरीद के नाम पर किसानों के साथ सबसे बड़ी लूट हो रही है। उनके 50 किलो गेहूं का दाम सरकारी दर पर 1138 रुपये होता है तो खाद की बोरी भी सरकार 60 किलो की 1350 रुपये में देती है। वहीं पहले से पंजीयन कराओ आधार लिंक करो बैंक में पैसा जाएगा। सब सही है लेकिन पल्लेदारों की पल्लेदारी किसान नहीं सरकार देती है, लेकिन मौके पर पल्लेदारों की पल्लेदारी किसान से काट ली जाती है। जिससे गेहूं काटा जाता है और खरीद में कितने तरीके की पाबंदियां लगाई जाती हैं। ऐसे में मजबूर होकर किसान कुछ न कुछ पैसा केंद्रों में चढ़ा कर आता है। वहीं खुले बाजार में उसे उतना ही पैसा दो घंटे के अंदर प्राप्त होता है। समय की बर्बादी कम होती है और माल भी तत्काल बिकता है। यही वजह है कि सरकारी खरीद केंद्रों की तरफ जाना पसंद नहीं करते। इस वर्ष गेहूं की फसल जहां ओला और आंधी पानी से बच गई है। वहां कुछ बेहतर है। जबकि लाही, मटर और मसूर की फसल चौपट हो चुकी है। मंडी में गेहूं का एक सहारा है जहां बीते वर्ष 22-23 में 12000 क्विंटल ही गेहूं आया था। वहीं बीते वर्ष अप्रैल से जून तक अकेले सरकारी खरीद 120000 क्विंटल की हुई थी। जो अन्य जनपदों में अच्छी खरीद मानी गई थी। इस वर्ष आठ दिन के अंदर खुले बाजार में 9000 क्विंटल के आसपास गेहूं आ चुका है। जबकि सरकारी खरीद पूरी तरह शून्य है। लेकिन आने वाले समय में गेहूं के पैदावार अच्छी होने से प्रतिदिन मंडी में औसतन 3000 क्विंटल गेहूं की आवक बनी रहेगी।

### पंजीकरण करा चुके किसानों के आने का इंतजार

विपणन शाखा के खरीद प्रभारी सुभाष चंद्र ने बताया कि उनके यहां 100 किसानों का पंजीयन हुआ है, लेकिन खरीद अभी शून्य है। वहीं इसी के निकट पीसीएफ के क्रय विक्रय खरीद केंद्र के प्रभारी बालकृष्ण ने बताया कि उनके यहां 55 किसानों ने बिक्री के लिए पंजीयन कराया गया है। अभी किसान गेहूं लेकर नहीं आए हैं। उम्मीद है मंगलवार को कुछ खरीद हो सकती है। सोमवार को मंडी समिति के सचिव से इस संबंध में जानकारी का प्रयास किया गया। लेकिन वह दिन में दो बजे तक मंडी में ही नहीं थे। जबकि कर्मियों के अभाव के चलते यहां काम कर रहे दिलीप वाजपेयी ने बताया कि खरीद केंद्रों में सभी आवश्यक सामग्री उपलब्ध है। किसान का गेहूं मंडी में आने लगा है, लेकिन सरकारी खरीद शून्य है।





दुकान में नोटिस चस्पा करते एसडीएम व सीओ। अमृत विचार

# गैंगस्टर और उसकी पत्नी की 2.11 करोड़ की संपत्ति कुर्क

संवाददाता, मौदहा(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** गैंगस्टर के मामले में कस्बे के हुसैनगंज निवासी एक व्यक्ति व उसकी पत्नी के नाम दो करोड़ 11 लाख की संपत्ति जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर कुर्क की गई है। इन परिसंपत्तियों की संख्या करीब 16 बताई जा रही है।

कोतवाली क्षेत्र के परछा गांव निवासी सर्फुद्दीन उर्फ बुद्धू प्रधान, उसके भाई मोइनुद्दीन जुम्मू तथा आफताब सहित अन्य पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की जा चुकी है। अब इनके साथ गिरोह बनाकर अवैध तरीके से धन अर्जित करने के मामले में साथी कस्बे के हुसैनगंज निवासी सईद अहमद उर्फ बल्लू साइकिल वाले तथा उसकी पत्नी साबरा के नाम 16 परिसंपत्तियां कुर्क की गई है। जिनकी कीमत 2 करोड़ 11 लाख से अधिक आंकी गई है। सोमवार को जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर क्षेत्राधिकारी श्रेयश त्रिपाठी, इंस्पेक्टर रामाश्रय सरोज, नायब तहसीलदार तथा लेखपाल सहित स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में मलिकुआं चौराहे के निकट बल्लू उर्फ सईद के साइकिल की दुकान व उसके भवन तथा उसकी पत्नी साबरा के नाम की अन्य दुकाने कुल 16 परिसंपत्तियों को कुर्क कर सील कर दिया गया। दुकानों में नोटिस चस्पा कर माइक से अनाउंस कर मुनादी कराई गई। नोटिस में लिखा है कि अब इस सम्पत्ति को न कोई खरीद सकता है, न ही बेंच सकता। गौरतबल हो कि परछा निवासी सरफुद्दीन उर्फ बुद्धू प्रधान सहित अन्य आरोपियों पर किशोरी नाम के व्यापारी की करोड़ों की संपत्ति को दबंगई से अपने नाम करा ली थी।

# 'कोरी समाज के लोग हो रहे एकजुट'

**हमीरपुर।** कोरी समाज महासंस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुरेश कोरी की अध्यक्षता में सोमवार को ग्राम कुसमरा में राजेश कबीर के आवास पर कोरी समाज की बैठक संपन्न हुई। बैठक में ग्राम कुसमरा के लोगों ने अपने अपने विचार रख समाज को जोड़ने की बात की। कोषाध्यक्ष भगवान दास ने कहा कि समाज को एक होकर आगे बढ़ना चाहिये और एक दूसरे की मदद करनी चाहिये। मुख्य अतिथि डॉ.सुरेश कोरी ने समाज के लोगों को शिक्षित होकर एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने बताया कि बाबा साहब ने कहा है कि शिक्षित हो संगठित हो और संघर्ष करो। कहा कि संगठन में बहुत बड़ी ताकत है। रामसनेही, मुकेश तूफानी, आनंद कबीर, राजेश कबीर, प्रमोद कबीर, विकास रहे।

# पैथोलॉजी संचालक को पांच लोगों ने जमकर मारा-पीटा

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

- पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया

**अमृत विचार।** कस्बे के आर्यावर्त बैंक के पास शराब के नशे में पैथोलॉजी संचालक व उसकी पत्नी के साथ गाली गलौज मारपीट करने पर पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कस्बे के आर्यावर्त बैंक के पास कालपी हमीरपुर हाईवे में मेन रोड कस्बा निवासी नरेश कुमार पुत्र दया शंकर ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते रविवार की रात्रि साढ़े 9 बजे अपनी पैथोलॉजी में बैठा था। तभी कस्बा निवासी देवेंद्र उर्फ लाला पुत्र जयराम व हामिद पुत्र सत्तार आकर पैथोलॉजी के अंदर शराब पीने लगे।

जब इसका विरोध किया तो गाली गलौज करते हुए चले गए। लेकिन कुछ देर बाद फिर से देवेंद्र अपने भाई अशोक व साथी हामिद, राकेश व सुनील के साथ हाथों में नाजायज शस्त्र व लाठी डंडे लेकर मेरी दुकान में घुस गए और एक राय होकर पांचों लोग मारपीट करने लगे। शोर सुनकर जब मेरी पत्नी बीच बचाव करने आई तो उसके साथ मारपीट करते हुए अभद्रता करने लगे। पत्नी के शोर मचाने पर पैथोलॉजी के बाहर कुछ लोगों ने जब बीच बचाव करने आए तो उनके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डीएम व एसपी ने ईवीएम वेयरहाउस देखा

संवाददाता हमीरपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2014 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा की अध्यक्षता में समस्त प्रभारी व सहायक प्रभारी अधिकारी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में समस्त प्रभारी अधिकारियों द्वारा पीपीटी के माध्यम से अपनी चुनावी तैयारी के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराया। प्रभारी अधिकारी ईवीएम ने बताया कि जनपद में ईवीएम पर्याप्त मात्रा में है व जागरूकता प्रशिक्षण के लिए ईवीएम मशीनों में रिजर्व कर लिया गया है। डाक मत पत्र प्रभारी ने बताया कि 85 प्लस एवं दिव्यांग मतदाता घर से मतदान कर सकते हैं। जनपद को प्रयागराज से बैलेट पेपर प्राप्त होंगे जिनको सुरक्षित रखे जाने के लिए स्ट्रॉन्ग रूम चिन्हित कर लिया गया है। मतदान सामग्री के पैकेटिंग की कार्रवाई जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा की जा रही है। मतदान कार्मिक जनपद में पर्याप्त हैं। बताया कि ट्रेनिंग का कार्यक्रम तैयार कर लिया गया है। समस्त मतदान कर्मी दो चरणों में प्रशिक्षित किए जाएगे। प्रशिक्षण के लिए दो स्थल चिन्हित किए गए हैं। कैमरामैन वीडियोग्राफी का प्रशिक्षण दो दिवसों में किया जाएगा। मतदाताओं की सुविधा के दृष्टिगत पेयजल, मेडिकल, लाइट, टॉयलेट और अन्य बेसिक सुविधा समस्त कार्मिकों को उपलब्ध कराई जाएगी। ट्रेनिंग डिस्पैच रिसीव सेंटर पर सभी मतदान कार्यक्रमों के लिए ऑन डिमांड खान की व्यवस्था की जाएगी। बैठक के बाद जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने ईवीएम वेयरहाउस गोदाम का निरीक्षण किया। इस दौरान सीसीटीवी कैमरा को क्रियाशीलता का परीक्षण किया गया एवं समस्त कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए।





वेयरहाउस का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

# लोनिवि के लोडर पर लदे तारकोल में जीएसटी चोरी, विभाग आमने-सामने

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

> जीएसटी के चक्कर में वाणिज्य कर विभाग की टीम ने पकड़ा है। ऐसे में सड़क मरम्मत का कार्य बाधित है। मामले की शिकायत डीएम से करेंगे।
>
> -एमएल वर्मा, अधिशासी अभियंता लोनिवि

**अमृत विचार।** सड़क मरम्मत कार्य के लिए लोडर में लदे तारकोल भरे ड्रम वाणिज्य कर विभाग ने पकड़ लिया। जीएसटी जमा न करने के आरोप में लोडर को कुछेछा पुलिस चौकी में खड़ा कराया है। ऐसे में क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत का कार्य थम गया है। लोनिवि का कहना है कि लोकसभा चुनाव को लेकर क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत के लिए तारकोल जा रहा था। जिसमें जीएसटी भुगतान किया गया है।

लोनिवि प्रांतीय खंड के अन्तर्गत स्वीकृत पारा कैथी जखेड़ी मार्ग पर अनुबंधित ठेकेदार शाहिद कंस्ट्रक्शन का पैच मरम्मत (पीसी) कार्य प्रगति पर है। जिसके लिए डामर लोनिवि के भंडार गृह से निर्गत किया गया था। इसे लोडर में लादकर कार्यस्थल पर भेजा जा रहा था। जिसे कुंडौरा गांव के पास वाणिज्य कर की टीम ने पकड़ कर कुछेछा पुलिस चौकी में बंद करा दिया है। इस मामले में अधिशासी अभियंता ने सहायक आयुक्त सचल दल राज्यकर को पत्राचार कर खेद जाहिर किया है। कहा वर्तमान में शासन से जारी दिशा निर्देशों के अनुसार खंडीय भंडार के बिटुमिन का शत प्रतिशत प्रयोग किया जाना है। कहा कि यह मार्ग अन्य जिला श्रेणी का है जो क्षतिग्रस्त है। जिसकी मरम्मत व सुधार कराना लोकसभा चुनाव से पूर्व तय है। जिससे मतदान कर्मियों को सुगम यातायात उपलब्ध हो सके। कहा खंडीय भंडार में आए बिटुमिन पर जीएसटी भुगतान किया जाता है। साथ ही अनुबंधित ठेकेदार को विभागीय कार्य के भुगतान के समय जीएसटी की कटौती नियमानुसार संबंधित लेखाशीर्षक में जमा की जाती है। उन्होंने तारकोल भरे ड्रम सहित लोडर को मुक्त किए जाने को कहा है। जिससे विभागीय कार्य बाधित न हो। उधर असिस्टेंट कमिश्नर जीसान अफजल ने कहा कि लोडर में लदे माल के वैध कागज नहीं मिले। केवल गेट पास दिखाया गया, जिसमें कोई नंबर नहीं था। कहा कि एक बार अगर किसी वाहन का जब्तीकरण हो गया तो उसे छोड़ना मुश्किल हो जाता है। कहा चाहे ठेकेदार या विभागीय कोई अधिकारी आकर वाहन छुड़ा सकते हैं। जो कम से कम कार्यवाही हो सकती है, वह की जाएगी।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार थाना सरधुवा अन्तर्गत ग्राम नहरा निवासी रिंकू यादव पुत्र अशोक यादव उम्र करीब 25वर्ष अपने परिवारिक भाई शिवचन्द उर्फ छोट्टन यादव पुत्र बउरा यादव उम्र करीब 25वर्ष के साथ बाइक से पहाड़ी आया था जहां से दैनिक उपयोग की सामग्री खरीद कर शाम सात बजे वापस अपने गांव नहरा जा रहा था तभी चौरा श्रमदान के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे रिंकू की मौत हो गई वहीं छोट्टन उर्फ शिवचन्द गंभीर रूप से घायल हो गया। सब इंस्पेक्टर अवधनारायण मौके पर पहुंच घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी लाये जहां डाक्टरों ने रिंकू को देखते ही मृत घोषित कर दिया व गंभीर घायल शिवचन्द को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

## सार-संक्षेप

### ठेकेदार व चालक पर घायल करने का लगाया आरोप

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बे के वार्ड चौदह निवासी एक महिला ने ठेकेदार व ट्रक चालक पर पति को ट्रक से गिराकर घायल करने का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि पति के इलाज में यह दोनों कोई सहयोग नहीं कर रहें हैं। आर्थिक संकट के कारण अब वह उपचार भी नहीं करा पा रही है। वार्ड संख्या 14 निवासी सुधा देवी ने बताया कि बीते 6 मार्च को चांद थोक निवासी ठेकेदार भोला उसके पति राजेश को ट्रक में लकड़ी लोड करने के लिए पचखुरा खुर्द लेकर गया था। उसका पति जब ट्रक पर लकड़ी लोड कर रहा था। तभी ट्रक चालक ने बिना बताए ट्रक को बढ़ा दिया। जिससे उसका पति गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका इलाज कानपुर में चल रहा है। पीड़िता ने थानाध्यक्ष को तहरीर देकर ठेकेदार व चालक के खिलाफ कार्यवाही कर आर्थिक सहयोग दिलाने की गुहार लगाई है।

### आरोपी गिरफ्तार, तमंचा-कारतूस बरामद

**मऊ (चित्रकूट)।** एसआई इंद्रजीत गौतम ने सोनू पुत्र भोला निवासी सब्जी मंडी को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। इसके विरुद्ध थाने में आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई।

### खेत में आग से फसल राख

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के बसिंघा गांव में सोमवार को एक किसान के खेत में आग लग गई। इससे उसकी पूरी फसल राख के ढेर में तब्दील हो गई। गांव निवासी वीरेंद्र श्रीवास्तव के खेत में लगी आग पर लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। तहसीलदार और लेखपाल ने मौका मुआयना कर किसान को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है।



डॉ. हेडगेवार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते भाजपा नेता। अमृत विचार

### डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन से लें प्रेरणा

**तिंदवारी, बांदा।** विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक सर संघ चालक डॉ .केशव बलिराम हेडगेवार की जयंती पर भाजपाइयों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्पण कर उन्हें याद किया। कहा कि उन्होंने हिंदू और भारतीय संस्कृति को उज्जवल बनाने के लिए अथक प्रयास किए। हम सबको उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। कस्बे के स्वराज भवन में सोमवार को भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी ने कहा कि राष्ट्रवाद,अनुशासन और निस्वार्थ समाजसेवा के उनके आदर्श हम सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्र निर्माण व देशसेवा के पथ पर सदैव प्रेरित करते रहेंगे। डॉ . हेडगेवार कहा करते थे कि राष्ट्रीय जीवन के हर क्षेत्र में हिंदुत्व के आध्यात्मिक और आदर्शों से स्पंदित हुए बिना स्वतंत्रता की कोई कीमत नहीं। उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ . हेडगेवार हम सबके लिए पूज्यनीय हैं।

बलिदान दिवस

सभा में वक्ताओं ने कहा, समाज से दहेज प्रथा के खात्मे के लिए उठाने होंगे कदम

# वीरांगना रानी अवंतीबाई के शौर्य का बखान

संवाददाता बदौसा, बांदा

**अमृत विचार।** वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा में समाज में व्याप्त कुरीतियों मृत्यु भोज, पितर मिलौनी, दहेज प्रथा, दहिनवारा और नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया गया। राजपूत धर्मशाला चित्रकूट में अराजक तत्वों द्वारा कुकृत्य को रोकने के लिए धर्मशाला संघर्ष समिति का गठन किया गया।

रविवार को देवरार गांव में पूर्व प्रधान चिरौंजी लाल के आवास में वीरांगना अवंती बाई लोधी का बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ, जिसमें वहां पर पहुंचे लोगों ने उनके शौर्य का बखान किया। अध्यक्षता लाला भइया सिंह पूर्व प्रधान नदवारा ने की। सभी लोगों ने वीरांगना रानी अवन्ती बाई लोधी के चित्र में पुष्प अर्पित किए। रामलखन सिंह राजपूत ने कहा कि मृत्यु भोज (तेरहवीं संस्कार), पितर मिलौनी जैसी कुरीतियों को बन्द करना चाहिए। इंजीनियर बीएल सिंह ने कहा कि नशा मुक्त समाज बनाने की जरूरत है। सीपी सिंह पूर्व प्रधानाचार्य ने कहा कि समाज में दहेज प्रथा पर काबू पाने के लिए कदम उठाना होगा। राकेश राजपूत जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि इन दिनों दहिनवारा कार्यक्रम बहुत खर्चीला हो रहा है। राधेश्याम राजपूत धर्मशाला चित्रकूट के अध्यक्ष ने कहा कि इस समय समाज के चित्रकूट स्थित धर्मशाला में हो रहे कुकृत्यों पर अंकुश लगाया जाए। सर्वसम्मति से धर्मशाला संघर्ष समिति का गठन किया गया। कार्यक्रम में रामलखन सिंह राजपूत, राम सिंह, बीएल सिंह, अम्बिका प्रसाद, धीरज राजपूत, अखिलेश कुमार आदि रहे।





संघर्ष समिति पदाधिकारी का माल्यार्पण करते पदाधिकारीगण। अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी बेटी का पूर्व में नाम फिलजा खान था अब उसका नाम उमैजा खान हो गया है । भविष्य में उसे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **मतीन अहमद खान, मोहल्ला – नौशहरा, बलरामपुर**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम मो0 रफी अंकित है जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम मो0 रफी अन्सारी अंकित है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति (मेरे) के हैं। अतः मुझे मोहम्मद रफी अन्सारी के नाम से जाना व पहचाना जाये। **मोहम्मद रफी अन्सारी पुत्र श्री मोहर्रम अली नि0 गंगारामपुर, पश्चिमी कस्बा मल्लावां थाना मल्लावां जिला हरदोई**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **मेवालाल पुत्र स्व0 सरजू प्रसाद निवासी–7 सी/43, वृन्दावन योजना , थाना पी0जी0आई0, लखनऊ**, मेरा पुत्र विशाल व उसकी पत्नी प्रियंका के आये दिन अत्याचार, गाली–गलौच व मेरी पत्नी के साथ मारपीट से तंग आकर हम पति–पत्नी अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है। अब हमारा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**
बैनामा संख्या 6479 दिनांक– 18–12–1988 को श्याम सुंदर, अशोक कुमार, राजेंद्र कुमार पुत्र चौधरी शंकरदयाल निवासी राहतपुरा कस्बा इटावा के द्वारा श्रीमती शारदा शर्मा पत्नी डॉ. आईके शर्मा को दिया गया था। जिसका क्षेत्रफल 887 वर्ग फुट था। दिनांक 17.8. 2006 को उक्त बैनामा शारदा शर्मा से मैंने ले लिया था। किन्तु प्रथम बैनामा 6479 रास्ते में कहीं गिर गया है। **मंजू यादव पत्नी अरविंद कुमार निवासी सहसारपुर सैफई, इटावा**

# ईंट से कूंचकर अधेड़ की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

## जालौन के भदवा में शराब ठेके के पास घटना को दिया अंजाम

संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** जालौन जनपद के ग्राम भदवा स्टैंड के समीप पंचर की दुकान के पास सोमवार सुबह अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई। अधेड़ की ईंट से कूंचकर हत्या की गई थी। घटना के चार घंटे बाद ही पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना शराब के ठेके से महज 20 मीटर दूर हुई।

जालौन के ग्राम भदवा स्टैंड के पास सोमवार सुबह ग्रामीणों ने सिर कुचला शव देखा, लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की, तो उसकी पहचान रामकुमार उर्फ फक्कड़ पुत्र चिंतामन उम्र 52 वर्ष के रूप में हुई।


हत्यारोपी राम रमैया दास। अमृत विचार

घटना स्थल पर खून से सनी एक ईंट मिली, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी। मामले में पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति राम रमैयादास पुत्र लालजी निवासी गड़ेरना थाना रेंडर को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उसने वारदात करना स्वीकार कर लिया। क्षेत्राधिकारी राम सिंह ने बताया कि मृतक शराब का आदी था और मांग कर खाना खाता था, कहीं भी सो जाता था।

### चार घंटे में गिरफ्तार हुआ हत्या का आरोपी

जालौन पुलिस ने ईंट से कुचल कर हत्या के मामले में राम रमैयादास पुत्र लालजी निवासी गड़ेरना थाना रेंडर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार रामरमैया ने मृतक रामकुमार की हत्या करने की बात स्वीकार की। उसने पुलिस को बताया कि बीती रात मृतक के साथ शराब पी रहा था, ज्यादा नसा होने पर उसने ईंट से सिर पर वार कर दिया, जिससे रामकुमार की मौत हो गई।

## स्कूलों में अंक प्रमाण पत्र वितरित किए गए

**कालपी।** मोतीचंद्र वर्मा विद्या निकेतन सदर बाजार, कालपी विद्यालय में वार्षिक परीक्षाओं का रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह संपन्न हुआ। रिपोर्ट कार्ड पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रमुख समाजसेवी विजयगांधी ने कहा कि छोटे छोटे नगरों तथा कस्बों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। बल्कि उसको निखारने की जरूरत है। उन्होंने उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि सभी छात्र छात्राओं को शिक्षित तथा संस्कारवान बन कर तरक्की की बुलंदियों में पहुंच कर अपने नगर तथा परिवार का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे शिक्षक सुरेश चंद्र वर्मा ने कहा कि दिनों दिन नारी शिक्षा पर जागरुकता बढ़ी है। जबकि एक लड़की के शिक्षित होने से दो परिवार शिक्षित होते हैं।प्रबंधक जय खत्री ने विधालय की प्रगति के बारे में जानकारियां दी।

# दो दुकान में लगी आग, लाखों का माल जला

संवाददाता कालपी (जालौन)

- टरननगंज का मामला, शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका
- दुकानदार बोले, 70 लाख का हुआ नुकसान

**अमृत विचार।** कालपी नगर के मोहल्ला टरननगंज में दो इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों में आग लग गई। दोनों दुकानों में रखा कीमती इलेक्ट्रॉनिक का सामान जलकर खाक हो गया। दुकानदारों ने शॉर्टसर्किट से आग लगने की बता कही है। फायर ब्रिगेड को सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया परन्तु तब तक एक दुकान पूरी तरह जलकर खाक हो गई, दूसरी दुकान में नुकसान हुआ।

नगर के मोहल्ला टरननगंज मुख्य बाजार में स्थित विकास इलेक्ट्रॉनिक्स व पुरवार ट्रेडर्स की दुकानों में रात में करीब 2 बजे आग की लपटें लगीं। इसपर पेट्रोलिंग कर रही पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जिसके बाद दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। परन्तु दुकानें बाहर से बंद होने के कारण आग बुझा पाना मुमकिन नहीं हो पा रहा था। इसके बाद दोनों दुकानों के मालिकों को सूचना दी गयी। दुकान संचालकों ने दुकानों को खोला तो दुकानों के अंदर रखा इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान जलकर स्वाहा हो चुका था। दमकल कर्मियों ने आग को बुझाया, जिसके बाद दुकान संचालकों ने अपनी अपनी दुकानों में हुए नुकसान का आंकलन किया।



आग से दुकान में जला सामान। अमृत विचार

### विकास इलेक्ट्रॉनिक्स में 50 लाख का नुकसान

**कालपी।** विकास इलेक्ट्रॉनिक्स के मालिक विकास माथुर ने बताया कि विद्युत मीटर से हुए शॉर्ट सर्किट के कारण दुकान में आग लगी है। शादी, गर्मी का सीजन शुरू होने के कारण दुकान में दर्जनों एलईडी टीवी, आटा चक्की, कूलर, वाशिंग मशीन, फ्रिज, इन्वर्टर व बैट्री, सिलाई मशीन, पंखे, घड़ियां, मिक्सी आदि जलकर खाक हो गए हैं। दुकानदार ने करीब 50 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान बताया है।

### पुरवार ट्रेडर्स की दुकान में भी एसी, पंखे जले

कालपी। पुरवार ट्रेडर्स के मालिक बब्लू पुरवार ने बताया कि बगल की दुकान से उनकी दुकान में आग लगी है, अंदर ही अंदर मेरी दुकान में रखा सामान जलता रहा। जब दुकान खोली गई तब देखा तो दुकान धू-धूकर जल रही थी, जिसके बाद दमकल कर्मियों द्वारा आग पर काबू पाया गया। दुकान में इलेक्ट्रॉनिक्स का सामान फ्रिज, वाशिंग मशीन, एसी, पंखे, एलईडी टीवी, मिक्सी आदि रखे थे जो जल गए।

# भागवत कथा सुनकर भावविभोर हुए भक्त

संवाददाता माधौगढ़, जालौन

**अमृत विचार।** श्रीदुर्गा माता मन्दिर ग्राम पंचायत कुटरा के समस्त भक्तजनों के तत्वावधान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा वाचक पंडित सर्वेश दीक्षित महाराज द्वारा मारकंडेश्वर ऋषि के जन्म की कथा को सारगर्भित ढंग से कही गई।

नारद जी के कहने पर पार्वती जी ने प्रभु शिव से पूछा कि उनके गले में जो मुंडमाला है वह किसकी है तो भोलेनाथ ने बताया वह मुंड किसी और के नहीं बल्कि स्वयं पार्वती जी के हैं। हर जन्म में पार्वती जी विभिन्न रूपों में शिव की पत्नी के रूप में जब भी देह त्याग करती शंकर जी उनके मुंड को अपने गले में धारण कर लेते, पार्वती ने हंसते हुए कहा हर जन्म में क्या मैं ही मरती रही, आप क्यों नहीं। शंकरजी ने कहा हमने अमर कथा सुन रखी है, पार्वती जी ने कहा मुझे भी वह अमर कथा सुनाइए। शंकर जी पार्वती जी को अमर कथा सुनाई। कथा व्यास जी ने कहा कि भागवत के चार अक्षर इसका तात्पर्य यह है कि भा से भक्ति, ग से ज्ञान, व से वैराग्य और त त्याग जो हमारे जीवन में प्रदान करे उसे हम भागवत कहते है। कथा स्थल में यजमानों सहित कई गणमान्य अतिथियों ने उपस्थिति दर्ज करवाई। कथा में मुख्य रूप से कृष्णा देवी पारीक्षत, सतीश कुमार दुहोलिया पूर्व प्रधान, दिनेश सिंह राजावत, सत्यवीर सिंह पूर्व प्रधान, मुन्नालाल दोहरे प्रधान, हरिओम शाक्य, अरविंद कुशवाहा, राजेन्द्र पाल, रामसिया आदि मौजूद थे।


भागवत कथा श्रवण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

## प्राइवेट एंबुलेंस चालकों पर मनमानी का आरोप

**उरई।** प्रदेश सरकार ने मरीजों को लाने लेजाने के लिए निशुल्क एम्बुलेंस सेवाएं उपलब्ध करा रखी है। जिससे गरीब मरीजों पर पैसे का बोझ न पड़ सके।जनपद मुख्यालय के जिला पुरुष अस्पताल में भी सरकारी निशुल्क एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। इसके बाद भी लगभग एक दर्जन प्राइवेट एम्बुलेंस अस्पताल परिसर के अंदर खड़ी रहती है तथा उनके चालक आपात कालीन कक्ष के आसपास एवं अंदर घूमते रहते है जैसे ही कोई मरीज डाक्टरों द्वारा बाहर के रिफर किया जाता है तो प्राइवेट एम्बुलेंस के चालक मरीज के साथ आये तीमारदारों को अपने जाल में फंसा कर झांसी-कानपुर व अन्य जगहों पर मरीज ले जाने के लिए लम्बी रकम लेने का काम करते है।

# ट्रक ने बाइक सवार अधेड़ को रौंदा

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** नगर के दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र चौरासी गुम्बद के पास दर्दनाक हादसा हो गया। अज्ञात ट्रक ने बाइकसवार अधेड़ को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतक के परिजनों को भी सूचना दी गई है। घटना सोमवार सुबह तकरीबन 10 बजे की है। जनपद कानपुर देहात के ग्राम सेलूपुर निवासी 45 वर्षीय रामादीन कुर्मी पुत्र शांतिसरण बाइक से उरई की ओर जा रहे थे। तभी कालपी के चौरासी गुम्बद के समीप अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रामादीन उछलकर सड़क पर गिरे और तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। इससे मौके पर ही उन्होंने दम तोड़ दिया। राहगीरों ने कोतवाली पुलिस को दुर्घटना की सूचना दी। इसके बाद कोतवाली कालपी के उपनिरीक्षक अभिलाख सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने बाइक को कब्जे में लिया व शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय उरई भेज दिया। वहीं मृतक के मोबाइल के माध्यम से मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई, इससे मृतक के घर में परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल हो गया।


घटना में क्षतिग्रस्त हुई बाइक को हटाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

- चौरासी गुंबद के पास सोमवार सुबह हुआ हादसा


मौके पर जांच करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# मरीज ने अस्पताल की तीसरी मंजिल से लगाई छलांग, मौत

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** कालपी रोड स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में उपचार करवा रहे युवक ने बीमारी से तंग आकर तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। इससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार रामपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले ग्राम मजीठ निवासी लालजी (रेशू) 30 वर्ष बाहर मजदूरी का काम करता था, बीमार होने पर युवक गांव आ गया था। मृतक लालजी शराब पीने का आदी था, जिसकी वजह से फेफड़ों व किडनी में इंफेक्शन हो गया था। उसका उपचार मेडिकल कॉलेज उरई की तीसरी मंजिल के वार्ड नम्बर-10 में चल रहा था। युवक ने बीमारी से तंग आकर अस्पताल की तीसरी मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली।

## मुलूपुरा से व्यासपुर तक दोबारा बनेगी सड़क

**उरई।** डकोर विकास खंड के मुलूपुरा से व्यासपुर तक निर्माणाधीन डेढ़ किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य दोबारा होगा। जांच के दौरान गुणवत्ता में मिली खामी के बाद डीएम ने आदेश दिए हैं। ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे से सड़क निर्माण में घटिया सामग्री इस्तेमाल करने की पूर्व में शिकायत की गई थी, और कहा गया था कि संबंधित ठेकेदार द्वारा मिट्टी के ऊपर ही सीमेंट बालू का मिश्रण डाला जा रहा है तथा निर्माण में मानक से सीमेंट कम और बालू अधिक डाली जा रही है। इसके लिए जिलाधिकारी ने टीम गठित कर उक्त सड़क के निर्माण की गुणवत्ता की जांच के आदेश दिए थे। जांच में ग्रामीणों द्वारा सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल होने तथा मानक के अनुरूप सड़क का निर्माण नहीं होने की शिकायत सही पाई गई, जांच रिपोर्ट आने के बाद डीएम ने कार्रवाई करते हुए मानक के अनुसार सड़क का निर्माण दुबारा करने के आदेश दिए है।

# मस्जिद में सुनाई कुरान की आयतें

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार।** रमजान मुबारक के 20वें रोजे की रात को मोहल्ला दमदमा कालपी तकिया वाली मस्जिद में तकमीले कुरआन की शानदार महफिल हुई। इस मस्जिद में दारुल उलूम गौसिया मजीदिया के हाफिज साजिद रजा ने बेहतरीन अंदाज में कुरआन पाक को सुनाया। रमजान की 21वीं रात बड़ी अजमत वाली रात है, जिसके बारे में मुफ्ती-ए-शहर मुफ्ती अशफाक अहमद बरकाती ने कुरआन के ताल्लुक से तकरीर करते हुए कहा कि कुरआन को समझो, पढ़ो और उस पर अमल करके अपनी जिंदगी को संभालो। दारुल उलूम गौसिया मजीदिया के प्रिंसिपल मुफ्ती तारिक बरकाती ने कहा कि अपने बच्चों को अच्छी तालीम दिलाओ और कुरआन भी पढ़ाओ। मौलाना इरफान अजहरी ने भी तकरीर की और नात सुनाई। दारुल उलूम गौसिया मजीदिया के नाजिमे आला ने भी नात पाक पढ़ी। तकिया मस्जिद के इमाम मुजीब अल्लामा ने भी नात पाक सुनाई। इस क्रम में कारी एहसान व गुलाम वारिस व ज़ीशन ने भी कलाम सुनाएं आने वाले मेहमानों का हाफिज इरशाद अशरफी और अब्दुल मुजीब अल्लामा ने फूल माला पहनकर स्वागत किया और कुरआन सुनाने वाले हाफिज साजिद रजा को इनाम देकर फुल माला पहनाकर हौसला अफ़ज़ाई की गई। इस मौके पर कारी सलीम बरकाती, कारी शकील, हाफिज शाहनवाज, हाफिज वसीम, हाफिज रेहान, मुजीब बरकाती टेंट वाले,मोहम्मद उमर, वसीम खलीफा, जब्बार राईन, राशिद सुनार, कामिल तौफीक, अतीकुर्रहमान्, वसीम खलीफा, नूरेहसन, पप्पू चावल, मुन्ना भाई समेत काफी लोगों ने शिरकत की और फातिहा के बाद सभी को लंगर वितरण किया गया।


कार्यक्रम में शामिल मुस्लिम धर्मगुरु। अमृत विचार

- रमजान की 21वीं रात को बताया बड़ी अजमत की रात

# मनोज चौधरी बने गहोई सेवा समिति माधौगढ़ के अध्यक्ष

संवाददाता माधौगढ़ (जालौन)

- पुरानी समिति को भंग कर नवीन समिति का किया गठन

**अमृत विचार।** नगर पंचायत की गहोई धर्मशाला के परिसर में गहोई सेवा समिति की बैठक का आयोजन राजेन्द्र कुमार कुचिया जी की अध्यक्षता में किया गया बैठक के दौरान पुरानी समिति को भंग कर नवीन समिति का चुनाव अधिकारी लक्ष्मीनारायण मिसुरिया जी की देखरेख में कराया गया. चुनाव की कार्यवाही शुरू होते ही मौजूद सभी लोगों ने सर्वसहमति से मनोज चौधरी को निर्विरोध अध्यक्ष चयनित किया तो वहीं विनोद कुमार को उपाध्यक्ष अमित कुमार तरसोलिया (सिंटू) को कोषाध्यक्ष अजीत कुमार इंदुरख्या को महामंत्री अंकुर कस्तवार को प्रचार मंत्री बनाया गया तो मनोज चौधरी ने अध्यक्ष पद को ग्रहण करते हुए खुशी से लवरेज होकर कहा कि वह समाज को तरक्की की ओर ले जाने में कोई कसर नहीं छोडेगे और समाज सेवा में हमेशा अग्रसर रहेंगें वहीं कोषाध्यक्ष का पद ग्रहण करते हुए अमित तरसोलिया सिंटू ने कहा समाज को नई दिशा में ले जाने की जरूरत है इस मौके पर नगर पंचायत माधौगढ़ के नि. अध्यक्ष श्री राजकिशोर कनकने जी , पूर्व अध्यक्ष शिवकुमार रेजा जी, पूर्व अध्यक्ष सुरेश चंद्र महतेले जी,रवि तरसोलिया जी, रामबाबू तरसोलिया जी, संतराम मिसुरिया जी, प्रदीप सिपोलिया जी, राजू महतेले जी, आनंद गुप्ता बंटी जी, राजू रेजा जी, जयशंकर तरसोलिया जी,धर्मेंद्र डेंगरे जी, मनोज सिपोलिया जी, रामकुमार तरसोलिया जी ,आनंद कुरेले जी एवं नवयुवक मंडल की तरफ से अंकित कस्तवार , शिवम कनकने, सत्यम बिलैया, रितेश गुप्ता आदि मौजूद थे।

लोकसभा चुनाव की तैयारी — जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने बूथों का निरीक्षण कर मातहतों को दिए निर्देश

# चुनाव के कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** मतदाताओं को मतदान के दिन किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज रजा ने नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज व माधवराव सिंधिया व्यास इंटर कॉलेज कालपी में बने बूथों का निरीक्षण किया।

अधिकारियों को मॉडल बूथ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान बिजली, शौचालय, पेयजल, फर्नीचर व रैंप आदि को देखा साथ ही निर्देशित किया कि इन बूथों को मॉडल बूथ बनाया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि बूथों के सभी कक्षों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहें, साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार महिला, वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध रहें। मतदाताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए और मतदान केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव एक महत्वपूर्ण कार्य है, इसलिए संबंधित अधिकारी व कर्मचारी निर्वाचन ड्यूटी को निर्वहन पूरी तरह से सजग व सतर्क होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शी चुनाव करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेवारी है, इसलिए चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों के लिए सभी अधिकारी आपसी तालमेल योजनाबद्ध व गंभीरता से अपना दायित्व निभाएं। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, लोकतंत्र का पर्व, देश का गर्व के तहत सभी अधिकारी व कर्मचारी नागरिकों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें। इसके लिए विभिन्न माध्यमों से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कर नागरिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि कोई भी नागरिक चुनाव संबंधित परेशानी अथवा समस्या के लिए जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए कंट्रोल रूम नम्बर 05162-250288 व 1950 पर संपर्क कर सकता है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कालपी हेमंत पटेल, क्षेत्राधिकारी डॉक्टर देवेंद्र सिंह, अधिशासी अधिकारी आदि सहित अधिकारी मौजूद रहे।


निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय व एसपी ईरज रजा।

## रैली निकाल मतदाताओं को किया गया जागरूक

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शी ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु मतदाता जागरूकता के अंतर्गत आज विकासखंड कदौरा के कस्बा कदौरा में उच्च प्राथमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय धमना के संयुक्त तत्वाधान में छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियाँ लेकर चल रहे थे। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, चाहे नर हो या नारी, मतदान सबकी जिम्मेदारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, सत्य और ईमान से सरकार बनाएंगे मतदान से, अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार कभी ना करें इसका बहिष्कार, जैसे स्लोगन लिखा था। प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है भारत के नागरिकों को सत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए। देश के हर नागरिक जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो गई है वह सभी 20 मई को अपना मतदान जरूर करें।

## सार-संक्षेप



सचिव को विदाई देते समिति के सदस्य। अमृत विचार

### सहकारी समिति के सचिव को दी विदाई

**कालपी।** सहकारी समिति महेवा के सचिव बृजेन्द्र सिंह चौहान के सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। महेवा सहकारी समिति कालपी में सोमवार को आयोजित विदाई समारोह में समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने कहाकि जिस परिश्रम के साथ समिति में टीम भावना के साथ काम किया उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। वहीं सेवानिवृत्त हुए बृजेन्द्र सिंह चौहान ने कहाकि कभी उन्होंने भाई भतीजा बाद को समिति में बढ़ावा नहीं दिया। इस दौरान शैलेंद्र सिंह भगौरा अध्यक्ष, प्रदीप कुमार द्विवेदी सचिव, प्रभुदयाल विश्वकर्मा, संचालक वीर सिंह खैराई, पूर्व अध्यक्ष देवेन्द्र चतुर्वेदी, उमा शंकर निषाद, राजन सिंह, अशोक पुरवार, हरिश्चंद्र दीक्षित, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, अवधेश बाजपेई, बृजपाल सिंह महेवा संचालक आदि मौजूद थे।

### वारंटी गिरफ्तार

**उरई।** थाना सिरसाकलार पुलिस ने वारंटी रमेश कुमार यादव उर्फ कल्लू पुत्र रामबाबू निवासी ग्राम लहरकिनार थाना सिरसकलार जनपद जालौन को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया। अदालत ने उसे जेल भेज दिया।

## फैजाबाद (अयोध्या) ने सबको गले लगाया

# किसी को निराश, उदास नहीं किया

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** रामलला की नगरी अयोध्या (फैजाबाद लोकसभा) ने सबको गले लगाया है। धर्म-अध्त्याम ही नहीं राजनीति में भी। श्रीराम की धरती सबको बुलाती है, प्रेम करती है और सम्मान देती है। अयोध्या की तासीर कुछ ऐसी ही है। राम मंदिर आंदोलन के दौर में भी अयोध्या ने सियासत में किसी को उपेक्षित नहीं किया। सबको मौका दिया लेकिन बदले में अयोध्या को वह नहीं मिला, जिसकी जरूरत थी।

फैजाबाद लोकसभा सीट में शामिल अयोध्या वैराग्य की नगरी है। यह निरपेक्ष रहती है। अपने भक्तों के लिए सब कुछ करती है लेकिन उदास किसी को नहीं छोड़ती है, चाहे वह राजनीति ही क्यों न हो। संघ परिवार ने अस्सी के दशक में अयोध्या पर फोकस किया। 1984 में विहिप ने राम मंदिर मुक्ति आंदोलन छेड़ा। कांग्रेस की सरकार थी। भाजपा आंदोलन के पीछे सहयोगी थी। समर्थन और विरोध की पृष्ठभूमि में वामपंथ और दक्षिण पंथ की वैचारिक लड़ाई समानांतर रूप से चल रही थी। लेकिन भाजपा को अयोध्या ने दरकिनार कर दिया। वर्ष 1989 में वामपंथ को मौका दिया। भाकपा प्रत्याशी मित्रसेन यादव को सांसद बनाकर लोकसभा में भेज दिया। इसके बाद मंदिर आंदोलन और प्रचंड हुआ। विवादित ढांचा ढहाया गया।




### गोली चलाने की आरोपी सपा को भी अपनाया

- अयोध्या ने राम लहर में 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को मौका दिया। विनय कटियार सांसद बने। 1996 तक भगवा लहराता रहा। लेकिन 1998 के चुनाव में फिर पांसा पलट गया। वामपंथ के शीर्ष विचारकों के आवागमन और आंदोलन का दौर रहा। मुद्दे और पैनी सियासत का प्रभाव भी इसमें शामिल हुआ। 1990 में कारसेवकों पर गोली चलवाने की आरोपी व आंदोलन का विरोध कर रही सपा को अयोध्या ने मौका दिया। सपा के टिकट पर मित्रसेन को फिर सांसद बना दिया। लेकिन अयोध्या को आंदोलन की नगरी के नाम के सिवाय कुछ नहीं मिला। इसके चलते 1999 में विनय कटियार को फिर मौका दिया।

### तीन दशक में क्या कुछ नहीं देखा और सहा

- सन 1984 से 2014 तक तीन दशक में अयोध्या ने अपनी साझी संस्कृति का प्रसार किया। लोकतंत्र को वैचारिक रूप से मजबूत किया लेकिन धर्म अध्यात्म से इतर उसे कुछ खास नहीं मिला। अयोध्या अपनों से दूर रही। परिक्रमा रोक दी गई। आने वालों के लिए प्रतिबंध लग गए। सरयू के तट सूने हो गए। मठ-मंदिरों में बाहरी श्रद्धालुओं से इतर केवल संत और पुजारी रह गए। यह दुर्दिन के दिन थे। अखिल गुप्ता कहते हैं कि अयोध्या तो सबको अपने पास बुलाती है। लेकिन अयोध्या लंबे समय तक उपेक्षित रही। व्यवसायी घर चलाने के लिए पलायन करने लगे थे। अयोध्या अपनों से सूनी थी। वह दौर लोगों को आज भी याद है।

### इस बार मुकाबले में यह प्रत्याशी

- **सपा- अवधेश प्रसाद :** नौ बार अयोध्या से विधायक रहे हैं। 2017 में मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी गोरखनाथ बाबा से हारे, लेकिन 2022 में गोरखनाथ बाबा को ही हराया।
- **भाजपा - लल्लू सिंह :** दो बार से सांसद चुने जा रहे हैं। 2014 में सपा के मित्रसेन यादव को हराया तो 2019 में सपा के आनंद सेन यादव को पराजित किया था।
- **बसपा - सच्चिदानंद पांडेय 'सचिन' :** अंबेडकर नगर भाजपा के जिला अध्यक्ष थे। बसपा में शामिल होने पर मायावती ने टिकट दिया है।

### बसपा-कांग्रेस को मौका दिया

- अयोध्या संस्कृति की भी नगरी है। लोकतंत्र की जनक है। शायद यही कारण है कि राम मंदिर के लिए संघर्ष कर रही भाजपा को अयोध्या के लोगों ने आंख मूंदकर समर्थन नहीं दिया। 2004 के लोकसभा चुनाव में हाथी नहीं गणेश है, नारा चला, तो अयोध्या ने बसपा का सांसद दिल्ली पहुंचा दिया। सभी प्रमुख दलों में अब केवल कांग्रेस शेष रह गई थी। वह भी सन 1985 में ताला खुलवाने का राग अलाप रही थी। अयोध्या ने कर्ज नहीं छोड़ा। 2009 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी निर्मल खत्री को सांसद चुन लिया। इसके बाद अयोध्या में एक बार राम मंदिर और अयोध्या के विकास की अंतरधारा चुनावी तासीर में फैलने लगी। परिणामस्वरूप सन 2014 के चुनाव में भाजपा के लल्लू सिंह को अपनाया तो सन 2019 के लोकसभा चुनाव में भी उन्हें ही जिताया।

श्रीकृष्ण की जन्म स्थली मथुरा लोकसभा सीट का स्वभाव भी उनके जैसा ही चंचल रहा है। कभी बड़े नामों को संसद में भेजा, तो कभी निराश भी किया। बाहरी प्रत्याशियों को भी चुनने में कंजूसी नहीं दिखाई। इस बार यहां से दो बार की भाजपा सांसद फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी के सामने कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर विजेंदर सिंह को टिकट देने का फैसला लेकर मुकाबला रोमांचक बना दिया है। इससे जाट बाहुल्य हॉट सीट पर लड़ाई अब ग्लैमरस और दिलचस्प हो गई है।

# जाट वोट जिसने साधे, उसकी होगी राधे-राधे

मनोज त्रिपाठी, चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** मथुरा लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोटिंग होनी है। यह सीट वर्तमान में भाजपा का गढ़ मानी जाती है। आजादी के बाद हुए आम चुनामों में जब पूरे देश में कांग्रेस का दबदबा था। मथुरा लोकसभा सीट पर उल्टी गंगा बह रही थी। यहां 1952 और 1957 के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी ने विजय पताका फहराई थी। 1962 से 1977 तक कांग्रेस का वर्चस्व रहा। इसके बाद लोकदल, जनता पार्टी व जनता दल प्रत्याशियों को यहां से जीतने का मौका मिला। 1991 से 2004 तक भाजपा ने अपना परचम लहराया। 2004 के चुनाव में कांग्रेस ने दोबारा वापसी की। लेकिन 2009 में रालोद ने इस सीट पर अपना कब्जा जमाया।

वर्ष 1991 में मथुरा में पहली बार तब कमल खिला, जब साक्षी महाराज यहां से चुनाव जीते इसके बाद 2004 और 2009 के चुनाव को छोड़कर हर बार यहां से भाजपा ही जीतती रही है। इस लोकसभा क्षेत्र में लगभग साढ़े चार लाख जाट वोट हैं। यही वजह है कि हर राजनीतिक दल की नजर इस वोट बैंक पर टिकी रहती है। इसी के चलते हेमा मालिनी जब यहां से चुनाव लड़ने आई थी तो कहा था कि धर्मेंद्र से शादी करके वह भी जाट बन चुकी हैं। इस बार कांग्रेस से उनका मुकाबला करने को तैयार विजेंदर सिंह हरियाणा के रहने वाले हैं। वर्ष 2019 में कांग्रेस से साउथ दिल्ली सीट पर भाजपा के रमेश विधूड़ी के खिलाफ चुनाव लड़े थे, लेकिन हार गए थे। दिसंबर 2023 में उन्होंने सोशल मीडिया पर राजनीति से संन्यास की बात कही थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां कांग्रेस प्रत्याशी महेश पाठक को महज 28084 वोट मिलने से जमानत जब्त हो गयी थी। ऐसे में विजेंदर सिंह पर दांव लगाकर कांग्रेस खोया जनाधार तलाश रही है।

### लोकसभा क्षेत्र की पांचों विस सीटों पर भाजपा का ही कब्जा

- मथुरा लोकसभा सीट में पांच विधानसभा सीटें छाता, मांट, गोवर्धन, मथुरा और बलदेव (सुरक्षित) आती हैं। इन पांचों विधानसभा सीटों पर वर्तमान में भाजपा का कब्जा है। 2019 के लोकसभा चुनावों में भी पांचों विधान सभा क्षेत्रों में भाजपा ही आगे रही थी।
- **साढ़े चार लाख जाट, तीन-तीन लाख ब्राह्मण व ठाकुर मतदाता :** मथुरा लोकसभा सीट पर 19 लाख के आसपास मतदाता हैं। इनमें करीब साढ़े चार लाख मतदाता जाट समाज के हैं। इनके अलावा तीन ब्राह्मण और करीब तीन लाख ठाकुर, डेढ़ लाख जाटव और डेढ़ लाख से कुछ अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। वैश्य वोटर यहां एक लाख और यादव मतदाता लगभग 80 हजार हैं।

### अब तक 14 सांसद जाट बिरादरी से चुने जा चुके

- मथुरा सीट जाट बाहुल्य होने का प्रमाण यही है कि अब तक यहां से चुने गए 17 सांसदों में 14 जाट बिरादरी से रहे हैं। इसी कारण इस लोकसभा क्षेत्र को रालोद का गढ़ भी माना जाता था। रालोद को मात देने के लिए ही 2014 में भाजपा ने सिने तारिका हेमा मालिनी को मैदान में उतारा था। हेमा मालिनी की शादी पंजाब की जाट बिरादरी से आने वाले फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र से हुई है।

### 1977 में 77 फीसदी वोट पाने का रिकार्ड आज तक नहीं टूटा


- 1977 की जनता लहर में मथुरा लोकसभा सीट पर भारतीय लोकदल के मनीराम बागड़ी चुनाव जीते थे। उनकी जीत अब तक की इस सीट पर सबसे बड़ी जीत है। कोई प्रत्याशी उनके रिकार्ड के आसपास तक नहीं पहुंच सका है। बागड़ी हरियाणा के हिसार के रहने वाले थे। 1977 के चुनाव में 3,92,137 वोट पड़े थे। इनमें करीब 77 फीसदी 2,96,518 वोट मनीराम बागड़ी को मिले थे।

### तीन बार रनर रह चुकी है यहां पर बसपा

- बसपा को मथुरा लोकसभा सीट पर हाथी के झूमने का इंतजार है। सपा के यहां मजबूत स्थिति में नहीं होने और कांग्रेस की हालत 2004 के चुनाव के बाद से खराब होने के कारण भाजपा का मुकाबला बसपा ही करती रही है। पार्टी यहां से दिग्गजों पर दांव खेलने के साथ ब्राह्मण-मुस्लिम कार्ड भी खेल चुकी है, लेकिन जीत के लिए तरस रही है। वर्ष 1991 से 2014 तक बसपा यहां अपने दम पर चुनाव लड़ रही है। तीन बार उपविजेता रही है। 2019 में सपा-रालोद के साथ गठबंधन के चलते बसपा का प्रत्याशी मैदान में नहीं था। मथुरा सीट पर करीब डेढ़ लाख अनुसूचित जाति का वोट गिना जाता है।



### लोकसभा चुनाव -2019 का जनादेश






### बसपा ने टिकट बदल संघ से जुड़े पूर्व अधिकारी को उतारा

- मथुरा सीट पर बसपा ने पहले वरिष्ठ पत्रकार कमलकांत उपमन्यु को प्रत्याशी बनाया था। उन्होंने अपना प्रचार भी शुरू कर दिया था, लेकिन अंतिम समय में बसपा ने प्रत्याशी बदलकर पूर्व आइआरएस अधिकारी सुरेश सिंह को टिकट दे दिया। 62 वर्षीय स्कूल संचालक सुरेश सिंह भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी रहे हैं। वह प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई में तैनात रहे हैं। वर्ष 2004 में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। उनकी पृष्ठभूमि आरएसएस की रही है। वह विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष भी रहे हैं। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने ऐन वक्त पर उनकी टिकट काट दी थी। 2019 में भी वह भाजपा से टिकट मांग रहे थे। जब नहीं मिला तो बाद में बसपा में शामिल हो गए थे।

- पहले आम चुनाव में राजा महेंद्र प्रताप सिंह हारे, तो अटल बिहारी बाजपेयी की जमानत जब्त हुई
- पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह की पत्नी गायत्री देवी और पुत्री ज्ञानवती को भी यहां से मिली पराजय
- गांधी परिवार के करीबी विदेश मंत्री रहे कुंवर नटवर सिंह भी इस सीट पर सफलता नहीं पा सके
- भरतपुर के राजा विश्वेंद्र सिंह और डींग के राजा मान सिंह को भी इस सीट से चुनाव में हार मिली

**लोकसभा चुनाव 2014 का जनादेश**

| दल | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| भाजपा | हेमा मालिनी | 6,74,633 |
| रालोद | जयन्त चौधरी | 1,43,890 |
| बसपा | विवेक निगम | 73,572 |
| सपा | दिनेश कर्दम | 36,673 |



## भाजपा और टीएमसी ने ही उतारे सितारे



अपने बयानों से सुर्खियों में रहने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत हिमाचल प्रदेशके मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं।



बांग्ला फिल्मों की अभनेत्री रहीं सांसद लॉकेट चटर्जी को पश्चिम बंगाल की हुगली सीट से भाजपा ने इस बार फिर से मौका दिया है।



टीएमसी ने बांग्ला फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री रचना बनर्जी को लॉकेट चटर्जी के मुकाबले हुगली से मैदान में उतारा है। वह तमिल, तेलगु और उड़िया फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं।



टीएमसी ने पूर्व अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा को आसनसोल से चुनाव मैदान में उतारा है। शत्रुघ्न सिन्हा कई बार के सासंद हैं और कांग्रेस छोड़कर टीएमसी में शामिल हुए थे।



दूरदर्शन के रामायण सीरियल में श्रीराम का किरदान निभाकर घर-घर में पहचाने जाने वाले अरुण गोविल को भाजपा ने मेरठ लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है।



भोजपुरी फिल्मों के सिंगर और एक्टर मनोज तिवारी भाजपा के टिकट पर फिर से उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।



दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ को भाजपा ने उपचुनाव जीतने के बाद आजमगढ़ सीट से दोबारा मैदान में उतारा है।



बॉलीवुड और भोजपुरी फिल्मों के स्टार रहे रवि किशन को गोरखपुर सीट से भाजपा ने एक बार फिर टिकट दिया है।

**वादे और इरादे** | भाजपा घोषणापत्र समिति की पहली बैठक में मुद्दों और सुझावों पर हुआ मंथन

# 'विकसित भारत' भाजपा के संकल्प पत्र का प्रमुख एजेंडा

चुनाव डेस्क, नयी दिल्ली

**3.75** लाख से अधिक सुझाव मिस्ड कॉल सेवा से आए

**1.70** लाख सुझाव नमो एप के जरिए भाजपा को प्राप्त हुए

**19** अप्रैल पहले चरण के मतदान से पहले आएगा संकल्प पत्र

### गरीबों, युवाओं, महिलाओं व किसानों को मिलेगी प्रमुखता

- माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए अपनी सरकार की प्राथमिकताओं को लगातार रेखांकित किए जाने को देखते हुए पार्टी इनसे जुड़े मुद्दों को घोषणा पत्र में प्रमुखता दे सकती है।

### मोदी के तीसरे कार्यकाल के बड़े फैसलों की नजर आएगी बानगी

- प्रधानमंत्री मोदी अक्सर इस बात पर जोर देते रहे हैं कि उनके तीसरे कार्यकाल में बड़े फैसले लिये जाएंगे। उन्होंने आज भी एक कार्यक्रम में कहा, 'पिछले 10 वर्षों में जो हुआ वह तो सिर्फ ट्रेलर है अभी तो देश को बहुत आगे लेकर जाना है, विकसित भारत बनाना है'। ऐसे में घोषणा पत्र को लेकर चर्चा जोर पकड़ रही है।

**अमृत विचार।** भाजपा चुनाव घोषणापत्र समिति की पहली बैठक में केंद्र सरकार के 'विकसित भारत' एजेंडा को चुनाव में इसे किस तरह पेश किया जाए, इसकी रूपरेखा पर गहन मंत्रणा हुई। बैठक में 2047 तक विकसित भारत बनाने के खाके पर भी चर्चा की गई। भाजपा अपने चुनाव घोषणा पत्र को संकल्प पत्र के नाम से जारी करती है। सूत्रों के मुताबिक 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान से पहले भाजपा अपना घोषणा पत्र जारी कर सकती है।

लोकसभा चुनाव में भाजपा की तरफ से किए जाने वाले प्रमुख वादों पर विचार-विमर्श करने के लिए आठ केंद्रीय मंत्रियों और तीन मुख्यमंत्रियों ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ सोमवार को बैठक की। इसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने की। घोषणा पत्र समिति के सह संयोजक और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि पार्टी को अपनी मिस्ड कॉल सेवा के माध्यम से 3.75 लाख से अधिक सुझाव मिले हैं। इसी तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऐप (नमो) पर लगभग 1.70 लाख सुझाव आए हैं। भाजपा के घोषणापत्र में लोगों की यह उत्साहपूर्ण भागीदारी प्रधानमंत्री में उनके भरोसे और उनसे उनकी अपेक्षाओं को दर्शाती है। अब लोगों में मिले सभी सुझावों को विभिन्न श्रेणियों में बांटा जाएगा। इसके बाद समिति की अगली बैठक में विचार विमर्श करके सर्वोत्तम को छांटा जाएगा। गोयल ने कहा कि देश के 3,500 विधानसभा क्षेत्रों में 916 वीडियो वैन भी चलाई गईं, जो लोगों तक पहुंची और घोषणापत्र के लिए उनके विचार मांगे। भाजपा ने पिछले माह लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की थी। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसके लिए 'विकसित भारत मोदी की गारंटी' वीडियो वाहन को हरी झंडी दिखाई थी। इसके जरिए पार्टी ने लोगों के सुझाव लिए हैं। जो उपयुक्त लगेंगे उन्हें घोषणा पत्र में समाहित किया जाएगा।

**राम मंदिर, धारा 370 जैसे मुद्दे रहेंगे नदारद :** कई दशकों में यह पहली बार है कि भाजपा के कुछ प्रमुख वैचारिक वादों का चुनावी घोषणापत्र में उल्लेख नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और राम मंदिर के निर्माण के साथ दो प्रमुख वैचारिक वादे पूरे किए जा चुके हैं।

### राजनाथ की अगुवाई में 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति

भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए 27 सदस्यीय घोषणा पत्र समिति गठित की है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को संयोजक तथा पीयूष गोयल को सह संयोजक बनाया गया है। समिति में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर के अलावा पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों में गुजरात के भूपेंद्र पटेल, मध्य प्रदेश के मोहन यादव, असम के हिमंत विश्व शर्मा और छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय के नाम हैं, पूर्व मुख्यमंत्रियों में शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे शामिल हैं। समिति के अन्य सदस्यों में पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, राधामोहन दास अग्रवाल, राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा, ओपी धनखड़, अनिल एंटनी को लिया गया है। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह 2019 में भी घोषणा पत्र समिति के प्रमुख थे। इस समिति के कई सदस्यों को मौजूदा समिति में दोबारा जगह दी गई है।



**पहाड़ की बेटी** ● हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सिने तारिका कंगना रनौत भीमाकाली मंदिर से बाहर आईं तो लोगों ने मालाओं से लाद दिया।

# राहुल को लोकतंत्र की परिभाषा नहीं पता : कंगना

(चुनाव डेस्क)

हिमाचल प्रदेश के मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बॉलीवुड स्टार कंगना रनौत ने सोमवार को मंडी में कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जोरदार जुबानी हमला बोला। कंगना ने भीमाकाली मंदिर सभागार में मीडिया से कहा कि राहुल गांधी को लोकतंत्र की परिभाषा तक नहीं मालूम है। वह किस लोकतंत्र की हत्या की बात कर रहे हैं।

हम लोकतंत्र में रहकर ही चुनाव लड़ रहे हैं और इसे ही असली लोकतंत्र कहते हैं। कंगना ने कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत की टिप्पणी को लेकर कहा कि इस पर ज्यादा कुछ कहने की जरूरत नहीं है। मंडी संसदीय क्षेत्र के मतदाता वोट के माध्यम से कांग्रेस को करारा जवाब देंगे। कंगना ने दावा किया कि भाजपा चारों लोकसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर भी मौजूद रहे।

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# बाज नहीं आ रहा चीन

अरुणाचल प्रदेश को लेकर भारत और चीन के बीच फिर विवाद बढ़ सकता है। चीन ने भारतीय राज्य में विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी सूची जारी की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ये सभी नाम चीनी अक्षरों में लिखे गए हैं। चीन ने ये नाम पहाड़ों, नदियों और कुछ प्रमुख स्थानों से रखे हैं। जबकि चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के स्थानों का नाम बदलने की कवायद को भारत खारिज करता रहा है। गत दिवस ही भारत-भूटान सीमा पर बसाए गए नए गांव में चीन ने तिब्बत पर कब्जे की 65वीं वर्षगांठ बनाई है। गौरतलब है कि चीन भारत से सटी सीमाओं पर कई गांवों का निर्माण कर रहा है, जिसकी आड़ में चीन के सैनिकों को क्षेत्र में बड़ी संख्या में तैनात किया जा रहा है।

चौथी सूची जारी करने के साथ ये भी कहा गया है कि इन नामों को 1 मई, 2024 से लागू किया जाएगा। बता दें कि चीन अरुणाचल प्रदेश को जंगनान के रूप में मान्यता देता है। चीन ने मार्च के शुरुआत में इस क्षेत्र पर अपना दावा ठहराते हुए कहा था कि अरुणाचल प्रदेश चीन का अंतर्निहित हिस्सा है। चीनी सरकार ने अप्रैल 2023 में चीनी अक्षरों, तिब्बती और पिनयिन का उपयोग करके क्षेत्र में 11 नामों को तय किया था, जो तीसरी लिस्ट थी। पहली लिस्ट 2017 में आई थी, जबकि दूसरी 2021 में जारी की गई थी। यही नहीं चीन ने 11 मार्च को सेला सुरंग का उद्घाटन करने अरुणाचल प्रदेश पहुंचे पीएम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे का विरोध किया था। भारत ने हमेशा चीन के दावों को खारिज करते हुए अरुणाचल प्रदेश को अपना अभिन्न अंग बताया है। चीन लगातार भारत विरोधी कदम उठाकर नापाक चाल चलने से बाज नहीं आ रहा है।

हालांकि भारत ने हमेशा चीन के दावों को खारिज करते हुए अरुणाचल प्रदेश को अपना अभिन्न अंग बताया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन द्वारा बार-बार किए जा रहे दावे को 23 मार्च को बेतुका करार देते हुए इसे खारिज कर दिया था और कहा था कि यह सीमांत राज्य भारत का स्वाभाविक हिस्सा है। उन्होंने नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) के 'साउथ एशियन स्टडीज इंस्टीट्यूट' में एक व्याख्यान देने के बाद अरुणाचल मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में कहा था कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। ये दावे शुरू से बेतुके हैं और आज भी बेतुके ही हैं। ऐसे में जरूरी है कि चीन की आक्रामक नीति पर अंकुश लगाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर चीन को अलग-थलग करने की कोशिश करनी चाहिए।

# जानकारी और ज्ञान का फर्क समझना होगा



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

सयाना व्यक्ति आमजन के बीच कितने दर्जे तक पढ़ा है या प्रोफेशनल कोर्स करके कुछ करने की दक्षता हासिल की है आदि के बारे में जिक्र नहीं करता। 'जैसा जग, वैसा ढंग' वाला फार्मूला अपना कर हर किस्म के समाज में सहज-से बात हो जाती है। औरों की कही को सुनना अधिक उचित है।

पढ़ा-लिखा होने का असली मतलब क्या है? सामान्य तरीके से अंग्रेजी में 'एजुकेटेड' कहें तो हिंदी भाषा में इसका शब्दानुवाद 'पढ़ा-लिखा' और संस्कारी होता है। मतलब यह कि सामान्य और कम शिक्षित व्यक्ति से कुछ ऊपर की वैसी पढ़ाई किया हुआ व्यक्ति जिसने हाई स्कूल लेवल तक पढ़ाई की है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश और हरियाणा के देहात में 'यू घणा पढ़ा लिखा माणस सै' आशय उस व्यक्ति के लिए प्रयुक्त किया जाता है जिसने न केवल उच्च शिक्षा अर्जित की है वरन स्वाध्याय से भी जानकारी का अपना स्तर बढ़ाया है।

सयाना व्यक्ति आमजन के बीच कितने दर्जे तक पढ़ा है या प्रोफेशनल कोर्स करके कुछ करने की दक्षता हासिल की है आदि के बारे में जिक्र नहीं करता। 'जैसा जग, वैसा ढंग' वाला फार्मूला अपना कर हर किस्म के समाज में सहज-से बात हो जाती है। औरों की कही को सुनना अधिक उचित है। किसी खास बात पर अपनी राय भी 'रिज़र्व' रखनी चाहिए। कहते हैं न, बात की वैल्यू तभी होती है जब अपनी बराबर के स्तर वालों से जाए। आमजन अमूमन ऊंचे दर्जे वाली टेक्निकल या वैज्ञानिक जानकारी समझ नहीं पाता। मिश्रित और सामान्य जानकारी वाले समाज में ऊंचे ज्ञान वाली बात की कद्र नहीं होगी और हो सकता है खिल्ली भी उड़े। ज्ञानवान को ज्ञान के उपेक्षा नहीं सुहाती, क्योंकि बात की गहराई को नहीं समझने वाले वाले लोगों के लिए इसका परिप्रेक्ष्य और कॉन्टेक्स्ट विशिष्ट हो सकता है।

सोशल मीडिया पर ज्ञान की बांटने की जरूरत नहीं, ऐसा बहुतों का विचार है फिर भी प्रबुद्ध बने रहकर मित्र लोग ज्ञान की बातें शेयर करते रहते हैं। जिसे लेना है लेता है और रुचि नहीं या समझ से परे दिखता है या मित्रों को पहले से मालूम है, तो भी इसमें उपेक्षित महसूस नहीं करना है। अपेक्षा न किसी से रखें कि वह एक ख़ास कंटेंट से बौद्धिक रूप से इंडलजेन्स शो करेगा या उसे करनी चाहिए। वह खुद को इन्वोल्व तब करेगा जब एक उपयुक्त जवाब देने के लिए दूसरे के मन में बौद्धिक रूप से कुलमुलाहट होगी। इसमें बौद्धिक क्षमता और एनर्जी का इस्तेमाल होता है। ऐसे में दो सिद्धांत याद रखने जरूरी हैं: एक, ज्ञान बाटेंगे तो अपनी

सोशल मीडिया पर ज्ञान की बांटने की जरूरत नहीं, ऐसा बहुतों का विचार है फिर भी प्रबुद्ध बने रहकर मित्र लोग ज्ञान की बातें शेयर करते रहते हैं। जिसे लेना है लेता है और रुचि नहीं या समझ से परे दिखता है या मित्रों को पहले से मालूम है, तो भी इसमें उपेक्षित महसूस नहीं करना है।

भी एक्सरसाइज होती है और यह बढ़ता है। दूसरे का स्तर बढ़ता है या नहीं, इसका फीडबैक नहीं मिलता। व्यक्तिगत तौर से परिचित लोग भी कन्नी काटते हैं। अनुभव यह भी कहता है कि लोग बात को पकड़ते जरूरत हैं, लेकिन रियेक्ट नहीं करते। सोचते हैं क्यों उलझा जाए। नए ज्ञान का सृजन करने के पश्चात इसके कन्फर्मेशन के लिए अकादमिक जगत में सह-बौद्धिकों से सहयोग -रिजेक्शन या अप्रूवल, अगर नहीं मिलता तो विश्व में आज ज्ञान का कारोबार इतना विशाल न हुआ होता। कारोबार का अर्थ ज्ञान सृजन में संसाधनों (पूंजी और स्किल्ड मनुष्य) के निवेश और ज्ञान के प्रसार -प्रिंटिंग एंड सर्कुलेशन, से है।

जानकारी और ज्ञान में क्या फर्क है। पहले तो यही समझना जरूरी है कि ज्ञानोदय से पहले जानकारी एक आधार रूप में मौजूद है, यह शर्त पूरी करनी होती है। जानकारी का मौके के अनुकूल विश्लेषण और एप्लीकेशन ज्ञानवान बनने के लिए जरूरी है। इसके रिजल्ट्स से ही विजडम पैदा होती। देखा गया है कि विजडम का ताल्लुक शतप्रतिशत इस बात से नहीं होता कि एक व्यक्ति का औपचारिक शिक्षा का स्तर कितना है बल्कि इससे कि उसकी ऑब्ज़र्वेशन और एनालिसिस की पॉवर कितनी सशक्त है। ये दोनों तत्व एक व्यक्ति के शैक्षिक स्तर और उसके परिवेशी अध्ययन और अनुभव से मिलते हैं तो व्यक्ति में ज्ञान का उदय होता है। यह धीरे-धीरे बढ़ता है। इसमें कभी 'क्वांटम जम्प' नहीं होता। अनुभव न होने से 'प्रोडिजीज' में(मेधावी) भी गलतियां करते हैं और अनेक बार दुर्घटना हो जाती है। ज्ञान किसी और तरीके से फंक्शन करता है और जानकारी का उच्च स्तर किसी और तरीके से। ज्ञान और विजडम को क्या मापा जा सकता है और इसे क्वांटिफाई किया जा सकता अर्थात क्या इसकी नुमेरिकल वैल्यूज तय करके इनकी 'स्टेटिस्टिकल सिग्निफिकेंस' तय की जा सकती है। एक्सपेरिमेंटल साइकोलॉजिस्ट्स इस बारे में क्या कहते हैं? ऐसा करने की पद्धति क्या है? और, मापन के समय गणना करते समय 'अनजान त्रुटियों' को निरस्त करने का फार्मूला लगाने के बावजूद क्या ऐसे नतीजों को स्वीकार किया जा सकता है? बड़ी बात यह है कि मैय्यर (मापन) किये जाने के बाद सावधानीवश यह चेतावनी या पूर्व-कथन (डिस्क्लेमर) इस नतीजे पर लगा दिया जाता है कि उक्त गणना केवल तात्कालिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए है, दीर्घावधि के लिए या अमान्य है। इसलिए कि दस साल बाद व्यक्ति का बौद्धिक विकास होने या न होने से स्थिति बदली हुई होगी और अगर पिछ्ला डेटा किसी अगले या वर्तमान समय में एक निर्णय के लिए इस्तेमाल किया जाना है तो व्यक्ति को गंभीर हानि हो सकती है। यह उसके लिए अन्यायपूर्ण हो सकता है क्योंकि इसके कानूनी निहितार्थ भी हैं।

हमारे यहां अंग्रेजों के मैनर्स, कस्टम्स अर्थात सिविल लाइफ का बड़ा इन्फ्लुएंस रहा है। हमारे यहां भी ये सब व्यवहारिक तत्व प्रत्येक कम्युनिटी में मौजूद हैं। पहले बिंदु की बात करें तो हमारे यहां अदब में नाटकीयता कम है, लेकिन हाव-भाव अर्थात भंगिमाओं का अंश अधिक है। समाज में उच्च संस्कारित व्यक्ति की पहचान का एक तत्व 'अदब' है जिसे हम अपने महापुरुषों, जैसे कि राजकुलों में पैदा हुए श्रीराम जैसों और श्री हनुमान के जीवनचरित का अध्ययन करके जान सकते हैं जोकि अक्सर ही टेक्स्ट्स या एपिक्स के जरिये से मालूम होता है। लेकिन अंग्रेजों के अदब का परिचय हमें भारत में नियुक्त अफसरों और वाइसराय के दरबार आदि के संचालनों और दैनंदिन की शासकीय और सिविल लाइफ के कोड्स से ही मालूम होता है। हमारे अपने सामान्य जीवन में यह पारिवारिक ताल्लुकों के जरिये से मालूम होता है। एक अपढ़ बाप की बेटा या बेटी अगर विश्व स्तरीय वैज्ञानिक या विद्वान् है तो वह अपने पिता से पेश आते समय भारतीय अदब का ही पालन करेगा। अपने पिता से मिलते हुए वह अपना ज्ञान नहीं बघारेगा क्योंकि पिता और संतान का कार्यक्षेत्र अलग है। इसलिए मेरे हिसाब से भारत में पढ़ा-लिखा होने का मतलब जानकारी के आधिक्य से नहीं बल्कि 'नाते' या ताल्लुक से पैदा हुए अदब से अधिक होना चाहिए।

पारंपरिक नज़रिए से भारत में अफसर होने की सोच एक समय पर सिर्फ थानेदार, पटवारी और स्कूल मास्टर और क्लर्क या बाबू के पद पर नियुक्त हो जाने तक सीमित रही थी। अब हजारों नए काम पैदा हो गए हैं इसलिए अफसरों का डेजिग्नेशन बदला है तब भी पुराणी सोच वाले लोग अकसर यह पूछ लेते हैं कि अमुक व्यक्ति पटवारी, मास्टर और थानेदार से बड़ा है या छोटा! खैर, इस बाबत बहुत तरीके से बात हो सकती है, और बहुतों की एक्सप्लेनेशंस बिलकुल अलग तरीके से पेश हो सकती हैं, परन्तु समाज में निचले और मामूली पढ़े लिखे लोगों की संयुक्त सोच या 'कलेक्टिव साइकोलॉजी' ऐसी है कि वे संकोची हैं तो तथाकथित 'पढ़े-लिखे' के आगे चुप रहेंगे या उसकी तरफ अधिक ध्यान न देते हुए दिनचर्या पूरी करते रहेंगे लेकिन उपेक्षा नहीं दिखाएंगे, रिजेक्ट तो करेंगे ही नहीं। 'कुछ लोग' बेशक उसे 'तिरस्कार' की नज़र से भी देख लें। जैसे कि समाज में निचले तबके का कोई व्यक्ति अगर एक इंटरनेशनल साइंटिस्ट या स्कॉलर हो गया है उसे दंभी व्यक्ति इसलिए तिरस्कृत करेंगे कि उसके परिवार की बैकग्राउंड 'निम्न' धंधे वाली रही है। इस बारे में देश में उच्च वर्णों में वर्ग विशेष की 'कलेक्टिव साइकोलॉजी' कैसे काम करती रही है, इससे हमारा परिचय है ही। उच्च वर्णों में मामूली पढ़ा-लिखा भी बड़ा आदर पाया करता, लेकिन अब स्थिति बदली है। यह विडं बना है कि समाज में बैठने वाले एक उच्च शिक्षित व्यक्ति से उसकी क्वालिफिकेशन और आय के अलावा जाति आज भी जरूर पूछी जाती है। समाज में कुछ ढीठ लोग किसी भी उच्च शिक्षित को तिरस्कार के भाव से यह जरूर कह सकते हैं कि 'पढ़ा-लिखा तो जरूर है, लेकिन पटवारी या थानेदार तो नहीं'। ऐसे में कोई क्या कर लेगा!

## प्रसंगवश

# विदेशी संबंध और भारत



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अंतर्गत कोई देश किसी अन्य देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकता। इस स्पष्ट व्यवस्था के रहते हुए भी यह पाया जा रहा है कि कुछ विदेशी शक्तियां भारत के अंदरूनी मामलों में दखल करती हैं। संप्रति दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने को लेकर ऐसे दखल के उदाहरण एकदम स्पष्ट हैं। पहले जर्मनी ने टोका टोकी की, फिर अमेरिका बोला और अब संयुक्त राष्ट्रसंघ इस घटना पर चिंता प्रकट कर रहा है। थोड़ा ही पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी जेल भेजे गए थे, तब कोई बाहरी देश नहीं बोला था। पिछले दिनों नागरिकता संशोधन अधिनियम देश में लागू हुआ, तो सत्तावन इस्लामिक देशों के सहयोग संगठन ने इस पर विरोधात्मक बयान दिया। यही नहीं इस संगठन ने अयोध्या राम मंदिर मामले के फैसले को लेकर भी चिंता जाहिर की और बयानबाजी की। एक अन्य उदाहरण कनाडा का है। वहां से खालिस्तान समर्थक अलगाववादी भारत विरोधी संगठन संचालित और सिंचित होता रहता है। इस संगठन के नेता हरदीपसिंह निज्जर की विगत में वहां हत्या हुई थी, जिसका सीधा आरोप वहां की सरकार ने भारत पर लगा दिया था। तुर्किये (टर्की) अमेरिका नीत नाटो का सदस्य है और हमारे खिलाफ बोलता रहता है। छोटे से देश मालदीव ने चीन के इशारे पर हमें आंखें दिखाकर वहां से हमारी सेना हटवाने की जिद की है और हटवा रहा है। वह 'इंडिया आउट' अभियान चला रहा है। लंका, जिसकी हम मदद करते रहे हैं, चीन के ऐसे जलपोतों को अपने बंदरगाह पर हफ्तों लंगर डालकर खड़े रहने की अनुमति दे देता है,जो निकट से हमारी जासूसी करते हैं। यही नहीं कुछ मास पूर्व पाकिस्तान स्थित अमेरिकी राजदूत डेविड ब्लोम ने पाक अधिकृत कश्मीर की छह दिवसीय यात्रा की, जिसे भारत अपना कहता है। खबर मिलने पर भारत ने आपत्ति भी की थी। नेपाल और भूटान भी अब चीनी प्रभाव में दिख रहे हैं। भूटान की जमीन पर चीन अपना कब्जा बढ़ा रहा है। यह सब क्यों है? क्या भारत कमजोर है या इसे ताकतवर होते देख वाह्य शक्तियां ईर्ष्यावश ऐसा करती हैं? अथवा हमारी विदेश नीति में कोई कभी है? जो भी हो, हमें आत्ममुग्ध रहने की बजाय आत्म निरीक्षण करके स्थितियां सुधारनी चाहिए।

# दुर्दांत अपराधियों का प्रभा मंडल



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी
पुलिस, उप्र.

आज देश की राजनीति धर्म और जाति आधारित हो गई है। आसन्न चुनाव में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी,शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, विकास आदि मुद्दा नहीं रह गए हैं।

बदलते समाज के साथ ही समाज के प्रभावशाली व्यक्तित्व की परिभाषा भी बदलती रहती है। कभी विदेशी मुस्लिम आक्रांताओं से लोहा लेने वाले व्यक्ति-राणा प्रताप, चांदबीबी, दुर्गावती, शिवाजी हमारे पूजनीय हुआ करते थे, कभी स्वतंत्रता हेतु बलिदान करने या संघर्ष करने वाले-मंगल पांडेय, रानी लक्ष्मीबाई, बाबू कुंवर सिंह, चाफेकर बंधु,बाल, लाल, पाल, भगत सिंह, गांधी, सुभाष, नेहरू हमारे नायक होते थे। सामाजिक मूल्यों के पतन के साथ हमारे नायकों में भी परिवर्तन हो रहा है। आज विद्वान अध्यापक, डाक्टर, इंजीनियर, सज्जन नौकरशाह, शरीफ राजनीतिज्ञ व समाजसेवी से अधिक बाहुबली, धनबली, कुख्यात राजनीतिज्ञ, तस्कर, अपराधी आदि समाज के प्रेरक व्यक्तित्व हो गए हैं। मैं 1986-89 में सीओ कोतवाली इलाहाबाद था, उस समय शहर में मौला भुक्खल तथा अतीक अहमद बड़े अपराधी हुआ करते थे। हम प्रायः भुक्खल महाराज, अतीक अहमद के घर दबिश देते रहते थे। 1988 के उप चुनाव में विश्वनाथ प्रताप सिंह इलाहाबाद में कांग्रेस के विरोध में ऐतिहासिक चुनाव लड़ रहे थे, उनको हराने में सहयोग देने के लिए भुक्खल को चुनाव तक गिरफ्तार न करने के आदेश मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए थे और वह प्रचार के नाम पर शहर और देहात में निर्भय भ्रमण करते थे। वर्ष 1993 में जब मैं पुलिस अधीक्षक नगर होकर इलाहाबाद लौटा तो अतीक अहमद विधायक हो चुके थे। उसका कद इतना बढ़ गया कि वरिष्ठ अधिकारी उसकी कृपा के आकांक्षी रहते थे। 2009 के लोकसभा चुनाव के समय मैं डीआईजी झांसी था और अतीक ललितपुर जेल में निरुद्ध थे, उनके पूर्व परिचित, आयुक्त झांसी मंडल उससे जेल में मिलने हेतु आकुल थे, बहुत मुश्किल से उन्हें मैं रोक पाया। वर्ष 1995 में मैं पुलिस अधीक्षक नगर वाराणसी था। अगस्त में संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में मुख्यमंत्री मायावती की जनसभा तब तक प्रारंभ नहीं हुई जब तक मुख्तार अंसारी गाजीपुर जेल से छूट कर 70 बस तथा नौ कारों के काफिले के साथ सभास्थल पर पहुंच कर मंचासीन नहीं हो गए। बाद में तो सपा, बसपा की सरकारों में वह एक महत्वपूर्ण शख्शियत और अपराध जगत के बेताज बादशाह हो गए थे। एक डिप्टी एसपी द्वारा उनके गैंग की लाइट मशीन गन की बरामदगी दिखाने पर उसे सरकार द्वारा इतना उत्पीड़ित किया गया कि उसे पुलिस सेवा त्यागनी पड़ी। ऐसे बहुत से स्वनामधन्य बड़े अपराधी हैं जो सरकार की कृपा से जनता और अधिकारियों पर भारी पड़ते हैं। बड़े अपराधी पैसा, जाति एवं धर्म का सहारा लेकर अपनी बिरादरी तथा क्षेत्र के राबिन हुड बन जाते हैं और विधानसभा तथा संसद की शोभा तक बढ़ाते हैं। अतीक की पुलिस अभिरक्षा में हत्या तथा मुख्तार अंसारी की न्यायिक अभिरक्षा (जेल) में हुई मृत्यु दुखद है जिसमें बाद जांच दोषियों को दंड दिया जाना चाहिए परंतु उनके जनाजे में उपस्थित जनसमूह तथा कतिपय राजनीतिक दलों द्वारा दी गई प्रतिक्रियाएं अपराधियों के महिमा मंडन का ज्वलंत उदाहरण है। कोई भी राजनीतिक दल ऐसा नहीं है जो बाहुबलियों की उपेक्षा कर सके, कोई उन्नीस है तो कोई बीस। हमें अपराधियों के इस महिमामंडन को रोकना ही होगा नहीं तो देश पर माफियाओं का आधिपत्य हो जाएगा। आज देश की राजनीति धर्म और जाति आधारित हो गई है। आसन्न लोकसभा चुनाव में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, विकास आदि मुद्दा नहीं रह गए हैं, जाति, धर्म, पैसा, शराब पर ही चुनाव लड़ा जाएगा। चुनावी बिगुल बजते ही दल बदल का खेल चरम पर है। प्रत्येक दल अपने यहां धुलाई मशीन लगा रखी है जो विरोधी दल के भ्रष्ट, अपराधी नेताओं को अपने दल में सम्मिलित कराकर उनका शुद्धिकरण कर दे रहे हैं। पहले मायावती जी ही पैसा लेकर टिकट देने के लिए जानी जाती थी, अब कमोवेश हर दल में यह चलन बढ़ा है। अब दिखावे के लिए भी कोई दल नैतिकता की बात नहीं करता। दलों का गठबंधन सिद्धांत पर न होकर, आपसी स्वार्थ पर हो रहा है। स्थानीय दलों में परिवारवाद चरम पर है। ईमानदारी और नैतिकता के नाम पर आए केजरीवाल तो जेल से ही सरकार चलाने का कीर्तिमान बना रहे हैं। झारखंडी हेमंत सोरेन जेल जाते समय मुख्यमंत्री पद त्यागने पर अब पछता रहे होंगे। चुनाव आयोग मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जनजागरण अभियान चला रहा है लेकिन अच्छे तथा बेदाग चरित्र वाले ही प्रत्याशी बने, इस पर वह तथा सर्वोच्च न्यायालय मौन है। अब प्रश्न है कि जब सभी दल एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं और बेदाग प्रत्याशी नहीं उतार रहे हैं तो हम मतदान क्यों करें?और यदि नहीं करते या नोटा का बटन दबाते हैं तो भी उन्ही दागी प्रत्याशियों में से कोई एक चुना जाएगा। इस विषय पर संविधान मौन और जिम्मेदार मतदाता असमंजस में है। अब तो बुरों में भी कम बुरा प्रत्याशी और राजनैतिक दल को तलाश कर ही मत देने का विचार करना पड़ेगा।

## सोशल फोरम

# एलुमनाई अब एक नई जाति है



संजय वर्मा
इंदौर

यह सब कोई पंद्रह बीस साल पहले शुरू हुआ। मोबाइल ने रोजी रोटी की तलाश में दुनिया के मेले में बिछड़े सहपाठियों को ढूंढना मिलना आसान कर दिया। कुछ उत्साही लोगों ने मिलन समारोह रखे। बातें शुरू तो हुई-तुझे याद है हम कैसे क्लास बंक कर कचोरी खाने जाते थे। पर जल्द ही लोगों को समझ में आ गया कि मामला चड्डी बड्डी की बातें करने से कहीं ज्यादा गंभीर है। यह रेडी मेड नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म मिलने जैसा था। राजनीतिक कनेक्शन, खदानों के ठेके, ऑर्डरों की जुगाड़, नौकरी में प्रमोशन, बच्चों के वैवाहिक संबंध जैसे तमाम मामलों में इन कॉलेज के दोस्तों से सलाह और मदद आने लगी। बात की बात में अनौपचारिक मिलन समारोह एक औपचारिक संस्था में बदल गए। लोग नए शहर में जाने से पहले अपने कॉलेज पास आउट जूनियर सीनियर बंदों के फोन नंबर जुगाड़ने लगे। अचानक लोगों को इन एलुमनाई एसोसिएशन से वही महत्व और संरक्षण मिलने लगा जो किसी जमाने में सरकारी नौकरी में ठाकुर या बामन लॉबी अपने जाति भाइयों को दिया करती थी। अब हालत ये है कि कॉरपोरेट में नौकरी देते समय यह देखा जाने लगा है कि इस उम्मीदवार के पीछे खड़ा एलुमनाई एसोसिएशन इसे ऑर्डर लाने, सरकार से काम निकलवाने में कितनी मदद करेग। पार्टियों में नए मिले लोग जाति धर्म के अलावा यह जानना चाहते हैं कि आप कौन से कॉलेज से पढ़े हैं। एलुमनाई संगठन एक बड़ा सामाजिक बदलाव है। एक नई जाति का उदय हुआ है। बेशक इसकी बुनियाद में व्यापार व्यावसायिक फायदे ही थे लेकिन धीरे-धीरे यह एक एक्सटेंडेड फैमिली का रोल भी अदा कर रही है। शायद संयुक्त परिवार और गांव की पंचायत के छूट जाने से दिल दिमाग में जो खालीपन पैदा हुआ है ये एलुमनाई शायद उसे ही भर रहे हैं। देखना दिलचस्प होगा कि क्या आने वाले दिनों में इस नई जाति में भी उसी तरह की कट्टरता आ जाएगी जैसे दूसरी जाति धर्म में होती है? हो सकता है आईआईएम अहमदाबाद वाले सिर्फ आईआईएम वालों को ही नौकरी पर रखें। ये भी संभव है कि वे छोटे कस्बाई कॉलेज वालों से छुआ छूत रखें। इंसान का मन जुड़ने के लिए कैसे-कैसे बहाने करता है, एलुमनाई उसकी एक मिसाल।

**-फेसबुक वॉल से**

# अपनी नगरी में निसर्ग के अद्भुत संकेत



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

मयूर नृत्य–नदेसर पैलेस की सबसे बड़ी मनमोहकता है उसकी विशाल हरीतिमा, पेड़ पौधों से आच्छादित प्रशस्त परिसर जिसमें विविध प्रकार के खग–पक्षी, मयूर, चिखुरी, कोयल, शुक–सारिका उन्मुक्त विहार करते हैं।

अपने गुरुकुल भूमि की सोंधी महक किसे अच्छी नहीं लगती? काशी और काशी हिंदू विश्वविद्यालय को मैं भावनात्मक रूप से दूसरी जन्मभूमि मानता हूं। इसलिए जब मेरी ज्येष्ठ बेटी ने नाती तथा दामाद के साथ बनारस चलने की इच्छा प्रकट की तो मैं तुरंत सहमत हो गया। हम लोग सपरिवार वायु यात्रा से वाराणसी के लालबहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर गोधूलि बेला में पहुंचे। बहुत शीघ्र ही हम अपने गंतव्य नदेसर स्थित महाराज काशीनरेश के पुराने राजभवन (नदेसर पैलेस) जो अब नदेसर ताज पैलेस के नाम से सुविख्यात है, पहुंच गए। वहां हम सबका स्वागत शंखनाद, वेद ध्वनि, पुष्पवर्षा, मंगल -तिलक, स्वस्तिवाचन तथा गंगाजी की मिट्टी से बने सुरुचिपूर्ण आकर्षक माल्यार्पण से हुआ। यद्यपि मैं बनारस में काफी लंबी अवधि तक रहा पर मुझे नदेसर पैलेस के इस वैभवशाली सांस्कृतिक परंपरा का बिल्कुल भी आभास नहीं था। आवश्यक औपचारिकताओं के बाद हम लोग अपने अपने कक्ष में चले गए। मुझे जो कक्ष मिला वह संयोग से कश्मीर के पूर्व महाराजा कर्ण सिंह और उनके परिवार के अतिथि निवास का साक्षी रह चुका था। यह बात मेरे नाती के मन में गुदगुदी पैदा करती थी।

हम लोग करीब तीन दिनों तक नदेसर पैलेस प्रांगण में रुके और उस अवधि में दशाश्वमेध स्नान, संकटमोचन, काशी विश्वनाथ, काशी घाट दर्शन, गंगा आरती, काल भैरव, दुर्गाजी, वनकटी, दुर्गविनायक, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर का विहंगम परिभ्रमण, अपने पूर्व आवास ओल्ड एफ टू जोधपुर का कायाकल्प, प्रिंसिपल कालोनी स्थित प्राचीन हनुमानजी, 1971 के दशक में नगवां स्थित अमेठी कोठी के अपने आरंभिक निवास का जायजा लिया, आनंद उठाया। शहर के उत्तरी छोर पर स्थित भगवान बुद्ध की पीठस्थली सारनाथ भी गए। नवनिर्मित बौद्ध विश्वविद्यालय देखा। इस संपूर्ण प्रवास में निसर्ग की कुछ लीलाएं देखीं। काशी की विशिष्टताएं देखीं। उनमें से कुछ उल्लेखनीय घटनाएंः

एक गिलहरी का अध्यवसाय–प्रवास की पहली सुबह पैलेस परिसर में स्थित नंदीश्वर मंदिर की पूजा आरती में सम्मिलित होने गया। वहां पर मैंने एक अद्भुत नजारा देखा। एक गिलहरी मंदिर के कोने में बने एक दीप प्रकोष्ठ के छोटे सुराख के अंदर अपने मुख में कुछ भोज्य पदार्थ लेकर अंदर घुसने का प्रयत्न कर रही थी। अंततः उसने ऐसी सूझबूझ दिखाई की मैं हतप्रभ रह गया। गिलहरी ने भोज्य पदार्थ प्रकोष्ठ के छिद्र पर अटका दिया और प्रकोष्ठ की पिछली दीवाल से अंदर प्रवेश कर उस भोज्य पदार्थ को अंदर घसीट लिया। एक नन्हें से जीव द्वारा कमाल का चातुर्य और अध्यवसाय।

इस छोटी सी लगने वाली घटना ने मुझे सेतुबंध रामेश्वर के उस दृश्य का स्मरण करा दिया। कहते हैं दयानिधान राघवेंद्र श्रीराम के दुलारभरे हाथों की रेखाएं गिलहरियों के पृष्ठ भाग में आज भी उपस्थित हैं। मेरे मन में नंदीश्वर महादेव के सानिध्य में बने निर्मित प्रकोष्ठों के अत्यंत संकीर्ण छिद्रों के अंदर उस गिलहरी द्वारा घुसकर अपने भोज्य पदार्थ को ले जाने की घटना एक असाधारण अध्यवसाय की बात थी जिससे जीवन में बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

अस्वस्थ अश्वत्थ–काशी में कोई आस्तिक आए और बिना संकटमोचन, दुर्गाजी, दुर्गविनायक तथा वनकटी दर्शन किये बिना लौट जाए ऐसा हो ही नहीं सकता। हमने होटल से एक ई-रिक्शा किया और सीधे दुर्गाजी के निकट स्थित वनकटी हनुमान जी के दर्शन-पूजन किए। अब वहां पर तीसरी पीढ़ी के पुजारी जी थे। 1960 के दशक में वृद्ध तिवारी जी मंदिर की देखभाल करते थे, उनके बाद उनके दामाद स्वर्गीय रामगोपाल मिश्रजी और अब उनके भतीजे धनंजय मिश्र। एक बात जिसने मुझे बहुत आश्चर्यचकित कर दिया वह था, मंदिर परिसर में स्थित विशाल पीपल के पेड़ की अनुपस्थिति। उसके स्थान पर एक नवजात पीपल का पौधा लगाया हुआ था। पुजारीजी से पूछने पर पता चला कि पुराने विशालकाय पीपल के वृक्ष को अंदर ही अंदर दीमक (एक तरह की सफेद चींटी) चाट गई। इतने बड़े पीपल का दीमक द्वारा सर्वनाश मन को हिला देने वाली बात थी। यह कुछ उसी प्रकार की दुर्घटना थी जिस प्रकार अधिकांश असंक्रामक बीमारियां जैसे मोटापा, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदयाघात, कैंसर आदि चीटीं की भांति हमारे शरीर में चुपचाप प्रवेश करती हैं और धीरे-धीरे विशालकाय हाथी का स्वरूप धारण कर शरीर को अंदर ही अंदर दीमक की भांति खोखला कर देती हैं और उसे पूर्णतः ध्वस्त कर देती हैं।

दिये का संघर्ष –काशी में कुल चौरासी घाट हैं जो शहर के उत्तरी छोर राजघाट से शुरू होकर दक्षिणी सीमा सामनेघाट तक अर्धचंद्राकार रूप में फैले हुए हैं। इस प्राचीनतम नगरी के सांस्कृतिक वैभव को किसी को देखना हो तो रात की बेला में नौकाविहार के द्वारा विहंगम अवलोकन अत्यंत आवश्यक है। अब तो गंगा आरती का आयाम इस नौका आनंद को और कई गुण बढ़ा देता है। अंधकार और प्रबल नीरवता के बीच नौका पर काशी दर्शन आस्तिकता के एक और पक्ष का दर्शन कराता है। वह है घाट के किनारे दीप प्रज्ज्वलन की परंपरा। इन्हीं में से एक दीपक जब मां गंगा की बीच धारा में ऊर्मिल लहरों के बीच अकेले संघर्ष करते प्रवहमान दिख जाता है तो सहसा भर्तहरि का वह श्लोक याद आ जाता है जिसमें वह कहते हैं – 'प्रारभ्य विघ्नविहिता विरमन्ति मध्याः । विघ्नैः पुनः पुनरपि प्रतिहन्यमानाः , प्रारभ्य च उत्तमजनाः न परित्यजन्ति। उत्तम कोटि के लोग अच्छे काम के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहते हैं और उसे प्राप्त करके ही दम लेते हैं ।

मयूर नृत्य–नदेसर पैलेस की सबसे बड़ी मनमोहकता है उसकी विशाल हरीतिमा, पेड़ पौधों से आच्छादित प्रशस्त परिसर जिसमें विविध प्रकार के खग-पक्षी, मयूर, चिखुरी, कोयल, शुक–सारिका उन्मुक्त विहार करते हैं। गुंजित -कुंजित वातावरण बरबस काशी हिंदू विश्वविद्यालय के मंदिर प्रांगण की याद दिला देता है। अपने प्रवास के दूसरे दिन प्रातःकाल अल्पाहार के समय निकट छतरी के पास एक संगीतज्ञ महोदय सितार बजा रहे थे कि अचानक एक मयूर अपने दो शावकों के साथ हरे मैदान में आ गया और कुछ समय पश्चात नृत्य करने लगा। संगीत की निर्झरणी ने मयूर की हृदतंत्री को ऐसा झंकृत किया की वह निरभ्र आकाश के नीचे अपने समस्त पंख फैला कर नाचने लगा। कुछ ऐसा ही होता है हमारे हृदय की तंत्रिका प्रणाली को जब वह मर्यादा में संतुलित और सम्यक रहती है तब उसकी सुतालता (रिदम) बनी रहती है अन्यथा उसे अतालता में जाते देर नहीं लगती।

वानर का तंबाकू निषेध पाठ–अपने यात्रा क्रम में मैं और पुत्री दुर्गाजी गया। दर्शन करके लौट ही था की हमारे ई -वाहन चालक ने बताया की एक वानर उसके ई -वहां के स्टियरिंग के नीचे बने झोले से उसकी सुरती का पैकेट उठाया, भाग कर एक दीवाल पर बैठ कर उस सुर्ती के पैकेट को फाड़ा और फिर हिकारत की दृष्टि से वाहन चालक को घूर कर उस पैकेट को फेंक दिया। यह सुनकर मैंने उस ड्राइवर को उसके मलिन, क्षत-विक्षत, बदरंग दांतों की तरफ इशारा करते हुए कहा कि देखो अब इस वानर ने भी तुम्हें सुर्ती न खाने का पाठ पढ़ाया है। देखने में उपरोक्त घटनाएं बहुत छोटी और नगण्य सी लगती हैं लेकिन इन सबके पीछे अध्यवसाय, सुस्वास्थ्य, सोद्देश्यता, निरन्तरता तथा जीवन में तालमयता के गूढ आध्यात्मिक संदेश छिपे हुए हैं जिनका पालन कर हम अपने जीवन को समुन्नत और सार्थक बना सकते हैं। अवि मुक्तेश्वर काशी में निसर्ग से मिली इतनी सारी सीखें मुझे सदा सर्वदा याद रहेगी।



# बसपा के गढ़ अंबेडकरनगर में आसान नहीं भाजपा की राह

## 2019 में बसपा से जीते रितेश पांडे इस बार भाजपा उम्मीदवाद, सपा ने लाल जी वर्मा और बसपा ने कमाल शाह को उतारा

हरीओम, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं, ऐसे में भाजपा, सपा और बसपा ने अपने उम्मीदवारों का ऐलान भी कर दिया है। भाजपा ने बसपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए सांसद रितेश पांडे पर भरोसा करते हुए उन्हें अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। समाजवादी पार्टी ने बसपा के कद्दावर नेता रहे लालजी वर्मा को मैदान में उतारा है। लालजी वर्मा की कुर्मी नेता के तौर पर अच्छी पहचान है। बसपा ने भी अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर दांव खेलते हुए कलाम शाह को उम्मीदवार बनाया है।

पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा सुप्रीमो मायावती ने 29 सितंबर 1995 को अंबेडकरनगर जनपद की स्थापना की थी। अंबेडकरनगर लोकसभा सीट को कभी बहुजन समाज पार्टी का गढ़ माना जाता था। बसपा सुप्रीमो मायावती अंबेडकरनगर लोकसभा (अकबरपुर सुरक्षित) सीट से तीन बार सांसद भी रह चुकी हैं। 2014 में मोदी लहर में पहली बार अंबेडकरनगर में कमल खिला। 2019 के लोकसभा चुनाव में समीकरण पूरी तरह से बदल गया। बसपा और सपा गठबंधन के तहत अंबेडकरनगर सीट बसपा के खाते में चली गई। बसपा ने यहां से रितेश पांडे को चुनाव लड़ाया और वह भारी मतों के अंतर से भाजपा प्रत्याशी मुकुट बिहारी को मात देकर सांसद बन गए। बसपा उम्मीदवार रितेश पांडे को 5 लाख 64 हजार 118 वोट मिले थे। जबकि भाजपा उम्मीदवार मुकुट बिहारी वर्मा को 4 लाख 68 हजार वोट मिले।

2019 में हुए लोकसभा चुनाव में रितेश पांडे ने मुकुट बिहारी को 95 हजार 880 वोट से पटखनी दी थी। हालांकि 2024 के लोकसभा चुनाव में रितेश ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। अंबेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत अकबरपुर, टांडा, जलालपुर, कटेहरी, गोशाईगंज विधानसभा शामिल हैं। 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार अंबेडकरनगर की जनसंख्या लगभग 24 लाख थी। अंबेडकरनगर की 72.23 फीसदी जनसंख्या साक्षर है। इनमें पुरुष 81.66 फीसदी और महिलाओं की साक्षरता दर 62.66 फीसदी है। अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से 2009 में बसपा के राकेश पांडे चुनाव जीतकर सांसद बने थे।


सांसद रितेश पांडे-भाजपा


लालजी वर्मा-सपा


कलाम शाह-बसपा




### 2019 लोकसभा चुनाव के आंकड़े

| | | | |
|---|---|---|---|
| बसपा – | रितेश पांडे – | 5,64,118 | वोट मिले |
| बीजेपी – | मुकुट बिहारी – | 4,68,238 | वोट मिले |

### 2014 लोकसभा चुनाव के आंकड़े

| | | | |
|---|---|---|---|
| बीजेपी | हरिओम पांडे | 4 ,32,104 | वोट मिले |
| बसपा | राकेश पांडे | 2,92,675 | वोट मिले |
| सपा | राम मूर्ति वर्मा | 2,34,467 | वोट मिले |

### दलित और मुस्लिम वोटरों की संख्या अधिक

अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर जातिगत मतदान की बात करें तो दलित और मुस्लिम वोटरों की संख्या अधिक है। दलित और मुस्लिम वोटर ही लोकसभा उम्मीदवारों की दशा और दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे। अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर लगभग 4 लाख से अधिक दलित और तीन लाख से अधिक मुस्लिम मतदाता हैं। इस सीट पर कुर्मी मतदाताओं की संख्या भी ठीक-ठाक है। कुर्मी मतदाताओं की संख्या लगभग 2 लाख से ज्यादा है। इस सीट पर करीब 2 लाख ब्राह्मण और एक लाख से ज्यादा ठाकुर मतदाता भी हैं।

### यह बढ़ा रहे जनपद का गौरव


महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज और पॉलिटेक्निक कॉलेज और एनटीपीसी जैसे संस्थान जिले का गौरव बढ़ा रहे हैं। इस लोकसभा सीट की पहचान कपड़ा बुनाई को लेकर भी है। यहां बना टेरीकाट कपड़ा और आराफाती गमच्छा विदेशों तक जाता है।

### जनपद में 18,52, 627 मतदाता

जनपद में 26 ,444 युवा पहली बार मतदान करेंगे। वहीं कुल मतदाताओं की संख्या 18,52, 627 है। जिसमें से 9,64, 663 पुरुष और 8,87,946 महिला मतदाता हैं। चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है।

# प्रत्याशी तय करने में भाजपा आगे

संवाददाता, गोरखपुर



**अमृत विचार।** पूर्वांचल की ज्यादातर सीटों पर जहां एक तरफ इंडिया गठबंधन टिकट को लेकर उहापोह में पड़ा हुआ है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा ने करीब-करीब सभी सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर चुनावी मैदान में उतार दिया है।

बताते चलें कि लोकसभा 2024 का महासंग्राम जैसे-जैसे तेज पकड़ता जा रहा है। उत्तर प्रदेश पर सभी पार्टियों की निगाहें टिकी गई हैं। सवाल यहां इस बात का आता है कि क्यों न निगाहें टिकें। क्योंकि देश की राजनीति में उत्तर प्रदेश अपना अहम भूमिका केंद्र में सरकार बनाने में निभाता है। पूर्वांचल की ज्यादातर सीटों पर इंडिया गठबंधन अभी तक अपना बिसात नहीं बैठा पाया। हर एक सीट पर पार्टियों की पैनी नजर है। पार्टी उसी चेहरे पर अपना दांव लगाना चाहती है जो करीब करीब जीत सुनिश्चित कर दे। चेहरे की तलाश को लेकर उत्तर प्रदेश में ज्यादातर सीटों पर इंडिया गठबंधन की तलाश जारी है। चुनावी बिगुल में चर्चाओं का माहौल कई तरह से गरम नजर आ रहा है। जिसमें कुछ लोगों का यह भी कहना है कि भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी को टिकट देने के बाद टिकट को काट भी सकती है, और दूसरे चेहरे को भी चुनाव मैदान में उतार सकती है। फिलहाल इसमें कोई दो राय नहीं है कि जिन प्रत्याशियों का टिकट फाइनल हो गया है वह रात दिन क्षेत्र में भाजपा की और मोदी सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं। उसमें कुछ प्रत्याशी ऐसे भी हैं जो मोदी और योगी के सहारे अपनी नैया पार लगाना चाहते हैं। शहर से लेकर गांव देहात चौराहों पर धीरे-धीरे चुनावी चर्चाएं शुरू होते हुए दिखाई दे रही हैं। इस बात की भी चर्चा हो रही है कि इंडिया गठबंधन में बसपा शामिल नहीं है। ऐसी स्थिति में बसपा पार्टी भी पूर्वांचल में दमदार चेहरे की तलाश कर रही है। फिलहाल यह कहा जा सकता है इंडिया गठबंधन और बसपा पूर्वांचल में दमदार चेहरा तलाशने में लगी हुई हैं। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी विकास का नारा देते हुए अपनी राह को आसान बनाती जा रही है। चर्चाओं के माहौल में पूर्वांचल की कई एक लोकसभा सीटों के लिए इंडिया गठबंधन और बसपा लखनऊ से दिल्ली तक का चक्कर पार्टी के प्रत्याशी काट रहे हैं।

# अमेठी को भायी 'बहू', उमड़ पड़ा था भावनाओं का ज्वार

## सोनिया गांधी ने अमेठी से किया था राजनीतिक पदार्पण, मिली थी बड़ी जीत

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर रायबरेली



**अमृत विचार।** वर्ष था 1999, सलीकेदार साड़ी, सिर पर पल्लू रखकर सोनिया गांधी जब 'बहू' के रूप में अमेठी में अपने राजनीतिक सफर के लिए आई तो गांधी परिवार से जुड़ा लोगों का भावनाओं का ज्वार उमड़ पड़ा। इंदिरा गांधी की बहू को लोगों ने इस तरह पलकों पर बिठाया कि उस समय अमेठी के लोकसभा चुनाव में सोनिया गांधी की आंधी में बाकी दल उड़ गए।

1998 में सोनिया गांधी ने कांग्रेस के अध्यक्ष पद की कमान संभालने के बाद 1999 में पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए अपने पति स्वर्गीय राजीव गांधी का चुनाव क्षेत्र रहे अमेठी को चुना। उस समय कांग्रेस कमजोर मानी जा रही थी लेकिन सोनिया गांधी के आते ही कांग्रेसियों में जोश भर गया। सोनिया गांधी के सामने अमेठी राज परिवार के संजय सिंह थे, जिनके पास अमेठी में जमीनी पकड़, भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही प्रदेश में भाजपा की सरकार का बल भी था। हालांकि एक समय संजय सिंह गांधी परिवार के काफी करीबी थे, लेकिन उसके बाद वे भाजपा में शामिल हो गए और उन्होंने 1998 में कांग्रेस के सतीश शर्मा को अमेठी में हरा भी दिया था। 1999 में देश में हुए मध्यावधि चुनाव में अमेठी ने 'बहू' को पलकों पर बिठाया। सोनिया ने 418960 वोट पाकर बड़ी जीत हासिल की। भाजपा प्रत्याशी को 118948 वोट प्राप्त हुए। सपा व बसपा की स्थिति और भी ज्यादा खराब रही।




### सिर पर हमेशा रहा पल्लू

1999 से 2003 तक अमेठी और 2004 से 2024 तक रायबरेली का प्रतिनिधित्व करने वाली अपराजित योद्धा सोनिया गांधी हमेशा यहां पर साड़ी और सिर पर पल्लू डाल कर ही आई हैं। हमेशा उनकी कोशिश रही कि उनके सिर से पल्लू न सरकने पाए।

### 1999 में किसको मिले कितने मत

| पार्टी | प्रत्याशी | प्राप्त मत |
|---|---|---|
| कांग्रेस | सोनिया गांधी | 418960 |
| भाजपा | संजय सिंह | 118948 |
| बसपा | पारस नाथ मौर्य | 33658 |
| सपा | कमरुज्जमा फौजी | 16678 |

# मतदाताओं को अखर रही राजनीतिक दलों की चुप्पी

## टिकट में देरी से दलों को उठाना पड़ सकता है नुकसान

## भाजपा उम्मीदवार के इंतजार में अपना प्रत्याशी नहीं घोषित कर रहीं पार्टियां

उमानाथ तिवारी, गोंडा


**अमृत विचार:** कैसरगंज में भाजपा अपना उम्मीदवार क्यों नहीं घोषित कर रही है इसका कारण लगभग साफ है कि पार्टी अभी अपने राजनैतिक हानि लाभ का गुणा गणित लगाने में जुटी हैं, लेकिन भाजपा के साथ ही सपा व बसपा ने भी अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा नहीं की है। दोनों ही दल भाजपा से पहले अपना उम्मीदवार उतारने से हिचक रहे हैं।

ऐसा नहीं है कि इस क्षेत्र में सपा-बसपा की पैठ नहीं है। कैसरगंज सीट तो समाजवादी पार्टी का गढ़ रही है। पार्टी के कद्दावर नेता रहे बेनी प्रसाद वर्मा वर्ष 1996 से 2009 तक इस सीट से चार बार सांसद रहे हैं तो 2009 में बृजभूषण शरण सिंह ने भी समाजवादी पार्टी के टिकट पर ही यहां से चुनाव जीता था। वर्ष 2014 में पार्टी के प्रत्याशी रहे पूर्व मंत्री स्व विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह को यहां से तीन लाख से अधिक मत मिले थे। इसी तरह बहुजन समाज पार्टी को भी इस क्षेत्र से पर्याप्त समर्थन मिलता रहा है। पिछले तीन चुनावों पर गौर करें तो वर्ष 2009 में बसपा प्रत्याशी पुत्तू अवस्थी यहां दूसरे स्थान पर रहे थे। वर्ष 2014 में बसपा प्रत्याशी केके ओझा को 1.46 लाख वोट तो वर्ष 2019 में सपा बसपा के संयुक्त उम्मीदवार चंद्रदेव राम यादव करैली को यहां से 3.19 लाख वोट मिला था। इस मजबूत वोट बैंक के बावजूद इन दोनों दलों की चुप्पी यहां के मतदाताओं को अखर रही है। समय पर उम्मीदवारी की घोषणा न होने से इसका नुकसान भी इन पार्टियों को उठाना पड़ सकता है। कार्यकर्ता भी इस बात को दबी जबान से स्वीकार कर रहे हैं कि टिकट वितरण में देरी का खामियाजा कहीं न कहीं पार्टी और उसके प्रत्याशी को उठाना पड़ सकता है।

### विधानसभा की चार सीटों पर भाजपा तो एक पर है सपा का कब्जा

● **अमृत विचार:** कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के तहत गोंडा जिले की तीन विधानसभा सीटें और बहराइच जिले की दो विधानसभा सीटें आती हैं। गोंडा की कटरा, करनैलगंज और तरबगंज विधानसभा सीट और बहराइच की पयागपुर और कैसरगंज विधानसभा सीट इस संसदीय क्षेत्र में शामिल हैं। 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में कटरा विधानसभा सीट से भाजपा के बावन सिंह, करनैलगंज से भाजपा के अजय कुमार सिंह व तरबगंज से भाजपा के प्रेम नारायण पांडेय व बहराइच की पयागपुर सीट से भाजपा के सुभाष त्रिपाठी ने जीत हासिल की, जबकि कैसरगंज सीट पर समाजवादी पार्टी के आनंद यादव का कब्जा है।

### समझौते की राजनीति ने खत्म किया कैडर अब प्रत्याशी तलाश में छूट रहे पसीने



● **अमृत विचार:** चुनावों में किए बेमेल समझौतों ने यहां से सपा व बसपा का कैडर खत्म कर दिया है। वर्ष 1996 से 2014 तक इस सीट पर सपा का कब्जा रहा। वर्ष 2014 में भी पार्टी को यहां 33 प्रतिशत वोट मिला था, लेकिन वर्ष 2019 में सपा ने यह सीट समझौते में बसपा को दे दी। लेकिन सपा का वोट बसपा के प्रत्याशी को नहीं गया और बसपा प्रत्याशी चंद्रदेव राम यादव चुनाव हार गए। इस समझौते से सपा को फायदा मिलने के बजाय नुकसान ही हुआ। इसके बाद से ही सपा का जनाधार इस सीट पर लगातार घटा है। प्रत्याशी की घोषणा में हो रही देरी की यह सबसे बड़ी वजह मानी जा रही है। वर्ष 2019 में सपा बसपा के गठजोड़ ने दोनों ही दलों को नुकसान पहुंचाया है। यही कारण है कि अब दोनों दलों को इस सीट से प्रत्याशी तलाशने में पसीने छूट रहे हैं। भले ही भाजपा ने इस सीट से अपना प्रत्याशी अभी नहीं घोषित किया है लेकिन सपा बसपा में भाजपा के मुकाबले चुनाव लड़ने वाला कोई दमदार प्रत्याशी नजर नहीं आ रहा है। पार्टी के नेता ही इस सीट से चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है। हालांकि इस बार सपा और कांग्रेस के बीच समझौता है इसके बावजूद सपा अपना प्रत्याशी नहीं तय कर पा रही है।

### कैसरगंज लोकसभा सीट पर मतदाताओं की संख्या

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| पयागपुर | 387399 | 204829 | 18254 | 16 |
| कैसरगंज | 389690 | 206010 | 183676 | 04 |
| कटरा बाजार | 396936 | 211098 | 185825 | 13 |
| कर्नलगंज | 334203 | 177854 | 156327 | 22 |
| तरबगंज | 371773 | 198148 | 173607 | 18 |
| योग- | 1880001 | 997939 | 881989 | 73 |

### वर्ष 2019 के चुनाव का लेखा जोखा

| प्रत्याशी | दल | मिले मत | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा | 581358 | 59 .24 |
| चंद्रदेव राम यादव | बसपा+सपा | 319757 | 32 .58 |
| विनय कुमार पांडेय | कांग्रेस | 37132 | 3 .78 |

### वर्ष 2009 का चुनाव परिणाम

| प्रत्याशी | दल | मिले मत | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| बृजभूषण शरण सिंह | सपा | 196063 | 34.7 |
| सुरेंद्रनाथ अवस्थी पुत्तू | बसपा | 123864 | 21.9 |
| लालता प्रसाद मिश्रा | भाजपा | 120561 | 21.3 |
| मो अलीम | कांग्रेस | 73140 | 12.9 |

### वर्ष 2014 में किसको मिले कितने वोट

| प्रत्याशी | दल | मिले मत | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा | 381500 | 40 .4 |
| विनोद कुमार सिंह | सपा | 303282 | 32.1 |
| केके ओझा | बसपा | 146726 | 15 .6 |
| मुकेश श्रीवास्तव | कांग्रेस | 57401 | 6 .1 |

**विडम्बना** नहीं मिलता महिलाओं को टिकट, अब तक सिर्फ एक महिला ही यहां से संसद पहुंची

# यहां पुरुषों के मुकाबले अधिक है महिला मतदाताओं की संख्या

संजय श्रीवास्तव, जरवल बहराइच

**अमृत विचार।** कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र का परिसीमन कई बार बदला। पहले इस लोकसभा क्षेत्र में बाराबंकी जिले के दो विधान सभा क्षेत्र शामिल थे। इसके बाद नए परिसीमन के तहत बाराबंकी जिले के विधान सभा क्षेत्र को अलग करते हुए गोंडा जनपद की तीन विधान सभा क्षेत्रों को शामिल किया गया। इस सीट पर महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। लेकिन सिर्फ जनसंघ की ओर से ही महिला प्रत्याशी ने जीत दर्ज की। इसके बाद किसी भी पार्टी ने महिला प्रत्याशी नहीं उतारा।

जिले के कैसरगंज लोकसभा सीट काफी यादों को सहेजे हुए है। आजादी के बाद वर्ष 1952 में लोकसभा सीट का गठन हुआ था। तब उस समय कैसरगंज

### कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र

लोकसभा सीट में बाराबंकी जिले की राम नगर और दरियाबाद विधान सभा क्षेत्र को शामिल किया गया था। इसके डेढ़ दशक बाद बाराबंकी जिले की विधान सभा सीट को हटाते हुए गोंडा जिले की तीन विधान सभा सीट को कैसरगंज लोकसभा सीट में शामिल किया गया।

कैसरगंज लोकसभा सीट में महिला मतदाताओं की संख्या काफी अधिक है। लेकिन 47 वर्ष के चुनाव में जनसंघ की ओर से सिर्फ शकुंतला नैयर और कांग्रेस ने बसंत कुंवारी को चुनाव मैदान में उतारा। जिस पर शकुंतला नैयर ने चुनाव जीता था। उसके बाद से किसी भी पार्टी ने इस सीट पर महिला प्रत्याशियों को तवज्जो नहीं दी।


1971 में भारतीय जन संघ से शकुंतला नैयर चुनाव जीती लेकिन मुख्य लड़ाई में कांग्रेस से वसंत कुंवरि थी। इस चुनाव में शकुंतला नायर को 88980 मत मिले चुनाव में हार जीत का अंतर 2598 वोटो का था इस चुनाव के बाद राजनीतिक पार्टियों ने नारी शक्तियों के दबदबे को नहीं समझा।

### वर्तमान में भाजपा के बृजभूषण हैं सांसद

कैसरगंज लोकसभा सीट से वर्तमान में भाजपा से बृजभूषण शरण सिंह सांसद हैं। साथ ही वह अपने टिकट को लेकर आश्वस्त हैं। क्षेत्र में प्रचार प्रसार करने के साथ लोगों से मुलाकात भी कर रहे हैं। ऐसे में कयासों का दौर भी जारी है।

### विधान सभा वार मतदाताओं की संख्या एक नजर में

| विधानसभा क्षेत्र | महिला मतदाता | पुरुष | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|
| पयागपुर | 204828 | 182554 | 387399 |
| कैसरगंज | 206010 | 183676 | 389690 |
| कटरा बाजार | 211098 | 185825 | 396936 |
| कर्नलगंज | 177854 | 156327 | 334203 |
| तरबगंज | 198148 | 173607 | 371773 |



# कहां चले गए नीले झंडे, कहां गए कसमें खाने वाले

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** समय के साथ-साथ राजनैतिक दलों में भी लोगों का आना जाना लगा रहता है। कभी जिले में छुटभैये से लेकर बड़े नेताओं के वाहनों पर नीला झंडा दिखाई देता था, लेकिन अब जिले में झंडा तो दूर कार्यालय तक का पता नहीं रह गया है। जिले में भाजपा व इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जहां जनसंपर्क में जुटे हैं, वहीं बसपा का प्रत्याशी तक अभी तय नहीं हो पाया है। एक समय था जब छोटे या बड़े चुनाव में बसपा का टिकट लेने के लिए लोग एड़ी चोटी का जोर लगा देते थे।

लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। भाजपा ने अपनी पूरी तैयारी काफी पहले से ही कर ली। गांव से लेकर शहर तक बैठकों का दौर चल रहा है। तरह-तरह के कार्यक्रमों के जरिए गांव-गांव में भाजपा ने अपना संदेश पहुंचा दिया। प्रांतीय नेतृत्व से लेकर आम कार्यकर्ता तक पूरी तरह चुनाव में लगा हुआ है। इंडिया गठबंधन ने अपना प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं, लेकिन अभी चुनाव के संबंध में एकजुट होकर कोई बैठक नहीं हो पाई है। चुनाव के दौरान ही जिलाध्यक्ष के बदले जाने से पूर्व जिलाध्यक्ष का खेमा चुनाव से बिल्कुल दूर बैठा है, वहीं नए जिलाध्यक्ष ने भी चुनाव के संबंध में अभी कार्यकर्ताओं को कोई संदेश नहीं दिया है। इन सबसे दूर बसपा का कहीं कई पता नहीं चल रहा है। न तो बसपा ने प्रत्याशी घोषित किया और न कोई चुनाव की बात हो रही है। यहां तक कि बसपा का कार्यालय तक कहीं मुख्य जगह पर दिखाई नहीं पड़ रहा है। एक समय था जब बसपा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए गली मोहल्ले के छुटभैये नेता के अलावा बड़े नेता भी बसपा के प्रांतीय कार्यालय पर चक्कर काटा करते थे। जिले के छोटे से बड़े नेता की गाड़ी पर हाथी निशान का नीला झंडा दिखाई देता था। तमाम नेताओं ने जिले में बहनजी के आने पर मरते दम तक पार्टी में रहने की कसमें खाई थीं। भरे मंच पर उनका आशीर्वाद लेकर बसपा को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही थी, लेकिन अब जब बसपा का अस्तित्व धीरे-धीरे समाप्त हो गया, तब जिले में कोई बसपा का नाम लेने वाला नहीं रह गया है।

जब पार्टी सत्ता में थी, तब छोटे से लेकर बड़े चुनाव में लोग टिकट पाने के लिए नीला झंडा हाथ में लेकर पार्टी के बड़े नेताओं की चौखट पर दस्तक देते रहते थे, लेकिन समय का ऐसा बदलाव हुआ जब पूरे देश में लोकसभा चुनाव का डंका बज चुका है, तब जिले में बसपा को कोई प्रत्याशी तक नहीं मिल रहा है और न ही कोई टिकट के लिए उत्साहित दिख रहा है।



▸▸ **चुनाव की तैयारियों में काफी पीछे है बसपा**

## एक नजर

### मुरादाबाद के लिए नहीं शुरू हुई उड़ान

**अमृत विचार, लखनऊ :** छोटे शहरों को हवाई सेवा से जोड़ने की योजना पूरी तरह से धरातल पर नहीं उतरी है। लगभग 15 दिनों के बाद भी मुरादाबाद के लिए लोगों को हवाई सेवा का इंतजार है। बता दें कि फ्लाईबिग एयरलाइंस ने श्रावस्ती, मुरादाबाद, अलीगढ़, चित्रकूट और आजमगढ़ के लिए हवाई सेवा शुरू करने का एलान किया था। सेवाएं 2 मार्च से शुरू होनी थी और शेड्यूल भी जारी कर दिया गया था, मगर हवाई सेवा शुरू होने की तिथि आगे बढ़ा दी गई। 11 मार्च को प्रधानमंत्री ने चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बने टर्मिनल 3 की वर्चुअल शुरुआत की थी। 12 मार्च से श्रावस्ती, चित्रकूट, आजमगढ़ और अलीगढ़ के लिए हवाई सेवा शुरू हुई, लेकिन अभी तक मुरादाबाद के लिए हवाई सेवा शुरू नहीं हो सकी। सूत्रों की मानें तो मुरादाबाद के लिए हवाई सेवा कब शुरू होगी, इसकी तिथि तय नहीं है। मुरादाबाद के लिए हवाई सेवा शुरू होने की तिथि तय होने के बाद कंपनी नए सिरे से शेड्यूल जारी कर सकती है।

### सीएम डैशबोर्ड पर नहीं दर्शा रहे प्रगति, स्वीकृति

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभागीय पोर्टल सीएम डैशबोर्ड से एकीकृत किए गए हैं। इसके बाद भी पर्यटन से जुड़ी योजनाओं की फीडिंग, वित्तीय स्वीकृति व भौतिक प्रगति अपलोड नहीं की जा रही है। इससे जिलों की रैंकिंग प्रभावित है। सीएम डैशबोर्ड से ज्यादातर विभागों की योजनाओं को लिंक किया गया है। इसकी मॉनीटरिंग संबंधित मंत्री व मुख्यमंत्री कार्यालय से होती है। एकीकृत पोर्टल से योजनाओं की स्थिति व प्रगति का पता चलता और इस आधार पर हर माह मूल्यांकन कर रैंकिंग निर्धारित की जाती है। इसके बाद भी पर्यटन से जुड़ी योजनाओं की फीडिंग, वित्तीय स्वीकृति व भौतिक प्रगति की सूचना अपलोड व अपडेट नहीं की जा रही है। पर्यटन निदेशालय ने सुधार के लिए सभी डीएम व सीडीओ, उपाध्यक्ष मथुरा-वृंदावन, आगरा, वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण, प्रमुख मुख्य वन संरक्षक, प्रबंध निदेशक उप्र प्रोजेक्ट कारपोरेशन आदि को पत्र लिखा है।

# इस बार मोदी को 80 मनकों की माला पहनाएगा प्रदेश

## योगी ने हाथरस, बुलंदशहर व गौतमबुद्ध नगर में प्रबुद्धजनों को किया संबोधित



कार्यक्रम के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

▶▶ अनूप वाल्मीकि प्रधान, भोला सिंह और डॉ महेश शर्मा को जिताने के लिए की अपील

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को हाथरस, बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर में प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए लोस. चुनाव में उप्र. की सभी 80 सीटों पर जीत का भरोसा जताते हुए कहा है कि इस बार प्रधानमंत्री मोदी को 80 मनकों की माला पहनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों की दंगा पॉलिसी के कारण राज्य को काफी नुकसान उठाना पड़ा। आये दिन दंगा, कर्फ्यू और अराजकता के कारण न बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी। मगर आज यहां आमजन नहीं बल्कि गुंडे और अपराधी खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को तीन जिलों में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले हाथरस में प्रबुद्धजनों को संबोधित किया और पार्टी प्रत्याशी के लिए वोट की अपील की। योगी इसके बाद बुलंदशहर और गौतमबुद्ध नगर में पार्टी का प्रचार किया। मुख्यमंत्री ने प्रबुद्धजनों से अपने अपने लोकसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर आमजन को एक-एक वोट की ताकत समझाने की अपील की।

### डर नहीं लगता, जनता की सुरक्षा में मेरी सुरक्षा निहित

गौतमबुद्ध नगर में मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता-जनार्दन खुश तो हम खुश। हमारे लिए इससे अधिक खुशी कुछ भी नहीं। लोग कहते हैं कि अपराधियों पर कार्रवाई करते हैं, डर नहीं लगता है। मैं कहता हूं कि जनता की सुरक्षा में मेरी सुरक्षा निहित है। एक सरकार थी जो कर्फ्यू लगाती थी, एक सरकार है जो शानदार कांवड़ यात्रा निकाल रही है। उन्हें कर्फ्यू प्यारा था, हमें जनता की खुशहाली प्यारी है। योगी ने नोएडा से डॉ. महेश शर्मा को तीसरी बार सदन में भेजने की अपील की। अलग-अलग जिलों में इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ भाजपा के पदाधिकारी, विधायक, सांसद मौजूद रहे।

हाथरस में प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकसित भारत, सर्वांगीण विकास ही मोदी की गारंटी है। विकसित भारत में बिना भेदभाव हर व्यक्ति, जाति-समुदाय को सम्मान व आगे बढ़ने का अवसर मिले। बेटी-व्यापारियों को समान सुरक्षा की गारंटी हो, जहां अराजकता नहीं बल्कि कानून का राज हो।

जातिवाद-परिवारवाद नहीं, सबका साथ-सबका विकास हो और यही विकसित भारत की परिकल्पना का आधार है। योगी ने यहां से अनूप वाल्मीकि को विजयी बनाने की अपील की।

वहीं, बुलंदशहर में प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए योगी ने उन्होंने पार्टी प्रत्याशी भोला सिंह के लिए मतदान की अपील की। यहां तक कि बुलंदशहर को अराजकता और आतंक का पर्याय बना दिया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले की सरकारों के संरक्षण में आमजन की आवाज को दबाने का कार्य किया जाता था।

## योगी, ठाकुर, केशव और ब्रजेश का आज चुनावी दौरा

**अमृत विचार, लखनऊ:** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा नेताओं के धुंआधार दौरे शुरू हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को पीलीभीत, बदायूं और बरेली में प्रबुद्ध सम्मेलनों को संबोधित करेंगे, जबकि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर मुरादाबाद व अमरोहा में आयोजित सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मेरठ और ब्रजेश पाठक रामपुर में वोट साधते दिखेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को पीलीभीत, बदायूं और बरेली में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलनों को संबोधित करेंगे। वे सबसे पहले सुबह 11: 30 बजे रामा इंटर कॉलेज के सामने, पीलीभीत में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे। जबकि दोपहर 1:10 बजे बदायूं क्लब, बदायूं में और दोपहर 02:40 बजे बरेली इंटर कॉलेज, बरेली में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर मंगलवार को मुरादाबाद और अमरोहा के प्रवास पर रहेंगे। सुबह 11 बजे रेडसफाइर एमडीए कांठ रोड, मुरादाबाद में साइबर योद्धा सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। जबकि दोपहर 2 बजे सांसद फार्म हाउस, गजरौला, अमरोहा में साइबर योद्धा सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार को दोपहर 12 बजे मेरठ के शुभकामना हॉल शास्त्रीनगर में भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल के नामांकन सभा में सम्मिलित होंगे। जबकि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक दोपहर 12 बजे संदली रिसॉर्ट विलासपुर, रामपुर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। उधर, प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मंगलवार को सुबह 11 बजे राजतिलक वाटर पार्क दिल्ली रोड, युनिटेक के सामने, सहारनपुर में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

# मुख्तार की मौत से कहानी खत्म नहीं बल्कि हुई शुरू : अफजाल

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ



▶▶ अपनी बारी का 10 साल इंतजार करेगा मुख्तार परिवार, कब्र में शव को सुरक्षित रखने का भी इंतजाम

▶▶ नौकरशाहों व राजनेताओं पर उठाए सवाल, उन्हें कठघरे में लाने की तैयारी

**अमृत विचार :** 'सौ सुनार की एक लोहार की..'। यह कहावत माफिया मुख्तार अंसारी को नजदीक से जानने वाले बखूबी समझते हैं। वह जब भी इलाके में बड़ा काम करता था या आर्थिक साम्राज्य में रोड़ा बनने वालों को निपटाता था, तो यह कहावत पूरे अंदाज से दोहराता था। मुख्तार की मौत के बाद कुछ ऐसा ही अंदाज अब अब उसके परिजनों में भी दिख रहा है। उसके बड़े भाई सांसद अफजाल अंसारी ने तो यहां तक कह दिया कि मुख्तार की मौत से कहानी खत्म नहीं हुई, बल्कि शुरू हुई है।

अफजाल दावा करते हैं कि कब्र में शव को 10 साल तक सुरक्षित रखने का इंतजाम हुआ है। ताकि उनकी बारी आए तो जेल से लेकर अस्पताल तक तंग करके मौत का चक्रव्यूह रचने वाले और सत्ता चला रहे लोगों को सजा मिले। जबकि फोरेंसिक विज्ञान के जानकारों को अफजाल की बात हजम नहीं हो रही है।

उनका कहना है कि यदि शरीर में गोली लगी होती, या हमले में मौत होती तो यह बात जायज थी कि गोली और चोट के निशान हड्डी के परीक्षण से सामने आ जाते। मगर, इस मामले में तो जहर देकर मारने का आरोप है, ऐसे में बिसरा जांच से ही हकीकत सामने आती है। जो पहले ही पोस्टमार्टम के दौरान सुरक्षित कर लिया गया है। कानूनन पीड़ित पक्ष को कोर्ट से देश के किसी भी प्रयोगशाला में जांच कराने का आदेश मांगने का अधिकार है।

### जहर की बात लीक होते ही अधिकारियों पर एक्शन

अफजाल ने कहा कि जब मुख्तार अंसारी अपने वकील से मिला और जहर की बात कह दी तो खलबली मच गई। इसके बाद जेलर और डिप्टी जेलर को सस्पेंड किया गया। मुख्तार को उसके वकील से मिलने देने की सजा जेलरों को दी गई। अफजाल ने कहा कि मुख्तार को जब यूपी लाया गया था उस समय भी तबीयत ठीक नहीं थी। जब यूपी भेजा गया था तब भी कोर्ट ने आदेश दिया था कि उसके इलाज के लिए जहां जरूरत होगी भेजा जाएगा। बाद में मुख्तार की सुरक्षा की समीक्षा का भी आदेश दिया गया। उसके स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया। लेकिन किसी निर्देश को नहीं माना गया।

### मुख्तार की मौत एक गहरी साजिश

अफजाल का आरोप है कि मुख्तार की मौत स्वाभाविक नहीं हुई। उनकी मौत एक नियोजित साज़िश है। मेडिकल कॉलेज व जेल के डॉक्टर, जेल प्रशासन, सरकार की तरफ से सादी वर्दी में घूमने वाले एलआईयू और एसटीएफ के लोगों ने पूरी योजना के साथ उसकी हत्या की है। उसका विसरा भी सुरक्षित किया गया है। हार्ट अटैक की बातें कही जा रही है। दिल भी जांच के लिए गया है। अगर कोई व्यक्ति दस दिन से पेशाब और मोशन नहीं कर पा रहा है। खुद से उठ बैठ भी नहीं पा रहा है। क्या इस तरह की परिस्थितियां बना देना हार्ट अटैक के लिए जिम्मेदार नहीं है। आईसीयू से सीधे किसी को कभी घर नहीं भेजा जाता है। वार्ड में आब्जरवेशन के लिए रखा जाता है लेकिन मुख्तार को आईसीयू से निकालकर सीधे जेल भेज दिया गया।

### अंतिम यात्रा ने बयां की मुख्तार की धमक

अफजाल अंसारी ने कहा कि किसी की औकात की पहचान उसकी अंतिम यात्रा से होती है। उसकी अंतिम यात्रा में लोग शामिल न हों सके इसका पूरा इंतजाम अफसरों ने किया। गाजीपुर के आसपास के जिलों में अधिकारियों ने दहशत का माहौल बनाने का प्रयास किया। इसके बावजूद परिणाम यह रहा कि हुजूम का हुजूम उसके जनाजे में शामिल होने के लिए आया। अधिकारी यह सब देखकर पागल हो गए थे। सरकार के इशारे पर अधिकारी आचार संहिता उल्लंघन पर कार्रवाई की धमकी दे रहे थे।

## प्रमुख सचिव आलोक कुमार को एमएसएमई का भी प्रभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद के सेवानिवृत होने के बाद प्रमुख सचिव आलोक कुमार को खेलकूद के साथ एमएसएमई विभाग का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अमित मोहन प्रसाद मार्च माह के आखिरी दिन सेवानिवृत हुए। उन्हें मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने माला पहनाकर विदाई दी। इस दौरान अधिकारियों ने उनकी लम्बी सेवा और सराहनीय कार्यों की चर्चा की। सोमवार को मुख्य सचिव ने 1993 बैच के आईएएस प्रमुख सचिव आलोक कुमार को खेलकूद के साथ मिला एमएसएमई विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपने का आदेश दिया।

# निष्पक्ष चुनाव पर संकट, विपक्ष को रोकने की साजिश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

▶▶ नेताओं को ईडी व सीबीआई से कराया जा रहा अपमानित : अखिलेश यादव

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रणाली पर भी संकट है। मुख्यमंत्रियों तक को जेल भेजा जा रहा है। विपक्षी पार्टियों के खाते सीज किए जा रहे हैं। रोज विपक्षी नेताओं को सम्मन भेजे जा रहे हैं।

यह सब विपक्ष को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने से रोकने के लिए किया जा रहा है। इससे दुनिया भर में भारत की बदनामी हो रही है। सोमवार को जारी एक बयान में अखिलेश यादव ने कहा, लोकतंत्र में सत्तापक्ष की तरह महत्वपूर्ण भूमिका विपक्ष की भी होती है। लेकिन इन दिनों तो विपक्षी नेताओं को ईडी, सीबीआई और आईटी के माध्यम से अपमानित और प्रताड़ित करने की साजिश चल रही है।

अखिलेश यादव के मुताबिक, सपा ने चुनाव आयोग को बाकायदा लिखकर शिकायत की है कि कुछ जिलों में वर्षों से जमे अधिकारी सत्तापक्ष के दबाव में काम करते दिखाई देते हैं। मतदाता सूची से सम्बन्धित शिकायतों को सप्रमाण दिया गया लेकिन उस पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई।

इस प्रतिक्रिया के सपा प्रमुख ने उम्मीद जतायी कि, चुनाव आयोग अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी निभाते हुए बेलगाम सरकारी तंत्र को सक्रिय नहीं होने देगा और हमेशा की तरह लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए ढाल बनेगा। जब चुनाव में निष्पक्षता होगी तभी चुनाव आयोग की गरिमा और प्रतिष्ठा भी बची और बनी रहेगी।

# द्वितीय चरण के निर्वाचन के लिए आठ प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण की आठ सीटों पर चुनाव को लेकर सोमवार को आठ प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अमरोहा में एक, बागपत में एक, गाजियाबाद में तीन, गौतमबुद्ध नगर में एक व अलीगढ़ में दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया। अब तक कुल 12 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। नामांकन करने वालों में अमरोहा में भारतीय जनता पार्टी से कंवर सिंह तंवर, बागपत में राष्ट्रीय लोकदल से राजकुमार संगवान, गाजियाबाद में कांग्रेस से डॉली शर्मा, सुभाषवादी भारतीय समाज पार्टी से धीरेन्द्र सिंह भदौरिया, राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी से मोनिका गौतम ने नामांकन किया।

इसी प्रकार गौतमबुद्ध नगर में समाजवादी पार्टी से महेन्द्र, अलीगढ़ में भारतीय जनता पार्टी से सतीश कुमार गौतम व निर्दलीय प्रत्याशी में सतीश कुमार ने नामांकन किया।

# संविदा पर तैनात 36 नर्स मेंटर की सेवाएं समाप्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ मातृ-शिशु मृत्यु दर की रोकथाम के एएनएम, नर्सेस को देती थी प्रशिक्षण

▶▶ महानिदेशक प्रशिक्षण ने सोमवार को जारी किया सेवा समाप्ति का आदेश

**अमृत विचार :** केजीएमयू और सरकारी अस्पतालों में एएनएम व नर्सेस को प्रशिक्षण देने वाली 36 नर्स मेंटर की सेवाएं 31 मार्च से समाप्त कर दी गईं। संविदा पर तैनात यह नर्स मेंटर मातृ-शिशु मृत्यु दर की रोकथाम के प्रशिक्षण दे रहीं थी। सेवा समाप्त संबंधी आदेश सोमवार को महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ.नरेन्द्र अग्रवाल ने जारी कर दिया।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अंतर्गत 2014 को विभिन्न जिलों में सीधी भर्ती से संविदा पर 36 नर्स मेंटर की नियुक्ति हुई थी। प्रत्येक मार्च में इनकी संविदा बढ़ा दी जाती थी। नर्स मेंटर द्वारा नर्सेस को दिये जा रहे प्रशिक्षण से प्रदेश में शिशु - मातृ मृत्यु दर में सुधार देखने को मिला है। इस साल मिशन निदेशक ने 28 मार्च को सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को आदेश जारी किया। इसमें स्पष्ट किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 व 2025-26 के लिए भारत सरकार से प्राप्त आरओपी में नर्स मेंटरिंग कार्यक्रम के संचालन की स्वीकृति नहीं मिली है। इस कारण विभिन्न जिलों में संविदा नर्स मेंटर का 31मार्च 2024 के बाद नवीकरण नहीं किया जायेगा। महानिदेशक प्रशिक्षण ने एक अप्रैल 2024 से नर्स मेंटर से किसी प्रकार की सेवाएं न लेने का आदेश सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को जारी कर दिया है।

### प्रधानमंत्री और केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री से बहाली की मांग

ऑल इण्डिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन ने 36 नर्स मेंटर का नवीनीकरण और बहाली के लिए प्रधानमन्त्री, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री, मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखा है। फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग वर्मा का कहना है कि 36 नर्स मेंटर को नौकरी से निकाल दिया जाना न्यायोचित नही है। इन्हें एनएचएम की अन्य योजनाओं में समायोजित कर लेना चाहिए।

## अवैध शस्त्र बनाने पर 67 लोगों पर कार्रवाई, सीज

**अमृत विचार, लखनऊ :** आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के तहत हुई कार्रवाई में अवैध शस्त्र बनाने के आरोप में 67 लोगों पर कार्रवाई की गई, साथ ही, संबंधित स्थलों को सीज कर दिया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स व अन्य विभागों की ओर से कार्रवाई की जा रही है। सघन जांच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट व 1847 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित किये गये हैं। पुलिस विभाग की ओर से अब तक 5,33,797 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराये गये हैं। इसके अलावा अपराधिक व्यक्तियों के 447 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये हैं।


## वर्ग पहेली-27

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी चीज़ का बहुत छोटा टुकड़ा, छोटी फांक 2. कोई चीज़ फांकने की क्रिया या भाव 3. फांकी जाने वाली किसी चीज़ (जैसे- दवा
2. 1. दुख या चिंता से सूख जाना, क्षीण होना 2. किसी व्यक्ति
4. 1. एक ग्रीक देवता जो संगीत से संबद्ध है
5. 1. यथार्थ 2. उचित, ठीक, वाज़िब 3. न्यायसंगत 4. तर्क-पूर्ण, समयोचित।
7. 1. जो केवल मुंह या ज़बान से कहा गया हो लेकिन व्यवहृत न हो; जो आचरण में न हो 2. मौखिक, (ओरल) 3. ज़बान संबंधी, ज़बान का 4. कंठस्थ 5. मुखाग्र 6. अलिखित।
8. गौरैया पक्षी का नर, गौरा।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. झुलसने की क्रिया या भाव 2. शरीर को झुलसाने वाली गरमी, दाहकता।
3. बालक की मानसिकता के अनुकूल, बच्चों के लिए उचित।
4. 1. न होने वाली, असंभव 2. अलौकिक।
6. एक स्तनपायी जंगली हिंसक जानवर जिसकी त्वचा मुलायम बालों वाली होती है, रीछ।
7. जमाना का वह संक्षिप्त रूप जो उसे यौगिक शब्दों के अंत में प्राप्त होता है।



### वर्ग पहेली -26 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ब | ज | वा | ई | | | |
| ढ़ | | | | 2 सं | चि | 3 ति |
| नी | | 4 अ | | दू | | र |
| | 5 इ | म | ला | क | | हु |
| 6 लां | | री | | ड़ी | | ति |
| 7 छ | टं | की | | | | |
| न | | | 8 प | ख | वा | ड़ा |

## सुडोकू-106

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | 2 | |
| | 8 | | | | 9 | | 3 | |
| | | | 8 | | | 1 | | |
| 9 | | 4 | | | | | | 2 |
| | | 7 | | | | 6 | | |
| 5 | | | | | 3 | | | 9 |
| | 1 | 3 | | | 8 | | 6 | |
| | 9 | | 4 | | | | 8 | |
| | | | 2 | | | | | 7 |

### सुडोकू -105 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 5 | 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 3 | 1 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 | 3 | 2 | 7 |
| 3 | 9 | 7 | 6 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 6 | 1 | 9 |
| 2 | 6 | 3 | 9 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 7 | 1 | 5 | 3 | 4 | 2 | 8 | 9 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 अप्रैल, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 20.08 तक तत्पश्चात नवमी।

**मेष** — आज माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निजी समस्याओं का निराकरण होगा। किसी रुके हुए काम के अचानक से बनने से मन प्रसन्न होगा। गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। आपकी कार्यदक्षता में वृद्धि होगी। यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**वृष** — आज आप दूसरों के भले की सोचेंगे। पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। किसी के उकसावे में आकर काम न करें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा।

**मिथुन** — आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। आज बुजुर्ग सदस्यों की राय अवश्य लें। भोग-विलास का भरपूर आनन्द उठायेंगे। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी।

**कर्क** — आज शोध कार्यों में सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में चुगलखोरी का शिकार हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय भी रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें।

**सिंह** — आज प्रेम संबंधों में कुछ सम्वादहीनता जैसी स्थितियाँ निर्मित हो सकती है। आज धन से जुड़े मामलों को लेकर काफी सतर्क रहें। शाम के साथ मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। लोग आपकी बातों को काफी गम्भीरता से लेंगे।

**कन्या** — आज मानसिक स्थिति कुछ नकारात्मक हो सकती है। व्यर्थ में अपने शुभ चिन्तकों पर सन्देह न करें। आज ज्यादा भागदौड़ करने से आपको बचना चाहिए। धन को लेकर परेशानियां उत्पन्न हो सकती हैं। आलस्य में अपना समय बर्बाद न करें।

**तुला** — आज कारोबार से जुड़ी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों की बातों में आकर अपना समय बर्बाद न करें। रचनात्मक गतिविधियों में सुखद समय बीतेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

**वृश्चिक** — आज आपके विनम्र व्यवहार के कारण विपरीत लिङ्गी लोग आपसे आकर्षित रहेंगे। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर में कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को कारोबार में विस्तार के अवसर मिल सकते हैं।

**धनु** — आज छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है। किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित हो सकते हैं। कारोबार में निवेश करने के लिये बाहरी निवेशक आ सकते हैं।

**मकर** — आज आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिये। दूसरों की सलाह पर ज्यादा ध्यान न दें। यदि किसी से प्रेम निवेदन करना चाहते हैं तो आज इससे बचें। आपकी भावनाओं का अनादर हो सकता है।

**कुंभ** — आज जीवनसाथी और बच्चों से आपको प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा। आपके विचारों से लोग शीघ्र प्रभावित होंगे। सरकारी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

**मीन** — आज परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ट हो सकता है। किसी बहुमूल्य वस्तु को खरीद सकते हैं। नकारात्मक लोगों से दूरी बनाकर रखें।

## आज का पंचांग

गु. 1 बु. | श. | मं.शु. 11 | 10 | 2 | रा. सू. 12 | 3 | 9 | चं. | 6 | 4 | के. | 8 | 5 | 7

दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 22.49 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES — शक्तिमान सुबह : 08.17; थैंक गोल्ड शाम : 05.51

&pictures — लिंगा सुबह : 10.58; समय 2 रात : 07.30

SONY PIX — वर्टिकल लिमिट दोपहर : 02.43; एज ऑफ टूमारो रात : 09.00

ZEE CINEMA — गंगाजल दोपहर : 12.10; भोला रात : 08.30

colors CINEPLEX — वन टू का फोर सुबह : 08.12; राजा हिन्दुस्तानी शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू- तुम ऑपरेशन कराने से पहले ही क्यों भाग गए?
बंटी- नर्स बार-बार कह रही थी, डरो मत कुछ नहीं होगा हिम्मत रखो, कुछ नहीं होगा ये तो बस एक छोटा सा आपरेशन है।
सोनू- तो इस में डरने की क्या बात है? सही तो कह रही थी!
बंटी- अबे, वो मुझसे नहीं डॉक्टर से कह रही थी!

डॉक्टर - कहिए कैसे आना हुआ...
राजू- डॉक्टर साहब लिवर में बहुत दर्द हो रहा है.
डॉक्टर- शराब पीते हो?
राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74014 | 22462 |
| बढ़त | 363 | 135 |
| प्रतिशत में | 0.49 | 0.61 |

## कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.) लोकल मिल डिलीवरी** : गेहूं दड़ा 2525–2575 आर. आर.21– 2700–2750 गेहूं फारम 2800–2850 जौ 2000 2100 ज्वार 2600–4000 बाजरा 2125–2175 मकाई 2000–2200 दलहन (प्रति क्वि.) लोकल मिल डिलीवरी : चना 5800–5900 अरहर 7500–8000 मसूर 5500–5600 मटर 3700–4000 उड़दहरा 10000–10200 उड़द काला 6000–8000 मूंग 8500 –8800 | **दाल (प्रति क्वि.)** : अरहर फूल 14400–14600 अरहरस्पेशल 12200–12300 चनादाल 7000–7100 मटरदाल 4850–4950 मसूरमलका 7000–7100 मसूरदाल 7100–7200 उड़ददाल 9000– 12000 उड़द धोवा 10500– 13000 मूंगदाल 8800 –10300 मूंग धोवा 9800–11500 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2000–2300 बासमती न.1. 8500–10000 सेला 2500–3000 बासमती न02.– 6500– 7500 | **आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** : आटा 1490–1550 मैदा 1450–1500 सूजी 1500–1550 चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1430–1475 | **तिलहन (प्रति क्वि.) लोकल मिल डिलीवरी** : लाही 4800–5100 अलसी 4500 –4600 अण्डी 4600 –4700 तिल्ली 11500–12700 मूंगफलीदाना शिवपुरी 9400–10800 बटाली 9000 –10500 सेहुआं 4000–4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसों कोल्हू 11000–11100 अलसी 9500–9600 अण्डी 12700–12800 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1610–1606 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2750–2800 अलसी 4200–4300 अण्डी 1400–1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) लोकल मिल डिलीवरी बावर्ची 1525–1538 मयूर –1525–1538 गुड़ (प्रति क्वि.) पन्सेरा 3500–3550 मंगलौर लडडू (नया) 4150–4200 देशीभेली 3800–3900 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम. 30. 4050–4100 घी देशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 60000 60100 औरय्या 51300–51400 माधौगढ़ 53300–53400

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 77400 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 82500 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 87500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 70600 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 52600–52800 |

## कानपुर मंडी

ब्राण्डेडदेशी घी (प्रति टिन) अनिक 7800 पातीराम 7800 रतन एगमार्क 8100 अमृत गोल्ड 7800। **वारदाना (प्रति सैकड़ा)** : कलकत्ता डीडब्लू......3 वी. एस. 5200 6500 हरापट्टा 7000–7200 वी.टी. 8600–8800 सुतली (प्रति क्वि.) 72 इन्च6600–7200 सुतली (प्रति क्वि.) 90 इन्च 10000–11500 रूई (प्रति क्वि.) गुजरात (797) 14400–14500 देशी बंगाल 15900–16000। **मेवा** : कलीमिर्च 55000–70000 बड़ीइलायची 85000–120000 सोंठ 30000–40500 धनिया 6000–13000 लालमिर्च 28000–34000 जीरा 35000–45000 अजवाइन 20000–28000 सौंफ 20000–35000 हल्दी 13500–16500 सुपारी 50000–50500 चिकनी सुपारी 50000–52000 मेथी 7000–8000 कलौंजी 18000–22000 खटाई 12000–15000 इमली 8000–10000 अनारदाना 16000–45000 गरीगोला 10500–13000 छुहारा 18000–31000 मखाना 88000–96000 किशमिश–इण्डियन 17000–20000 किशमिश–काबुली 30000–55000 मुनक्का 35000–70000 बादाम 20000–70000 काजू (पेटी 22 किलो) 10000–16000 भाव प्रति किलो छोटी इलायची 2000–2500 लौंग 900–960 पिपरमेन्टक्रिश्टल 1250–1300 कपूर 350–700 कत्था 500–1600 चिरौंजी 1700–2000 केशर 140000–190000 पिस्ता 900–1700 जायफल 550–650 जावित्री1600–1800 बादामगिरी 500–750 अखरोट 400–700 अखरोटगिरी 600–1000 पोस्तादाना 600–1250

# उड़ान में अधिक देरी होने पर अब विमान से बाहर निकल सकेंगे यात्री

## विमानन सुरक्षा निगरानी संस्था बीसीएएस ने नए दिशा निर्देश जारी किए

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



विमानन सुरक्षा निगरानी संस्था बीसीएएस ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिनमें विमान में सवार होने के बाद उड़ान की रवानगी में लंबा विलंब होने पर यात्रियों को हवाई अड्डे के प्रस्थान द्वार के जरिये बाहर निकलने की अनुमति दी गई है। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) का नवीनतम निर्देश हवाई अड्डों पर बढ़ती भीड़ और उड़ान में देरी के बढ़ते मामलों की पृष्ठभूमि में आया है। कई बार यात्री विमान में सवार होने के बाद भी लंबे समय तक फंस जाते हैं।

बीसीएएस के महानिदेशक जुल्फिकार हसन ने सोमवार को कहा कि नए दिशानिर्देश 30 मार्च को एयरलाइन कंपनियों और हवाई अड्डा संचालकों को जारी किए गए थे और अब ये लागू हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि ये दिशानिर्देश यात्रियों का 'कम उत्पीड़न' सुनिश्चित करने में मदद करेंगे और उन्हें विमान में सवार होने के बाद लंबे समय तक बैठे नहीं रहना पड़ेगा। उड़ान में लंबी देरी होने और अन्य आपात स्थिति के मामले में यात्रियों को संबंधित हवाई अड्डे के प्रस्थान द्वार से बाहर निकलने की अनुमति दी जाएगी। यात्रियों को विमान से उतारने का निर्णय संबंधित एयरलाइंस और सुरक्षा एजेंसियों द्वारा लिया जाएगा।

हसन ने बीसीएएस के 38वें स्थापना दिवस समारोह में संवाददाताओं से कहा, ''हवाई अड्डा संचालकों को दिशानिर्देशों को लागू करने के लिए सुरक्षा जांच सहित बुनियादी ढांचे की व्यवस्था करनी होगी।'' इससे पहले हसन ने समारोह में कहा कि हवाई अड्डों पर भीड़ 'अवांछनीय' है और बीसीएएस ने इस मुद्दे से निपटने के लिए अभीष्ट मानक और साधन विकसित किए हैं। इस क्रम में हवाई अड्डों पर स्मार्ट सुरक्षा लेन भी स्थापित की जाएगी।

# हाइब्रिड कारों पर जीएसटी में कमी चाहते हैं गडकरी

**नागपुर, एजेंसी**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भारत को हरित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए देश में हाइब्रिड वाहनों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कम करने की वकालत की है। इसके साथ ही उन्होंने देश को 36 करोड़ से अधिक पेट्रोल और डीजल वाहनों से पूरी तरह मुक्त बनाने का संकल्प किया है। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत को पेट्रोल और डीजल वाहनों से पूरी तरह मुक्त कराना संभव है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा, '' 100 प्रतिशत।''

गडकरी ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा, '' यह मुश्किल है, नामुमकिन नहीं। यह मेरा विचार है।'' उन्होंने कहा कि भारत ईंधन आयात पर 16 लाख करोड़ रुपये खर्च करता है। मंत्री ने कहा कि इस पैसे का इस्तेमाल किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा, गांव समृद्ध होंगे और युवाओं को रोजगार मिलेगा। गडकरी ने इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए कोई समयसीमा नहीं दी, जिसे हरित ऊर्जा के समर्थक भी बेहद कठिन मानते हैं।

मंत्री ने कहा कि हाइब्रिड वाहनों पर जीएसटी घटाकर पांच प्रतिशत और फ्लेक्स इंजन पर 12 प्रतिशत करने का प्रस्ताव वित्त मंत्रालय को भेजा गया है, जो इसपर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनका दृढ़ विश्वास है कि देश जैव ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देकर ईंधन आयात को समाप्त कर सकता है। पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने हरित परिवहन बढ़ाने के लिए गडकरी के दृष्टिकोण का स्वागत किया।

# अडाणी समूह की सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में तेजी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

अडाणी समूह की सभी सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों में सोमवार को तेजी आई। अडाणी एनर्जी का शेयर आठ प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। बीएसई पर सूचीबद्ध अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 8.40 प्रतिशत, एनडीटीवी 6.16 प्रतिशत, अडाणी विल्मर 5.92 प्रतिशत, अडाणी पावर 4.99 प्रतिशत, अडाणी टोटल गैस 4.81 प्रतिशत, अडाणी ग्रीन एनर्जी 2.93 प्रतिशत, अडाणी पोर्ट्स 2.56 प्रतिशत और एसीसी का शेयर 2.38 प्रतिशत चढ़ा। अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में 1.80 प्रतिशत और अंबुजा सीमेंट्स के शेयर में 1.49 प्रतिशत की तेजी आई। समूह की कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन 16,30,648.23 करोड़ रुपये रहा। वहीं स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को नए वित्त वर्ष के पहले दिन की शुरुआत मजबूत रही। बीएसई का 30 शेयर पर वाला सूचकांक सेंसेक्स 363.20 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,014.55 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान एक समय दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गए थे।

# जनवरी में जियो के ग्राहकों की संख्या 41.78 लाख बढ़ी

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने जनवरी, 2024 में 41.78 लाख नए मोबाइल ग्राहक जोड़े। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सुनील मित्तल की अगुवाई वाली भारती एयरटेल के वायरलेस ग्राहकों की संख्या 7.52 लाख बढ़कर 38.24 करोड़ हो गई है। वोडाफोन आइडिया के कनेक्शन घटने का सिलसिला जारी है। जनवरी में कंपनी के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 15.2 लाख और घटकर 22.15 करोड़ रह गई।

# एशियाई देशों की वृद्धि 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान

**बैंकॉक, एजेंसी**

विश्व बैंक ने सोमवार को कहा कि एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर पिछले साल के 5.1 प्रतिशत की तुलना में धीमी पड़कर वर्ष 2024 में 4.5 प्रतिशत ही रहने का अनुमान है। विश्व बैंक ने एक रिपोर्ट में कहा कि एशियाई देशों की अर्थव्यवस्थाएं इस साल उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हैं जितना वे कर सकती थीं। रिपोर्ट कहती है कि कर्ज, व्यापार बाधाएं और नीतिगत अनिश्चितताएं इस क्षेत्र की आर्थिक गतिशीलता को कमजोर कर रही हैं और सरकारों को कमजोर सामाजिक सुरक्षा जाल और शिक्षा में कम निवेश जैसी दीर्घकालिक समस्याओं के समाधान के लिए अपने प्रयास बढ़ाने की जरूरत है। विश्व बैंक ने कहा कि एशिया की अर्थव्यवस्थाएं महामारी-पूर्व की तुलना में अधिक धीमी गति से बढ़ रही हैं लेकिन यह रफ्तार भी दुनिया के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक है। इस साल वस्तुओं एवं सेवाओं का व्यापार 2.3 प्रतिशत बढ़ने के अनुमान और केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में कटौती से भी इसमें मदद मिलेगी।

# कोयला एवं लिग्लाइट उत्पादन अब तक के उच्चतम स्तर

**नयी दिल्ली।** देश का कोयला एवं लिग्नाइट उत्पादन वित्त वर्ष 2023-24 में पहली बार एक अरब टन के आंकड़े को पार कर गया है, जो इसके एक साल पहले 93.7 करोड़ टन था। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सोमवार को आधिकारिक आंकड़े जारी करते हुए कहा कि 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 में कोयले एवं लिग्नाइट का उत्पादन एक अरब टन के आंकड़े को पार कर गया है। जोशी ने कहा, ''यह भारत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि देश ने अबतक का सबसे अधिक उत्पादन हासिल किया है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### शिमला में पुजारी पर यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज

**शिमला।** शिमला में एक मंदिर के पुजारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस को दी शिकायत में 20 वर्षीय युवती ने आरोप लगाया कि रविवार को अंतरराज्यीय बस अड्डे के पास एक मंदिर के पुजारी ने ''अश्लील हरकतें'' कीं। युवती ने कहा कि पुजारी ने उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (लज्जा भंग करने के इरादे से हमला करना), 354ए (यौन उत्पीड़न) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई और जांच जारी है।

### शुद्ध ऋण की सीमा से जुड़ा मामला संविधान पीठ के पास भेजा गया

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुद्ध ऋण की सीमा से जुड़े केरल सरकार के मामले को सोमवार को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के पास भेज दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने राज्य द्वारा दर्ज कराए गए मामले पर यह आदेश दिया। केरल सरकार ने केंद्र पर आरोप लगाया है कि शुद्ध कर्ज पर सीमा तय कर राज्य के वित्त को विनियमित करने की उसकी विशेष, स्वायत्त और पूर्ण शक्तियों में हस्तक्षेप किया है।

### डीजेबी कोष मामला में न्यायालय का प्रधान सचिव से जवाब तलब

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की आम आदमी पार्टी सरकार की याचिका पर सोमवार को दिल्ली के प्रधान सचिव (वित्त) को नोटिस जारी किया। 'आप' सरकार ने आरोप लगाया कि अधिकारी दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के लिए आवंटित राशि जारी नहीं कर रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी द्वारा यह तर्क दिए जाने के बाद उप राज्यपाल (एलजी) को नोटिस जारी नहीं किया कि धन आवंटन में एलजी की भूमिका नहीं है और यह जिम्मेदारी दिल्ली सरकार के वित्त विभाग की है। पीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए पांच अप्रैल की तारीख तय की है।

# भारत को अगले 10 साल में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत: प्रधानमंत्री

## नरेंद्र मोदी ने कहा कि बैंक अब ऋण में 15 प्रतिशत की दर्ज कर रहे हैं वृद्धि

**मुंबई, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत को अगले 10 वर्षों में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है, ताकि राष्ट्र वैश्विक कारकों से ज्यादा प्रभावित न हो। रिजर्व बैंक के 90 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम प्रधानमंत्री ने कहा कि जून में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सत्ता में आने पर हर किसी के लिए ढेर सारे काम सृजित होंगे।

उन्होंने कहा, ''हमें भारत की आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ानी होगी।'' मोदी ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र फायदे में आ गया है और पिछले दशक में उनकी सरकार और आरबीआई द्वारा किए गए प्रयासों के कारण ऋण वृद्धि बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए), जो 2018 में लगभग 11.25 प्रतिशत थीं, सितंबर, 2023 तक घटकर तीन प्रतिशत से कम पर आ गईं। मोदी ने कहा कि 'ट्विन बैलेंस शीट' (बैंकों और कंपनियों के बही-खाते के स्तर पर समस्या) की समस्या अब अतीत की बात हो गई है और बैंक अब ऋण में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आरबीआई ने इन सभी उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में नियम-आधारित अनुशासन और राजकोषीय रूप से विवेकपूर्ण नीतियों को लागू करने में आरबीआई की उपलब्धि की सराहना की और बैंकों को सरकार के समर्थन का आश्वासन दिया। मोदी ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के कदम उठाने के लिए आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ऐसे समय में नए रिकॉर्ड बना रही है, जब दुनिया के कई देश अब भी महामारी के आर्थिक झटके से उबरने की कोशिश कर रहे हैं।



मुंबई में गुड़ी पड़वा त्योहार से पहले गुड़ी बनाती एक लड़की। ● एजेंसी

# राहुल गांधी को लोकतंत्र की बात करने का कोई अधिकार नहीं: शाह

**जोधपुर, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अब लोकतंत्र के बारे में बात करने का कोई अधिकार नहीं है क्योंकि उनकी दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान लाखों लोगों को जेल में डाल दिया था और राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध लगा दिया था। रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में 'लोकतंत्र बचाओ' रैली को लेकर 'इंडिया' गठबंधन पर पलटवार करते हुए कहा, "कितने भी दल इकट्ठा कर लो आएगा तो मोदी ही आएगा। गृह मंत्री जोधपुर में शक्ति केंद्र प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जो भ्रष्टाचार करेगा वह सलाखों के पीछे जाएगा।

# 'मैच फिक्सिंग' वाले बयान के लिए राहुल गांधी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को निर्वाचन आयोग से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने और एक दिन पहले यहां विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की रैली में उनकी 'मैच फिक्सिंग' वाली टिप्पणी के लिए प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश जारी करने का आग्रह किया।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की मौजूदगी वाले भाजपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई और कांग्रेस नेता को निर्देश देने का अनुरोध किया कि वह 'झूठे आरोप' लगाने के लिए राष्ट्र और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से 'बिना शर्त' सार्वजनिक माफी मांगे। आयोग को सौंपे ज्ञापन में सत्तारूढ़ भाजपा ने उससे कांग्रेस के नेताओं और उसके भ्रामक प्रचार के डिजाइन और तौर-तरीकों पर व्यापक विचार करने का आग्रह किया।

# किसान की मौत के मामले में न्यायिक जांच के आदेश पर रोक से इनकार

**नयी दिल्ली, एक अप्रैल (भाषा)**

उच्चतम न्यायालय ने फरवरी में प्रदर्शनकारी किसानों और हरियाणा के सुरक्षा कर्मियों के बीच संघर्ष के दौरान किसान शुभकरण सिंह की मौत के मामले में जांच के लिए एक समिति गठित करने के पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्देश पर रोक लगाने से सोमवार को इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति द्वारा निगरानी रखने से निष्पक्षता और पारदर्शिता आएगी। सर्वोच्च अदालत सात मार्च के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने झड़प के दौरान शुभकरण सिंह की मौत की जांच के लिए पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति गठित की थी।

# चुनाव के मद्देनजर कर नोटिस को लेकर कांग्रेस पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा आयकर विभाग

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

आयकर विभाग ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि वह करीब 3,500 करोड़ रुपये के कर मांग नोटिस के संबंध में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेगा। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने आयकर विभाग का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता का यह बयान दर्ज किया कि मामले पर अंतिम फैसला आने तक मौजूदा परिस्थितियों में तुरंत कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। पीठ ने कर मांग नोटिस पर कांग्रेस की याचिका पर सुनवाई को जुलाई के लिए स्थगित कर दिया। मेहता ने सुनवाई की शुरुआत में कहा, ''मैं इस मामले में एक बयान देना चाहता हूं। कांग्रेस एक राजनीतिक पार्टी है और चूंकि चुनाव (चुनावी प्रक्रिया) जारी हैं, हम पार्टी के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं करेंगे।'' उन्होंने कहा कि विभाग मामले के औचित्य पर टिप्पणी नहीं कर रहा और सभी अधिकार एवं दावे खुले रहने चाहिए। कांग्रेस की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने इस कदम की सराहना की और इसे ''उदार'' बताया। उन्होंने कहा कि मार्च एवं उससे पहले विभिन्न वर्षों के लिए कुल लगभग 3,500 करोड़ रुपये के नोटिस जारी किए गए हैं। कांग्रेस ने रविवार को कहा था कि उसे आयकर विभाग से एक बार फिर नया नोटिस मिला, जिसके जरिये आकलन वर्ष 2014-15 से 2016-17 तक के लिए 1,745 करोड़ रुपये के कर की मांग की गई है। आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस से अब तक कुल 3,567 करोड़ रुपये के कर की मांग की जा चुकी है। पार्टी ने शुक्रवार को कहा था कि उसे आयकर विभाग से नोटिस मिला है, जिसमें 1,823 करोड़ रुपये का भुगतान करने को कहा गया है।

# दिलीप घोष और सुप्रिया श्रीनेत को फटकार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**





निर्वाचन आयोग ने महिलाओं की गरिमा के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों के लिए सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के नेता दिलीप घोष और कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को फटकार लगाई है। घोष ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और श्रीनेत ने अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। आयोग ने कहा कि दोनों नेताओं ने निम्न स्तर का व्यक्तिगत हमला किया और यह आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन है। उन्हें आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान सार्वजनिक बयानों में सावधानी बरतने की चेतावनी दी गई है। सोमवार से आयोग द्वारा इन दोनों नेताओं के चुनाव संबंधी संवाद पर विशेष और अतिरिक्त निगरानी रखी जाएगी। आयोग के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र में संवाद करते समय सावधानी बरतने और ऐसी किसी भी अपमानजनक टिप्पणी और आचार संहिता के दिशानिर्देशों के उल्लंघन से बचने के लिए अपने पदाधिकारियों को संवेदनशील बनाने के वास्ते चेतावनी नोटिस की एक प्रति उनके संबंधित पार्टी प्रमुखों को भी भेजी जा रही है। भाजपा और कांग्रेस के अध्यक्षों से आयोग ने कहा, ''आप कृपया चुनाव अभियान में शामिल सभी पार्टी पदाधिकारियों और सार्वजनिक क्षेत्र में बातचीत के लिए विशिष्ट सलाह जारी करें कि वे इस तरह का उल्लंघन न करें, आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन करें ताकि प्रतिक्रिया में इस तरह की टिप्पणियां नहीं हों।'' श्रीनेत के 'इंस्टाग्राम' अकाउंट से सोशल मीडिया मंच पर बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ एक विवादास्पद टिप्पणी पोस्ट की गई थी। कंगना को भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। श्रीनेत ने सोशल अकाउंट्स से विवादास्पद टिप्पणियों को हटा दिया। उनका कहना था कि उनके अकाउंट तक कई लोगों की पहुंच है और यह टिप्पणी उनके द्वारा नहीं की गई। घोष एक वीडियो में तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पारिवारिक पृष्ठभूमि का मजाक बनाते हुए नजर आए थे।

# 21 हजार करोड़ के पार पहुंचा रक्षा निर्यात : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

• रक्षा मंत्री बोले- स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ



भारत का रक्षा बजट पहली बार 21 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि भारत का रक्षा निर्यात अभूतपूर्व तरीके से बढ़कर 21 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 32.5 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 21 हजार करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लिखा कि 'पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और रक्षा मंत्रालय द्वारा किए गए प्रयासों के चलते भारत के रक्षा निर्यात में यह ग्रोथ देखी गई है। जनवरी 2022 में भारत ने फिलीपींस के साथ ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का सौदा किया था। यह सौदा करीब 37 करोड़ डॉलर का था। कई अन्य देशों के साथ भी भारत की रक्षा निर्यात को लेकर बातचीत चल रही है। निजी क्षेत्र की भागीदारी से भी देश के रक्षा निर्यात में काफी बढ़ोतरी हुई है। भारत का रक्षा निर्यात 85 से अधिक देशों को हो रहा है। देश की 100 से ज्यादा कंपनियां रक्षा उत्पादों को दूसरे देशों को निर्यात कर रही हैं।

# जेएनयू में दो पूर्व छात्र समेत 4 पर लगा यौन उत्पीड़न का आरोप

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की एक छात्रा ने दो पूर्व छात्रों समेत चार लोगों पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है, जिसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं। सोमवार को एक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया है कि, वाम नेतृत्व वाले छात्र संघ ने शिकायत की है, जिसमें एबीवीपी पूर्व छात्रों को अरोपी ठहराया है।

हालांकि, एबीवीपी ने इस आरोप से इनकार किया और दावा किया कि उन्हें फंसाया जा रहा है। मुख्य प्रॉक्टर सुधीर कुमार ने बताया है कि 31 मार्च को यौन उत्पीड़न की शिकायत मिली थी। शिकायत में पूर्व छात्र समेत चार लोगों पर यौन उत्पीड़न का अरोप है। मुख्य प्रॉक्टर ने कहा, जांच शुरू कर दी है और प्रॉक्टर कार्यालय आरोपों की जांच कर रहा है।

# जेल में केजरीवाल सहित चारों नेता एक दूसरे से नहीं मिल सकेंगे

*नई दिल्ली, ब्योरा। सन 2012 में दिल्ली की शीला सरकार के विरुद्ध जिन चुनिंदा लोगों ने दिन रात मिलकर आंदोलन किया था, उनमें चार प्रमुख लोग मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन एवं सांसद संजय सिंह वर्षों बाद फिर एक ही स्थान पर आ गए हैं। लेकिन अब वे एक दूसरे से बात नहीं कर सकेंगे। एशिया की सबसे बड़ी सेंट्रल जेल तिहाड़ में उन्हें अलग-अलग जेलों में रखा गया है। यहां कुल नौ जेलें हैं। इनमें 20 हजार से ज्यादा कैदी हमेशा रहते हैं और उनमें 90 फीसद विचाराधीन कैदी हैं।*

## समर्थकों ने किया प्रदर्शन

अरविंद केजरीवाल को जेल भेजे जाने के आदेश होने के सैकड़ों समर्थकों ने जेल के बाहर प्रदर्शन किया। लोगों के जेल के बाहर पहुंचने की आशंका को देखते हुए पश्चिम जिला पुलिस ने पहले ही जेल के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी। समर्थकों बीच-बीच में दिल्ली पुलिस और केंद्र सरकार के विरोध में नारेबाजी करने लगे। नारेबाजी करते हुए समर्थक सड़क पर आ गए। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने समर्थकों पर हल्का बल प्रयोग कर उन्हें वहां से हटा दिया।



## तिहाड़ जेल में 14 दिन तक भगवत गीता का पाठ करेंगे केजरीवाल

उत्तर प्रदेश या अन्य राज्यों की तरह जिलों में राजनेताओं को मिलने वाली तमाम सुविधाओं से वह यहां वंचित रहेंगे क्योंकि यहां पर कई श्रेणी में सुरक्षा व्यवस्था रहती है और जब से तत्कालीन सांसद फूलन देवी के हत्यारोपी शेर सिंह राणा तिहाड़ जेल से फरार हो गया था तब से इस जेल की सुरक्षा व्यवस्था कई स्तर पर कर दी गई है। यहां सिर्फ अदालत के आदेश पर कैदियों को सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। हालांकि तिहाड़ जेल में भी भ्रष्टाचार के मामलों की जानकारी मिलती है। जिसके तहत कैदियों के पास सिम कार्ड, मोबाइल फोन, पेन ड्राइव, नशीले पदार्थ व चाकू ब्लेड बरामद हुए हैं। केजरीवाल के मामले में एक बात और सामने आई है कि उन्हें जेल नंबर दो में रखा गया है जिसमें सजा पाने वाले कैदियों को रखा जाता है। उनकी जेल सबसे सुरक्षित कही जाती हैं और उसमें कई तरह के सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं जिनकी निगरानी जेल प्रशासन के अलावा अन्य बड़ी एजेंसी व विभिन्न अदालतों एवं उच्च न्यायालय से भी जुड़े हुए हैं। जेल सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री केजरीवाल अगले 14 दिन तक यहां पर अध्यात्म ज्ञान अर्जित करेंगे और ध्यान मुद्राओं में रहेंगे। मनीष सिसोदिया की तरह उन्हें भी भगवत गीता उपलब्ध करा दी गई है। सूत्रों के मुताबिक उक्त चारों नेताओं का दैनिक चिकित्सा परीक्षण भी होगा और विशेष सुरक्षा भी दी गई है।

## शराब नीति घोटाले में चारों नेता गए जेल

दिल्ली शराब घोटाला के आरोप में उक्त 4 नेताओं के आलावा तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की पुत्री कविता को जेल नंबर 6 एवं विजय नायर को जेल नंबर 4 में रखा गया है। खास बात यह है कि तिहाड़ जेल दिल्ली सरकार के अंतर्गत है और उसके मुख्यमंत्री सोमवार को अपनी ही जेल में 15 दिन के लिए न्यायिक रियासत में रहेंगे। माना जा रहा था कि तिहाड़ जेल में आम आदमी पार्टी के उक्त चारों नेता एक स्थान पर बैठकर अपनी अगली राजनीतिक रणनीति पर चिंतन मनन करेंगे। जेल प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक उन्हें अलग-अलग बैरकों में ही नहीं बल्कि तिहाड़ जेल की अलग-अलग जेलों में रखने का फैसला लिया गया है। अभी तक राजनेताओं को जेल में एक साथ रहने की सुविधा मिल जाती थी और जेल में रहकर वे भविष्य की योजनाओं को अंजाम देते थे। लेकिन तिहाड़ जेल में यह लोग ऐसा नहीं कर पाएंगे।

## एक नजर

### बीएसएफ ने अमृतसर से एक पाकिस्तानी को किया गिरफ्तार

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने अमृतसर जिले में सीमा बाड़ के आगे भारतीय क्षेत्र में अनधिकृत रूप से प्रवेश कर रहे एक पाकिस्तानी नागरिक को गिरफ्तार किया है। बीएसएएफ के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि रविवार को जवानों ने जिले में सीमा बाड़ के आगे एक संदिग्ध गतिविधि देखी। उन्होंने कहा- सैनिकों ने क्षेत्र की घेराबंदी कर जिले के रोरनवाला गांव के बाहरी इलाके में सीमा बाड़ के पास से सफलतापूर्वक पकड़ लिया। प्रवक्ता ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान पाकिस्तानी नागरिक के रूप में की गई है। पास से दो मोबाइल, विभिन्न मूल्यवर्ग की पाकिस्तानी मुद्रा में कुल 840 रुपये और एक पाकिस्तानी राष्ट्रीय पहचान पत्र मिला।

### मध्यप्रदेश: सीहोर में रेलवे अंडर ब्रिज से टकराई यात्री बस, 16 लोग घायल

सीहोर। मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में सोमवार को यात्री बस रेलवे अंडर ब्रिज पार करते समय दीवार से टकरा गई, जिससे बस में सवार 16 यात्री घायल हो गए। यातायात पुलिस सीहोर के प्रभारी ब्रजमोहन धाकड़ ने बताया एक अन्य वाहन को टक्कर लगेन के बाद अंडर ब्रिज की दीवार से टकरा गई। बस का ब्रेक फेल हो गया था और चालक ने गाड़ी पर से संतुलन खो दिया, जिसके कारण हादसा हुआ। हादसे में 16 लोग घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सीहोर अस्पताल लाया गया। पुलिस ने कहा- मामले की आगे की कार्रवाई के जांच शुरू की है।

### पाकिस्तान: पांच चीनी श्रमिकों की मौत मामले में 12 लोग गिरफ्तार

इस्लामाबाद। पिछले सप्ताह पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आत्मघाती बम हमले में पांच चीनी नागरिकों की मौत मामले में 12 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें हमले का मास्टरमाइंड शामिल है। मीडिया के अनुसार खैबर पख्तूनख्वा आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) ने हमले के मामले में जांच शुरू कर दी है और इसके लिए प्रतिबंधित टीटीपी आतंकी समूह को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि किसी संगठन ने अभी तक आतंकवादी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हमला उस समय हुआ जब चीनी इंजीनियर इस्लामाबाद से दासू स्थित अपने शिविर लौट रहे थे।

### हिमाचल में हिमपात-बारिश के बीच लाहौल में गिरे दो हिमखंड

शिमला। हिमाचल प्रदेश में पिछले दो दिनों से चोटियों पर हिमपात और निचले क्षेत्रों में बारिश का दौर जारी है। वहीं, लाहौल में रविवार को हिमपात के बाद दो जगह हिमखंड गिरे हैं। अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल से आगे कुठ बिहाल के वाम तट पर हिमखंड गिरा, जबकि दूसरा हिमखंड तांदी-केलांग मार्ग पर गिरा है। इससे भागा नदी का प्रवाह कुछ समय के लिए रुक गया। हिमखंड गिरने के कारण किसी तरह से नुकसान की सूचना नहीं है। लाहौल-स्पीति के उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि लोग बर्फबारी के बीच हिमखंड गिरने वाले क्षेत्रों का रुख न करें।

# कांग्रेस कच्चातिवु पर उदासीन रही भारतीय मछुआरों का अधिकार छीना

## जयशंकर बोले-1974 में एक समुद्री सीमा खींची गई, समझौता कर द्वीप श्रीलंका को दे दिया

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा नेता और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कच्चातिवु द्वीप के मुद्दे पर सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान द्वीप पर भारत का अधिकार छोड़ने को लेकर कांग्रेस और द्रमुक पर निशाना साधा। जयशंकर ने कहा कि 1974 में, भारत और श्रीलंका ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जहां उन्होंने एक समुद्री सीमा खींची, और समुद्री सीमा खींचने में कच्चातिवु को सीमा के श्रीलंकाई पक्ष पर रखा गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और डीएमके ने इस मामले को इस तरह से लिया है मानो इस पर उनकी कोई जिम्मेदारी नहीं है।

भाजपा नेता ने आगे कहा, हम जानते हैं कि यह किसने किया, यह नहीं पता कि इसे किसने छुपाया। जयशंकर ने कहा- जनता को यह जानने का अधिकार है कि यह स्थिति कैसे उत्पन्न हुई। कच्चातिवु द्वीप मसले के चलते श्रीलंका द्वारा भारतीय मछुआरों के पकड़े जाने की घटना की जानकारी देते हुए जयशंकर ने कहा, पिछले 20 वर्षों में, 6184 भारतीय मछुआरों को श्रीलंका द्वारा हिरासत में लिया गया है और इसी समयकाल में 1175 भारतीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं को श्रीलंका द्वारा जब्त किया गया है। पिछले पांच वर्षों में कच्चातिवु मुद्दा और मछुआरे का मुद्दा संसद में विभिन्न दलों द्वारा बार-बार उठाया गया है। यह संसद के सवालों, बहसों और सलाहकार समिति में सामने आया है। तमिलनाडु के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने मुझे कई बार पत्र लिखा है और मेरा रिकॉर्ड बताता है कि मौजूदा मुख्यमंत्री को मैं इस मुद्दे पर 21 बार जवाब दे चुका हूं। यह एक जीवंत मुद्दा है जिस पर संसद और तमिलनाडु हलकों में बहुत बहस हुई है। यह केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच पत्राचार का विषय रहा है।

### श्रीलंका से इस मुद्दे पर बातचीत करेंगे: विदेश मंत्री



विदेश मंत्री ने कहा यह नरेंद्र मोदी सरकार ही है जो यह सुनिश्चित करने पर काम करती रही है कि भारतीय मछुआरों को रिहा किया जाए। उन्होंने कहा, हमें एक समाधान तलाशना होगा। हमें श्रीलंकाई सरकार के साथ बैठना और इस पर बातचीत करना होगा। जयशंकर ने दावा किया कि तमिलनाडु के लोगों को लंबे समय तक इस मुद्दे को लेकर गुमराह किया जाता रहा है और वह जनता को सूचित करने के लिए इस मामले पर बात कर रहे हैं।

### प्रधानमंत्री के कच्चातिवु द्वीप हमले पर चिदंबरम का पलटवार



शिवगंगा (तमिलनाडु)। लोकसभा चुनाव से पहले कच्चातिवु को लेकर बवाल मचा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके लिए कांग्रेस और डीएमके पर हमला बोला है। इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने सोमवार को पीएम मोदी को सलाह दी कि वह कच्चातिवु मुद्दे के बजाय भारतीय क्षेत्र पर चीनी कब्जे पर बोलें। चिदंबरम को इस बात पर आश्चर्य हो रहा है कि मोदी उस मुद्दे को क्यों उठा रहे हैं जिसे 1974 में ही सुलझा लिया गया था। 1974 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा की सरकार ने श्रीलंका के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने और वहां के लाखों तमिलों की मदद करने के लिए कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया और बदले में छह लाख तमिलों को भारत आने की इजाजत दी गई।

# चीन ने अरुणाचल के 30 शहरों के नाम बदले

बीजिंग, एजेंसी

• भारत ने जताई आपत्ति, नाम बदलने से वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं होगा

चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। एक बार फिर चीन ने नापाक हरकत की है। चीन ने अरुणाचल प्रदेश में विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की चौथी लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में चीन ने अरुणचाल प्रदेश की 30 जगहों के नाम बदले हैं।

हालांकि, भारत ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने की बात को खारिज किया है। भारत ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश देश का अभिन्न हिस्सा है और उसका नाम बदल देने से इस वास्तविकता में कोई बदलाव नहीं आएगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ये आदेश 1 मई से लागू करने के लिए अनुच्छेद 13 में प्रावधान किया गया है। इसमें कहा गया है कि चीन के क्षेत्रीय दावों और संप्रभुता के अधिकारों को नुकसान पहुंचाने वाली विदेशी भाषाओं में नामों को बिना प्राधिकरण सीधे उद्धृत या अनुवाद नहीं किया जाएगा। बता दें कि चीन अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा ठोकता है और उसे जांगनान कहता है। साथ ही वह अरुणाचल प्रदेश को तिब्बती क्षेत्र बताया है। चीनी ने पहली लिस्ट 2017 में जारी की थी। इसके बाद 15 स्थानों की दूसरी लिस्ट 2021 में जारी की गई। हालांकि, तीसरी बार साल 2023 में 11 स्थानों के नामों की लिस्ट जारी की गई थी। अब चीन ने चौथी लिस्ट जारी की है।

### पन्नू मामले से भारत के भी सुरक्षा हित जुड़े: जयशंकर

नई दिल्ली। खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू मामले पर जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पन्नू की हत्या की साजिश में एक सरकारी अधिकारी की कथित संलिप्तता की जांच में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा हित जुड़े हुए हैं। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी के बयान पर जयशंकर ने कहा कि हम इसकी जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राजदूत वही कहेंगे, जो उन्हें लगता है या उनकी सरकार की सोच है। एरिक गार्सेटी ने कहा था कि किसी दूसरे देश के नागरिक की हत्या के प्रयास में एक सरकारी अधिकारी की संलिप्तता अस्वीकार्य है। जयशंकर ने एरिक गार्सेटी के बयान पर कहा कि मेरी सरकार की स्थिति यह है कि इस मामले में हमें कुछ सूचना मुहैया कराई गई है, जिसकी हम जांच कर रहे हैं।

# भारत में वीजा प्रतीक्षा समय को कम करेगा अमेरिका : एरिक गार्सेटी



नई दिल्ली। अक्सर देखा गया है कि भारतीयों को अमेरिका के वीजा के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। इस मामले में अमेरिका के राष्ट्रपति का नया आदेश राहत देने वाला है। बाइडन ने आदेश दिया है कि अमेरिका भारत में वीजा प्रतीक्षा समय को कम करेगा।

भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा- वीजा नियुक्तियों और प्रतीक्षा समय पर राष्ट्रपति जो बाइडन ने उन्हें भारत में वीजा के लिए प्रतीक्षा समय को कम करने का आदेश दिया है। यह पहला उदाहरण है जब अमेरिका द्वारा किसी भी देश में इस बात पर गौर करने के लिए कहा गया है। गार्सेटी ने यह भी कहा कि ग्रीन कार्ड बैकलॉग का मुद्दा भी एक बड़ी समस्या है और जल्द ही इसका भी समाधान हो जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि कई वीजा मामलों देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, इस आदेश से प्रतीक्षा समय में 75 प्रतिशत की कमी आएगी।

## शिव मंदिर तुंगनाथ...



रुद्रप्रयाग : उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग जिले के चोपटा में 12,110 फीट की ऊंचाई पर स्थित शिव मंदिर तुंगनाथ है। मंदिर के कपाट 14 मई तक बंद हैं। रास्ते में बर्फ के पहाड़ हैं। आधा रास्ता बर्फ से ढंका है। फिर भी हर रोज करीब 3000 लोग दर्शन करने पहुंच रहे हैं। तुंगनाथ मंदिर पंच-केदार में से एक है, जिनमें केदारनाथ, मध्य महेश्वर, रुद्रनाथ, कल्पेश्वर और तुंगनाथ शामिल हैं। रास्ता बंद है फिर भी लोग यहां पहुंच रहे हैं। • एजेंसी

# अमेरिका में भाजपा समर्थकों ने निकाली कार रैली, 20 शहरों से तीन सौ लोगों ने लिया हिस्सा

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी-यूएसए) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के समर्थन में 20 अलग-अलग शहरों में कार रैलियां निकाली। उन्होंने भारत के लोगों से आगामी चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए को 400 से अधिक सीट दिलाकर भारी बहुमत से विजयी बनाने का आग्रह किया।

ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा, अमेरिका में भारतीय समुदाय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा और एनडीए को 400 से अधिक सीट पर जीतता देखने के लिए बहुत उत्साहित है। मैंने भारतीय-अमेरिकी प्रवासियों में ऐसा उत्साह इससे पहले कभी नहीं देखा था। ओएफबीजेपी-यूएसए के राष्ट्रीय महासचिव वासुदेव पटेल ने कहा, "ओएफबीजेपी द्वारा पूर्वी तट से पश्चिमी तट और उत्तर से दक्षिण तक लगभग 20 शहरों में आयोजित कार रैलियों में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है। अमेरिका की राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में सिख समुदाय के लोगों ने भी पीएम मोदी के समर्थन में कार रैली निकाली।

# इमरान और पत्नी बुशरा की 14 साल की सजा निलंबित

इस्लामाबाद, एजेंसी



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना मामले में बड़ी राहत मिली है। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने सोमवार को मामले में इमरान और बुशरा की 14 साल की जेल की सजा को निलंबित कर दिया है।

हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक ने कहा कि सजा के खिलाफ अपील की सुनवाई ईद की छुट्टियों के बाद तय की जाएगी। देश में आम चुनाव से कुछ दिन पहले तोशाखाना से मिले सरकारी उपहारों में कथित भ्रष्टाचार के लिए जवाबदेही अदालत ने 31 जनवरी को दोनों को 14-14 साल जेल की सजा सुनाई थी। दोनों ने सजा को इस्लामाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक के नेतृत्व वाली दो सदस्यीय पीठ ने मामले की सुनवाई की। सुनवाई के बाद सोमवार को कोर्ट ने मामले में दंपती की सजा को निलंबित कर दिया। कोर्ट ने उन्हें जमानत देकर अस्थाई राहत भी दी। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि सजा को रद करने और अपराध से बरी करने की अपील पर सुनवाई ईद की छुट्टियों के बाद की जाएगी।

# अफगानिस्तान में बारूदी सुरंग में धमाका नौ बच्चों की मौत

इस्लामाबाद। पूर्वी अफगानिस्तान में बच्चों को मिली एक पुरानी बारूदी सुरंग में खलेने के दौरान बड़ा धमाका हुआ, जिसमें नौ बच्चों की जान चली गई। गजनी में तालिबान के सूचना और संस्कृति विभाग के निदेशक हमीदुल्ला निसार ने कहा कि बच्चों को गजनी प्रांत के गेरो जिले में अपने गांव के पास जो खदान मिली, वह दशकों पुरानी थी।

उन्होंने कहा कि रविवार को हुए विस्फोट में पांच लड़कों और चार लड़कियों की मौत हो गई, जिनकी उम्र 5 से 10 साल थी। अफगानिस्तान कई दशकों से युद्ध से पीड़ित चल रहा है और उन बच्चों के लिए बेहद खतरनाक बना हुआ है जो अपने परिवारों के भरण-पोषण करने के लिए स्क्रैप धातु इकट्ठा करते हैं।

# आतंक का गढ़ बना पाक, 3 माह में 245 हमले, 432 की मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी

• सीआरएसएस रिपोर्ट में हुआ खुलासा, बलूचिस्तान का बुरा हाल

पाकिस्तान में आतंकवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज (सीआरएसएस) की ताजा रिपोर्ट में 2024 की पहली तिमाही में आतंकवादी हमलों और आतंकवाद विरोधी अभियानों की कुल 245 घटनाएं हुई। इन हमलों और अभियानों में 432 लोगों की मौत हुई और 370 लोग घायल हो गए। सिर्फ तीन महीनों के भीतर 432 लोगों की मौत का ये आंकड़ा बताता है कि पाकिस्तान आतंकवाद का गढ़ बन चुका है। खासतौर पर खैबर पख्तूनख्वा और अफगानिस्तान की सीमा से लगे बलूचिस्तान प्रांतों में बुरा हाल है। इन इलाकों में तीन महीनों में 90 प्रतिशत से ज्यादा मौतें हुई और 86 प्रतिशत हमले हुए। रिपोर्ट बताती है कि इन जगहों के मुकाबले पाकिस्तान के बाकी क्षेत्रों में माहौल अपेक्षाकृत शांत रहा।

### सुरक्षा बलों पर फिर हुआ हमला, दो की मौत

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों पर हमला थम नहीं रहा है। बंदरगाह शहर ग्वादर जिले के अंकारा बांध क्षेत्र में रविवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने बम निरोधी दस्ते पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिसमें दो सैनिकों की मौत हो गई, जबकि अन्य चार घायल हो गए। अभी तक किसी समूह ने जिम्मेदारी नहीं ली है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, घटना उस समय हुई जब बम निरोधी दस्ता बारूदी सुरंगों को हटाने में लगा था। ग्वादर के एसएसपी मोहसिन जोहैब ने कहा कि घटना ग्वादर शहर से 25 किलोमीटर दूर हुई है। घायल सैनिकों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुरक्षा बलों ने हमलावरों की खोज में अभियान चलाया है।

विज्ञान | 96पी/माचोल्ज रखा नए धूमकेतु का नाम, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने किया खुलासा

# 'सोहो' ने बनाया नया कीर्तिमान, 5 हजार धूमकेतु खोजे

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की अंतरिक्ष दूरबीन सोहो ने पांच हजार धूमकेतुओं की खोज करने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। नए धूमकेतु का नाम 96पी/माचोल्ज रखा गया है। धूमकेतु हमारे सौरमण्डल के दूर सदस्यों में स्थान रखते हैं।

नासा के अनुसार धूमकेतुओं की खोज में डॉन माचोल्ज का बड़ा नाम है। जिन्होंने अपने जीवन में दर्जनभर धूमकेतुओं की खोज की थी। जिस कारण नए धूमकेतु का नाम माचोल्ज़ के नाम पर रखा गया है। 2022 में उनकी मृत्यु हुई थी। धूमकेतुओ की खोज में उनकी दिलचस्पी वैज्ञानिकों को प्रेरणा देती है।



धूमकेतु

सोहो अंतरिक्ष यान ने 29 मार्च को इसकी खोज की है। सोहो नासा व ईसा का संयुक्त मिशन है। जिसे दिसंबर, 1995 में लॉन्च में लॉन्च किया गया था। यह अंतरिक्ष यान 28 साल व 3 माह का सफर पूरा कर चुका है।

इस यान को सूरज की निगरानी के लिए पृथ्वी से 15 लाख किमी की दूरी पर स्थापित किया गया था। धूमकेतु ग्रहों की तरह सूर्य की परिक्रमा करते हैं। सूर्य के निकटतम बिंदु (पेरीहेलियन) के बेहद करीब से गुजरते हैं, तो कभी-कभी सूर्य की सतह से कुछ हज़ार किलोमीटर के भीतर पहुच जाते हैं।

इनमें कुछ वाष्पीकृत हो जाते हैं। जो सूर्य के नजदीक पहुचने पर आसानी से इनकी पहचान कर लेता है। खोजा गया नया धूमकेतु बर्फ और चट्टान का एक छोटा पिंड है जो हर कुछ वर्षों में सूर्य की परिक्रमा करता है। यह धूमकेतुओं के मार्सडेन समूह से संबंध रखता है।

### भविष्य में विश्व को जानकारी देगा आदित्य-एल 1 मिशन

अमेरिकी व यूरोपियन स्पेस एजेंसी नासा व ईसा का संयुक्त मिशन सोहो का सफर अधिक समय तक रहने वाला नहीं है। इसकी जगह इसरो का आदित्य एल 1 लेगा। आदित्य सोहो की तरह सूर्य की 24 घंटे निगरानी करेगा। फिलहाल उसने सूर्य पर होने वाली गतिविधियों पर नजर रखनी शुरू कर दी है। साथ ही सूर्य के करीब पहुंचने वाले पिंडों को भी देख सकेगा। भविष्य में इस भारतीय मिशन पर दुनिया के सभी देश निर्भर रहेंगे। यह सूर्य की प्रत्येक गतिविधि का आंकड़ा दुनिया को देगा।

# बीच सड़क पर इफ्तार पार्टी से लगा जाम, ईसी ने भेजा नोटिस

मंगलुरु, एजेंसी

• कर्नाटक के मिड-स्ट्रीट इफ्तार पार्टी के आयोजकों पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप

भारत निर्वाचन आयोग ने 'मिड-स्ट्रीट इफ्तार पार्टी' के आयोजकों को नोटिस जारी किया है। दरअसल, 30 मार्च को इफ्तार पार्टी के दौरान राजमार्ग का 200 मीटर से अधिक का हिस्सा दोपहर 2 बजे तक 4 घंटे से अधिक समय तक अवरुद्ध रहा।

इफ्तार पार्टी का आयोजन उल्लाल तालुक में राज्य राजमार्ग पर मुदिपु जंक्शन पर किया गया था। यह दक्षिण कन्नड़ जिले के नए आईटी केंद्र की ओर जाने वाला एक व्यस्त चौराहा है। कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल होने के बाद ईसीआई ने इस पर संज्ञान लिया। ईसीआई ने चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए रविवार को एक नोटिस जारी किया है। यह नोटिस 'ऑटो राजाकनमार इफ्तार' कार्यक्रम के



मुख्य आयोजक अबुबकर सिद्दीकी को भेजा गया है। इस इफ्तार पार्टी के कारण सड़क के एक तरफ यातायात को प्रतिबंधित कर दिया था, जिससे व्यस्त समय के दौरान मोटर चालकों और पैदल यात्रियों के लिए 4 घंटे से अधिक समय तक चलना मुश्किल हो गया। उल्लाल तालुक के सभी रिक्शा चालकों ने इस इफ्तार सभा का आयोजन किया था जिसमें व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया था।